जबलपुर
गुरुवार, 1 मई 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-5
■ वर्ष : 20, अंक : 1
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 41
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने जारी किया नया वीडियो

# लॉक्ड, लोडेड और रेडी



देश में एलओसी से लेकर दिल्ली तक इस वक्त हलचल तेज है। दिल्ली में आज बहुत बड़े फैसले का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फुल एक्शन में हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को सीसीएस समेत 4 मीटिंग की। भारत सरकार के फैसले से पहले इंडियन आर्मी ने नया वीडियो जारी किया है।

### पाकिस्तान में खौफ का माहौल

*उधर, पाकिस्तान की टेंशन बढ़ती जा रही है। इस्लामाबाद में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत 24 घंटे के अंदर उसपर हमला कर सकता है। भारत के संभावित हमले से बौखलाया पाकिस्तान सरहद पर अंधाधुन फायरिंग कर रहा है।*

### सीमा से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाएगी पंजाब सरकार

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पंजाब सरकार ने इंटरनेशनल बॉर्डर से सटे अपने इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने का फैसला किया है। पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि वह राज्य के पाकिस्तानी से सटे इलाकों में एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात करने जा रही है। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा साजिश के तहत भेजे जानी वाले हथियारों और ड्रग्स पर नकेल कसी जा सकेगी। पंजाब सरकार ने कहा कि उनके द्वारा जो एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा, वह पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराएगा।

## पहलगाम हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव

# रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पाकिस्तान के साथ भारत के तनाव के बीच भारत ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

इसमें पूर्व पश्चिमी वायु कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मॉन्टी खन्ना सैन्य सेवाओं से रिटायर्ड अधिकारी को शामिल किया गया हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी. वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त आईएफएस हैं।

बोर्ड में छह और सदस्यों को भी शामिल किया गया, पीएम मोदी द्वारा उनके आवास पर बुलाई गई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में ये फैसला लिया गया

**बोर्ड में सैन्य, पुलिस और कूटनीतिक विशेषज्ञ शामिल**

**माना जा रहा है कि पहलगाम पर पलटवार का फाइनल ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका**



### कौन हैं आलोक जोशी?

आलोक जोशी भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया मामलों में गहरी विशेषज्ञता हासिल है। आलोक जोशी ने 2012 से 2014 तक रॉ के प्रमुख के रूप में कार्य किया और अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों का नेतृत्व किया। वह एक अनुभवी खुफिया अधिकारी हैं, जिन्होंने भारत की सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।

### क्या है एनएसएबी?

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी) में सरकार के बाहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं, जिसमें मुख्य कार्य राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को एक विश्लेषण प्रदान करना तथा उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के लिए समाधान और नीति विकल्पों की सिफारिश करना है।


### पहलगाम हमले के बाद हाई लेवल मीटिंग

घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई। इसके बाद राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए), आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक हुई। एक पूर्ण कैबिनेट की बैठक हुई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले



**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। अब छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10:30 बजे के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की गई।

### सीआईएससीई 10वीं 12वीं का रिजल्ट घोषित



**नई दिल्ली।** सीआईएससीई ने बुधवार को आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। आईसीएसई में 99.09% पास प्रतिशत रहा, वहीं आईएससी का पास प्रतिशत 99.02% रहा। आईसीएसई परीक्षा के लिए 252,557 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं आईएससी परीक्षा में 99,551 छात्र उपस्थित हुए थे।

### सतना गोलीकांड में टीआई लाइन अटैच



**सतना।** जिले में प्रधान आरक्षक को गोली मारने की सनसनीखेज वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है। इस मामले में सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने जैतवारा थाना प्रभारी विजय सिंह को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। वहीं आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। 28-29 अप्रैल की रात जैतवारा थाने के बैरक में यह घटना हुई थी।

## राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया बड़ा फैसला

# जाति जनगणना कराएगी मोदी सरकार, किस बिरादरी के कितने लोग आएगा 'आंकड़ा'

जाति जनगणना को लेकर सरकार ने विपक्ष पर साधा निशाना कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का ऐलान कर दिया है।



यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसके बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की।

*यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी।*



### प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होती है जनगणना

जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी, लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान भी नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे।

### क्यों अहम है जनगणना?

जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है।

### पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी

*भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।*

### सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकारः अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित सीसीपीए की बैठक में आगामी जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है।

### सरकार को कांग्रेस का सपोर्ट राहुल गांधी ने उठाईं चार मांगें



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार के फैसले का स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कुछ अहम मांगें भी सरकार के समक्ष रखीं। उन्होंने ने कहा कि जातिगत आंकड़ों के धार पर 50 फीसदी आरक्षण की वर्तमान संवैधानिक सीमा को हटाना जरूरी होगा ताकि न्यायसंगत हिस्सेदारी सुनिश्चित की जा सके।

## आंध्र प्रदेश में बड़ा हादसा

# नरसिम्हा स्वामी मंदिर की दीवार गिरी, 8 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री वरहलक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में चंदनोत्सवम उत्सव के दौरान बुधवार सुबह एक अस्थायी ढांचे का 20 फुट लंबा हिस्सा ढह जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ और एफडीआरएफ की टीमें तलाशी और बचाव अभियान जुट गईं। एसडीआरएफ के एक जवान के ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 2.30 बजे हुई। जिस समय दीवार गिरी उस दौरान भारी बारिश हो रही थी। आंध्र प्रदेश की गृह एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वांगलापुडी अनिता भी मौके पर पहुंचीं। अनिता ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश हो रही थी। सभी सावधानियां बरती गई थीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम घटना की जांच कर रहे हैं। फिलहाल, हमें जानकारी मिली है कि करीब 8 लोगों की मौत हुई है। सारा मलबा हटा दिया गया है। बचाव कार्य पूरा हो चुका है।

**घटना के वक्त हो रही थी भारी बारिश**

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

पीएम मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे में श्रद्धालुओं की दुखद मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के मूल स्वरूप के दर्शन के लिए एकत्र हुए थे। आधी रात को भारी बारिश के कारण एक दीवार गिर गई, जिससे दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से कई लोगों की जान चली गई।

## सीएम व कमलनाथ ने जताया शोक

### भाजपा नेता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** प्रदेश भाजपा के बेहद मिलनसार, व्यवहार कुशल और सक्रिय प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से अचानक निधन हो गया। मंगलवार की रात वे एक शादी समारोह में हिस्सा लेने सीहोर आए थे। अचानक उन्हें अपनी तबीयत ठीक नहीं लगी तो अपने परिवार व मित्रों के साथ वे रात में ही वापस इंदौर लौट गए। उनकी पत्नी ने डॉक्टर को दिखाने कहा तो बोले की एसिडिटी की शिकायत है, गोली खाली ली है ठीक हो जाएगा।



■ बेटी के आने के बाद होगा अंतिम संस्कार

## भारत के अमीरों की दौलत में बढ़ोतरी

### 100 बिलियन डॉलर क्लब में अंबानी की हुई वापसी

**नई दिल्ली।** मिड-मार्च में विदेशी निवेशकों द्वारा नए सिरे से निवेश और ग्लोबल ट्रेड टेंशन के कम होने के चलते, भारतीय अरबपतियों की कुल नेटवर्थ में जमकर इजाफा हुआ है। एक बार फिर देश के सबसे रईस शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है और उन्हें दुनिया के 100 बिलियन डॉलर क्लब में एंट्री मिल गई है। ब्लूमबर्ग डेटा के मुताबिक, इस अवधि में मुकेश अंबानी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है ।




■ अडानी की नेट वर्थ में भी बड़ा उछाल

## मप्र के चीता प्रोजेक्ट का होगा विस्तार

### अब बनेगा 17 हजार वर्ग किमी का चीता कॉरिडोर

**भोपाल।** शिवपुरी कूनों से शुरू हुआ प्रोजेक्ट चीता अब राजस्थान तक फैलेगा। दोनों राज्यों के बीच चीता कॉरिडोर बनाने पर सहमति बन रही है। यह कॉरिडोर 17 हजार वर्गकिमी लंबा होगा। इस कॉरिडोर में चीते खुले में घूम सकेंगे। मंगलवार को जयपुर आए सीएम मोहन यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट पर एमपी अच्छा काम कर रहा है। लेकिन अब राजस्थान के साथ जुड़कर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जाएगा। सीएम यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश ने दो चीता अभयारण्य शुरू किए हैं।



■ सीएम ने बताया दुनिया का अनूठा प्रोजेक्ट


## गिद्ध संरक्षण और संवर्धन प्रोग्राम का दिखा असर


# खिवनी अभयारण्य में मिला सफेद गिद्ध का एक 'जोड़ा'

घोंसले में गिद्ध के अंडे होने का भी अनुमान

जुगल किशोर पटेल ▶▶ सीहोर

सीहोर गिद्ध प्रजाति के पक्षी कभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में देखे जाते थे लेकिन बीते कुछ वर्षो से गिद्ध की प्रजाति लुप्त जैसी स्थिति में पहुंच गई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब गिद्ध दिखाई नहीं पड़ते। जंगलों में ही इनका अस्तित्व बचा हुआ है। गिद्धों को बचाने के प्रयास सरकार कर रही है। इसके लिए गिद्ध संरक्षण और संवर्धन प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। देवास जिले में स्थित खिवनी वन्य जीव अभ्यारण में एक दिवसीय गिद्ध गणना की गई।





### पक्षियों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी

खास बात यह है कि वर्ष 1990 के बाद गिद्ध प्रजाति के पक्षियों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। इस दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध जोड़े के मिलने से संभावनाए प्रबल हुई है कि आगामी वर्षो में इन दुलर्भ गिद्धों की संख्या में बढोतरी होगी। वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के रेंजर भीम सिंह सिसोदिया ने बताया कि साल में दो बार गिद्ध गणना की जाती है एक तो सर्दियों में गणना होती है। जिसमें कई बार प्रवासी गिद्ध भी गणना में आ जाते हैं।

## सागर संभाग के कई जिलों से वर-वधू सम्मेलन में आए

# गढ़ाकोटा में 3 हजार जोड़ों का सामूहिक विवाह आज, मेहंदी और हल्दी की हुई रस्म

**सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

गढ़ाकोटा में 23वां पुण्य विवाह सम्मेलन 1 मई गुरुवार को होना है। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में करीब 3 हजार जोड़े शामिल होंगे। सागर जिले के साथ ही संभाग के दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह, निवाड़ी और छतरपुर जिले के वर-वधु भी पहुंचेंगे। सम्मेलन को लेकर स्टेडियम में तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। विवाह सम्मेलन कार्यक्रम के चलते शादी से एक दिन पहले दुल्हनों की मेहंदी और हल्दी की रस्म आयोजित की गई।



### वर-वधू को दिए जाएंगे उपहार

सम्मेलन में विवाह करने वाले वर-वधू को 49 हजार रुपए की राशि के साथ ही 51 बर्तन, वर-वधु को शगुन के पकड़े, एक हॉटपॉट, बैग, दीवार घड़ी, 80 ग्राम वजन के गोल्ड प्लेटेड गहने (चूड़ी, मंगलसूत्र) समेत टीका की राशि भेंट स्वरूप दी जाएगी। दूल्हों की बारात घोड़ों पर निकाली जाएगी।

## भगवान परशुराम जयंती पर महू में हुआ परशुराम प्रकटोत्सव, सीएम का ऐलान

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में बनेगा परशुराम धाम

भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे।



### धर्म और संस्कृति को पल्लवित कर रही प्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो पर आधारित है। प्रदेश में सनातन संस्कृति के विकास के लिए राज्य सरकार ने गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य सरकार धर्म और संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करते हुए आगे बढ़ रही है। गरीब, अन्नदाता (किसान), युवा और नारी कल्याण के लिए 4 मिशन शुरू किए गए हैं। किसानों की समृद्धि के लिए प्रदेश में एक-एक खेत तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। मप्र में 2 वृहद नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल की शुरुआत हो चुकी है। अब बुंदेलखंड, चंबल, निमाड़ और मालवा के कई जिलों के किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा।



# चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले, तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए देवभूमि तैयार,सीएम धामी ने कहा रहेगी कड़ी निगरानी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से चारधाम यात्रा 2025 शुरू हो गई, 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे और 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे, इसके लिए मंदिरों को सजाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंडवासियों के लिए बुधवार का दिन किसी महोत्सव से कम नहीं है, आज से चारधाम यात्रा की शुरुआत हो गई जिसका इन्तजार उन्हें पूरे साल रहता है, अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलते ही यात्रा शुरू हो गई, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के बाद गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन किए और उनकी पूजा अर्चना की, उन्होंने कहा तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए देवभूमि तैयार है।

**2** को केदारनाथ और **4** मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे



**कपाट खुलते ही गूंजे जयकारे**

विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं दर्शन के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। कपाट खुलते ही पूरा गंगोत्री धाम परिसर माँ गंगे के जयकारों से गूंज उठा।

***श्रद्धालु छह माह तक गंगोत्री धाम पहुंचकर माँ गंगा के दर्शन करेंगे***

### सीएम धामी ने पहली पूजा पीएम मोदी के नाम से की



गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद दर्शनों के लिए पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष पूजा अर्चना की उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की, कपाट खुलने के पल को उत्सव के रूप में मनाया जाता है इसके लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की फूलों से सजाया गया, पहाड़ों पर खासी चहल-पहल है। जिसके कारण यात्रा रूट के होटल व अन्य व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए हैं। उत्तरकाशी व बड़कोट से लेकर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम तक गंगा-यमुना की जय-जयकार गूंज रही है।

### ये रहा शुभ मुहूर्त

गंगोत्री धाम के कपाट शुभ मुहूर्त 10:30 बजे खोले जाने के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट शुभ मुहूर्त के अनुसार 11:55 बजे खोले गए , बता दें केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को शुभ मुहूर्त में सुबह 7 बजे खोले जायेंगे और बद्रीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त में 4 मई को सुबह 6 बजे खोले जायेंगे, कपाट खुलने के बाद यात्री चारधामों के दर्शन कर सकेंगे।

### देवभूमि श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार

गंगोत्री धाम पर कपाट खुलने के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा यात्रा का शुभारंभ हो गया है मैं सभी का स्वागत करता हूँ, उन्होंने कहा जैसे पूरे देशवासियों को इस यात्रा का इंतजार रहता है वैसे ही उत्तराखंड की पवित्र देवभूमि को भी श्रद्धालुओं का इन्तजार रहता है। उन्होंने कहा यात्रा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, यात्रा सुरक्षित हो, सुगम रहे, बिना किसी परेशानी के हो, ये हमारा प्रयास है।


## खबर संक्षेप

### जजों के खिलाफ जांच पर सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस आदेश पर जुलाई में सुनवाई करने का फैसला किया है, जिसमें हाई कोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस. ओका की विशेष पीठ ने कहा कि मामले को किसी और पीठ के समक्ष भेजा जाएगा।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में 'सुप्रीम' रोक



**नई दिल्ली।** केरल सीएम पी विजयन के पूर्व मुख्य सचिव केएम अब्राहम के खिलाफ अब सीबीआई जांच नहीं होगी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच शुरू करने के सीबीआई को निर्देश देने वाले केरल हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।

### दो लाख में बेच रहे थे 10 लाख रुपए, पकड़े गए



**जोधपुर।** यहां असली दो लाख रुपए में दस लाख रुपए की गड्डी बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। पुलिस ने मंडोर कृषि उपज मंडी में कार्रवाई की। नकली नोटों के साथ नागौर के रहने वाले दो बदमाशों को हिरासत में लिया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग की एक्टिवटी पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी।

### छह करोड़ से अधिक की मेथाम गोली हुई जब्त



**आइजोल।** पुलिस ने मादक पदार्थ से संबंधित बड़ी कार्रवाई में 6.17 करोड़ मूल्य की मेथाम फेटामाइन गोली जब्त की हैं और इस में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के बयान के अनुसार, जब्त की गई नशे की गोलियां म्यांमा से तस्करी कर लाई गई थीं।

### केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना के फैसले के बाद बोले विपक्षी दल

# विपक्ष के 'हाथ से फिसला' जातिगत गणना का मुद्दा, बोले- हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के विरोधी दल लंबे समय से केंद्र की मोदी सरकार को जातिगत आधारित जनगणना कराने को लेकर घेरने का प्रयास कर रहे थे। केंद्र ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लेकर एक झटके में विपक्ष का यह मुद्दा खत्म कर दिया। अब तमाम विपक्षी नेता अलग अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कांग्रेस जाति जनगणना को लेकर काफी मुखर थी। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों ने सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है, और पूछा है कि कहीं ये हेडलाइन मैनेजमेंट तो नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है कि सरकार तो राहुल गांधी पर समाज को जातियों में बांटने का आरोप लगा रही थी, तो क्या सरकार अब समाज को जातियों में बांटेगी? उन्होंने कहा कि जो आजतक राहुल गांधी पर जातियों में बांटने का आरोप लगा रहे थे, अब वे ही इसे सरकार का मास्टरस्ट्रोक बताएंगे। केंद्र के फैसले पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव की भी प्रतिक्रिया आई है। उनका कहना है, हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं, उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है। अभी बहुत कुछ बाकी है।

लालू प्रसाद यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में बड़ा ही संतुलित जवाब देने की कोशिश की है। उन्होंने जातिगत गणना के फैसले पर कहा कि हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, के अलावा धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले से सोचते रहे हैं, उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं।

**कांग्रेस की मांग को भाजपा ने बताया ढोंग**

### विपक्ष में मची हलचल, बना रहे नई रणनीति

फिर भी विपक्ष घेरने की कोशिश कर रहा है एनडीए में दिखा उत्साह







### जदयू ने फैसले का किया स्वागत

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने जाति जनगणना के सरकार के फैसले पर कहा कि एनडीए की केंद्र की सरकार ने देश में जातीय जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य कदम है। आप सभी जानते हैं कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने या हमारी पार्टी में लंबे समय से इस मांग को विभिन्न प्लेटफार्म पर उठाया है। चाहे वह विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाना हो, सर्वदलीय सहमति बनानी हो, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री तक अपनी बात पहुंचनी हो।

### फैसले पर किसने क्या कहा

- चिराग पासवान- देशहित में अहम फैसला लिया गया है। यह फैसला समावेशी विकास के लिए लिया गया है।
- लालू यादव- हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है।
- केशव मौर्य- कांग्रेस के मुंह पर करारा तमाचा है। कांग्रेस केवल कहती है मोदी सरकार करती है। कांग्रेस पार्टी केवल ढोंग कर रही थी।
- तेजस्वी यादव- यह फैसला हमारी जीत है। हमारी बात सरकार को माननी पड़ी।
- कांग्रेस नेता उदित राज- यह कांग्रेस की जीत है। आखिरकार मोदी सरकार को जाति जनगणना करानी पड़ रही है।
- केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय- जाति जनगणना का फैसला दर्शाता है कि सरकार देश और समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### इसलिए महत्वपूर्ण है जातिगत गणना

जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। इससे न सिर्फ जनसंख्या बल्कि जनसांख्यिकी, आर्थिक स्थिति कई अहम पहलुओं का पता चलता है। विपक्षी कांग्रेस समेत तमाम सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे थे, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके।

### पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी

भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

### गन्ना किसानों के लिए खुशखबरी

# केंद्र ने गन्ने का दाम 355 रुपए प्रति क्विंटल किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के करोड़ों गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आगामी चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 355 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह दर 10.25% रिकवरी दर पर लागू होगी और किसानों को उनकी मेहनत का उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करेगी। इस फैसले से देशभर के लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों, उनके आश्रितों और चीनी उद्योग से जुड़े करीब 5 लाख श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह दर 10.25% की बेसिक रिकवरी रेट पर लागू होगी और हर 0.1% रिकवरी बढ़ने पर 3.46 रुपए प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि मिलेगी। वहीं, रिकवरी रेट घटने पर एफआरपी में प्रति 0.1% पर 3.46 रुपए की कटौती की जाएगी।

### भुगतान भी समय पर होगा

हालांकि, सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी फैसला लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5% से कम है, वहां कोई कटौती नहीं की जाएगी और ऐसे किसानों को न्यूनतम 329.05 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं 2025-26 सीजन के लिए गन्ने का उत्पादन लागत 173 रुपए प्रति क्विंटल आंका गया है। इसके मुकाबले 355 रुपये प्रति क्विंटल की एफआरपी 105.2% अधिक है, जिससे किसानों को दोगुने से भी अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है। यह दर वर्तमान चीनी सीजन 2024-25 की तुलना में 4.41% अधिक है।

### 1 अक्टूबर से शुरु होगा सीजन

यह एफआरपी 1 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले चीनी सीजन में लागू होगी और इसके तहत चीनी मिलें किसानों से गन्ना इसी दर पर खरीदेंगी। यह फैसला देशभर के लगभग 5 करोड़ गन्ना किसानों, उनके परिवारों और चीनी मिलों में काम करने वाले लगभग 5 लाख कर्मचारियों को लाभ पहुंचाएगा। इसके अलावा खेत मजदूरों और परिवहन जैसे सहायक क्षेत्रों में लगे लोगों की आजीविका पर भी इसका सकारात्मक असर होगा। एफआरपी तय करने में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों और राज्य सरकारों तथा अन्य हितधारकों से परामर्श को ध्यान में रखा गया।

### कोलकाता के होटल में आग लगी

## 15 की मौत, 22 को बचाया, पीएम ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है।

### वेव्स सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

## पीएम मोदी आज से महाराष्ट्र केरल और आंध्र प्रदेश दौरे पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 1 मई को मुंबई जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे केरल जाएंगे और 2 मई को सुबह करीब 10:30 बजे विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी आंध्र प्रदेश जाएंगे और दोपहर करीब 3:30 बजे अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में भारत के अपनी तरह के पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्स 2025' का उद्घाटन करेंगे।

### हनुमानगढ़ी में 288 साल पुरानी परंपरा बदली

# गद्दीनशीन महंत पहली बार बाहर निकले रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के गद्दीनशीन ने 288 साल पुरानी परंपरा बदल दी। पहली बार गद्दीनशीन महंत हनुमानगढ़ी से बाहर निकले। महंत प्रेमदास 8 साल से गद्दीनशीन हैं। इस अवधि में वह कभी भी बाहर नहीं आए। प्रेमदास ने रामलला के दर्शन की इच्छा जताई थी। कहा था- मेरे सपने में हनुमान जी आए थे। उन्होंने रामलला के दर्शन करने का आदेश दिया था। इसके बाद उन्होंने अखाड़े के सभी सदस्यों की 21 अप्रैल को बैठक बुलाई। इस बैठक में परंपरा बदलने के फैसले पर मुहर लगी।



### सौ साल से पुराना है हनुमान संविधान

संकट मोचन सेना के अध्यक्ष महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी संजय दास ने बताया- 288 साल (1737) से यह परंपरा है। ऐसा इसलिए है कि गद्दीनशीन सिर्फ हनुमान जी की सेवा करें। हनुमानगढ़ी का संविधान 1925 में लिखा गया, जो परंपराएं शुरू से चली आ रही थीं।

### 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी

संजय दास ने बताया- हनुमानगढ़ी का संविधान इतना सख्त हैं कि गद्दीनशीन को स्थानीय अदालतों में भी पेश होने से रोक दिया जाता था। वह कोर्ट में भी नहीं जा सकते थे, बल्कि 1980 के दशक में कोर्ट ही हनुमानगढ़ी में लगी थी। वहीं जज बैठे थे।

### घुसपैठियों के घरों को ध्वस्त करने का अभियान

# सवा लाख वर्ग मीटर जमीन कब्जे से मुक्त कराएगी सरकार: गृह राज्य मंत्री

एजेंसी ▶▶ अहमदबाद

नगर निगम और शहर की पुलिस ने मंगलवार को इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान शुरू किया। कुछ दिनों पहले ही जल निकाय के आसपास बनी बस्तियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया गया था। ध्वस्तीकरण अभियान की निगरानी कर रहे गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों ने शहर के दानी लिमडा क्षेत्र में झील के आसपास 1.25 लाख वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बस्ती बना ली है।

### 2 हजार मकान किए है चिन्हित



उन्होंने कहा कि हम अतिक्रमण हटाएंगे और सरकारी जमीन का एक-एक इंच हिस्सा वापस लेंगे। प्रशासन और पुलिस मानवीय दृष्टिकोण के साथ अभियान चला रहे हैं। लगभग 1.25 लाख वर्ग मीटर भूमि पर अवैध बांग्लादेशियों ने अतिक्रमण कर लिया है। पुलिस आयुक्त जीएस मलिक और नगर निगम आयुक्त बंछानिधि पाणि से ध्वस्तीकरण अभियान की जानकारी ली। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, 26 अप्रैल को चंदोला झील क्षेत्र में छापा मारा और लालू पठान उर्फ लल्लू बिहारी की मदद से क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 150 से अधिक बांग्लादेशी को हिरासत में लिया। उप नगर आयुक्त बी सी परमार ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित लगभग 2,000 मकान, झोपड़ियां और अन्य संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए चिह्नित किया गया है।

### पंजाब ने भाखड़ा नहर से मिलने वाले पानी में कटौती की

# हरियाणा में बढ़ा जल संकट: कंस्ट्रक्शन, सिंचाई वाशिंग स्टेशन पर रोक, टैंकर के रेट हुए तिगुने

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने भाखड़ा नहर से हरियाणा को मिलने वाले पानी में कटौती की है। साढ़े 8 हजार की जगह 4 हजार क्यूसिक पानी ही दिया जा रहा है। इसको लेकर अब टकराव बढ़ता जा रहा है। पानी का बंटवारा भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) करता है। हरियाणा ने बोर्ड से बीबीएमबी रूल्स 1974 की धारा 7 के तहत यह मामला केंद्र को भेजने की मांग की। जिसके बाद बीबीएमबी ने केंद्र सरकार को लेटर लिखा है। यह बोर्ड केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधीन है। जिसके मंत्री हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर हैं। इस लेटर पर फैसला भी वही लेंगे। खट्टर ने इसको लेकर कहा कि पंजाब सरकार राजधर्म नहीं निभा रही।

*साढ़े 8 हजार की जगह अब सिर्फ 4 हजार क्यूसिक पानी ही दिया जा रहा है*

### खट्टर बोले- पंजाब राजधर्म नहीं निभा रहा

### 4 सौ का टैंकर 12 सौ में मिल रहा है

भाखड़ा नहर में कटौती से हिसार और सिरसा में जलसंकट खड़ा हो गया है। हिसार में टैंकर माफिया एक्टिव हो गए हैं। 400 के टैंकर के 1200 रुपए वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा फतेहाबाद में सिंचाई पर रोक लगा दी गई है। जींद में निर्माण कार्य और वाशिंग स्टेशन बंद कर दिए गए हैं।

### रास्ते बंद कर देंगे: चौटाला



इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने चेतावनी दी कि अगर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी पंजाब नहीं देता है तो हमें मजबूर होकर पंजाब से हरियाणा होकर जाने वाले सभी रास्ते बंद करने पड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिलना चाहिए था, जो नहीं मिला है। पंजाब के सीएम को यह भी नहीं पता कि वो क्या बोल रहे हैं और ऐसी ओछी बातें करके हरियाणा और पंजाब के किसानों को लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

### दिल्ली में भी असर पड़ेगा: सीएम सैनी



इसी बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अगर हरियाणा में पानी कम आता है, तो दिल्ली में भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा-जब तक दिल्ली में आप की सरकार थी, तब तक दिल्ली जाने वाले पानी पर भगवंत मान की सरकार को कोई आपत्ति नहीं थी, अब सरकार नहीं है तो दिल्ली की जनता को सजा देने का काम किया जा रहा है।




मार्क कार्नी बने रहेंगे कनाडा के पीएम

# चुनाव में लहराया भारतवंशियों का परचम, पहली बार 65 में से 22 पंजाबी उम्मीदवार कनाडा की संसद में पहुंचे, यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या

एजेंसी ▶▶ ओटावा

मात्र डेढ़ माह के शासन में पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों के खिलाफ देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई और अपनी लिबरल पार्टी को चुनाव जिता दिया। इससे पहले पार्टी नेता जस्टिन ट्रूडो के विरुद्ध जनमानस ने पार्टी को हराने के संकेत जनमत संग्रह में दिए थे। लिबरल लगातार चौथी बार जीते हैं।



पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने कनाडा में हुए संघीय चुनाव में जबर्दस्त जीत हासिल की है। लिबरल पार्टी ने संसद में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें हासिल कर ली है। इस चुनाव में पंजाबियों ने बड़ी संख्या में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। इस बार 22 पंजाबी उम्मीदवार कनाडा की संसद में पहुंचे हैं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।

इस बार रिकॉर्ड 65 पंजाबी उम्मीदवार मैदान में थे। मात्र डेढ़ माह के शासन में पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों के खिलाफ देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई और अपनी लिबरल पार्टी को चुनाव जिता दिया। इससे पहले पार्टी नेता जस्टिन ट्रूडो के विरुद्ध जनमानस ने पार्टी को हराने के संकेत जनमत संग्रह में दिए थे। लिबरल लगातार चौथी बार जीते हैं। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे डेढ़ माह पहले तक जनमत संग्रह में आगे थे, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद उन्होंने हार स्वीकार ली है। वह अपनी ही सीट नहीं बचा पाए।

### महज तीन सीटों से पूर्ण बहुमत से चूके लेनी पड़ेगी छोटी पार्टियों की मदद

### 68.5% मतदाताओं ने मतदान किया जो 1993 के बाद से सर्वाधिक मतदान

## सुख धालीवाल छठी बार सांसद बने



*बीसी से सुख धालीवाल लगातार छठी बार सांसद बने हैं। ब्रैम्पटन सेंटर से लिबरल उम्मीदवार अमनदीप सोढ़ी ने तरण चहल को हराया। लिबरल उम्मीदवार मनिंदर सिद्धू ने ब्रैम्पटन ईस्ट से कंजर्वेटिव उम्मीदवार बॉब दोसांझ को हराया। लिबरल रूबी सहोता ने ब्रैम्पटन नॉर्थ से कंजर्वेटिव अमनदीप जज को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुखदीप कंग ने ब्रैम्पटन साउथ से लिबरल उम्मीदवार सोनिया सिद्धू को हराया। कंजर्वेटिव उम्मीदवार अमरजीत गिल ने ब्रैम्पटन वेस्ट से मौजूदा मंत्री कमल खेड़ा को हराया। लिबरल पार्टी के रणदीप सराय सरे से चौथी बार संसद बने हैं।*

### समय से पहले कराए गए चुनाव

वैसे तो कनाडा में आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2025 को चुनाव होने थे, लेकिन पीएम मार्क कार्नी ने पिछले महीने यह कह कर नए चुनाव का ऐलान किया था कि उन्हें ट्रंप से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहिए। 2015 से कनाडा के पीएम रहे जस्टिन ट्रूडो ने इस साल की शुरुआत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद मार्क कार्नी को नया पीएम चुना गया था। कनाडा में पीएम का कार्यकाल सामान्यतः 4 साल का और अधिकतम 5 साल का होता है, लेकिन बहुमत खो देने पर या फिर पीएम चाहे तो समय से पहले संसद भंग कर नए चुनाव का ऐलान कर सकते हैं। कार्नी ने ऐसा ही किया।

### लिबरल्स को 169 सीटें मिलीं

कनाडा आम चुनाव में मतदान के बाद मतगणना एजेंसी इलेक्शन कनाडा ने सभी मतपत्रों की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसमें मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी बहुमत से केवल तीन सीटें पीछे रह गई है। अब उन्हें अन्य छोटी पार्टी से मदद लेनी होगी। अभी तय नहीं है कि लिबरल पार्टी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो को समर्थन देने वाली एनडीपी या फिर फ्रेंच भाषी क्यूबेक की अलगाववादी पार्टी का साथ लेगी। संसद की 343 सीटों में से लिबरल्स को 169 सीटें, विपक्षी कंजर्वेटिव्स को 144 सीटें जीतने का अनुमान था। जबकि अलगाववादी ब्लॉक क्यूबेकॉइस पार्टी को 22 सीटें, प्रगतिशील न्यू डेमोक्रेट्स को सात और ग्रीन्स को एक सीट मिलने की उम्मीद थी। कुछ जिलों में पुनर्मतगणना की उम्मीद थी। चुनाव कनाडा ने कहा कि संघीय चुनाव में 68.5 प्रतिशत पात्र मतदाताओं ने मतदान किया। जो 1993 के बाद से सबसे अधिक मतदान है।

---

## खबर संक्षेप

### विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे पीएम

**मॉस्को।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना रूस दौरा स्थगित कर दिया है। पीएम 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को बताया कि पीएम मोदी अगले महीने मॉस्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल नहीं होंगे। 9 मई के कार्यक्रम में पीएम मोदी की जगह भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग कार्यक्रम में शामिल होंगे। मॉस्को में करीब 20 विदेशी नेताओं की मेजबानी की तैयारी चल रही है।

### गिरफ्तारी को गैरकानूनी बता कोर्ट पहुंचा चोकसी

**ब्रसेल्स।** पीएनबी घोटाले में मुख्यारोपी व भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अब उसकी गिरफ्तारी को बेल्जियम की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी है। उसका दावा है कि अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के साथ उसके मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन किया।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई से खौफ में पाकिस्तान


# सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को 'दांव' पर लगाया

पाक बोला- भारत एकतरफा सिंधु जल संधि को निलंबित नहीं कर सकता

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। हमले के जवाब में भारत ने कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। जिससे पाकिस्तान में खौफ का माहौल है। पाकिस्तान में इस बात को लेकर डर है कि भारत सैन्य अभियान भी चला सकता है। आतंकी के पनाहगार देश पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों और सेना के दबाव में भारत की ओर से सिंधु का जल नहीं मिलने पर 24 करोड़ लोगों के जीवन को दांव पर लग दिया है। अपनी करतूत को छुपाने के लिए पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में ऐसा ही बयान दिया है, जो उनकी बौखलाहट को साफ दिखाता है। सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए डार ने कहा कि हो सकता है कि भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को खत्म करने के लिए पहलगाम नाटक किया है। उन्होंने कहा कि भारत एकतरफा आईडब्ल्यूटी को निलंबित नहीं कर सकता है। अगर भारत पानी में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो हम इसे युद्ध की कार्रवाई मानेंगे क्योंकि यह 24 करोड़ लोगों के जीवन का मामला है।

पहलगाम की घटना में हमारा हाथ नहीं, स्वतंत्र आयोग से जांच के लिए तैयार



### भारत हमला करने वाला हैः तरार



पाकिस्तान के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पाकिस्तान के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत पहलगाम घटना में संलिप्तता के निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के बहाने अगले 24-36 घंटों में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का इरादा बना लिया है। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में कहीं भी इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में इसकी हमेशा निंदा की है। एक जिम्मेदार देश होने के नाते, पाकिस्तान ने विशेषज्ञों के एक तटस्थ आयोग द्वारा एक विश्वसनीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की पेशकश की, जिसका दिल से स्वागत किया गया।

### बेशर्म पाकिस्तान! अब कबूला

## टीआरएफ को हमने बचाया यूएनएससी से हटवाया नाम

*इशाक डार ने पाकिस्तानी संसद में इस बात को बेशर्मी के साथ कुबूल किया है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव से पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटवाया था। संसद में बोलते हुए इशाक डार ने कहा कि यूएनएससी की ओर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ा एक निंदा प्रस्ताव आया था और उसमें सिर्फ पहलगाम का जिक्र था, जम्मू-कश्मीर का नहीं। इस पर पाकिस्तान की ओर से आपत्ति जताई गई। बता दें, टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक आतंकी संगठन है जिसने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं, वॉशिंगटन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका 'कश्मीर की स्थिति के बारे में भारत और पाकिस्तान दोनों से संपर्क कर रहा है और उनसे तनाव नहीं बढ़ाने का अनुरोध कर रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो जल्द ही पाकिस्तान और भारत के विदेश मंत्रियों से बात करेंगे।*

### टैरिफ वार के बीच यूएस से अच्छे संकेत

## ट्रंप बोले- भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी तरह चल रही



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापार वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और जल्द ही दोनों देशों के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर जो 26% टैरिफ लगाया था, उस पर फिलहाल 90 दिनों की रोक लगाई गई है ताकि बातचीत का रास्ता खुला रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि मुझे लगता है हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां कुछ हफ्ते पहले आए थे और वे भी इस दिशा में इच्छुक हैं। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि समझौता तैयार हो चुका है और अब सिर्फ भारत की मंजूरी का इंतजार है।

### भारत ने सकारात्मक प्रगति बताया

इस समझौते के तहत दोनों देशों का लक्ष्य- नई नौकरियों का सृजन, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाना और श्रमिकों की समृद्धि सुनिश्चित करना है। भारत सरकार ने भी इस प्रक्रिया को 'सकारात्मक प्रगति बताया है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों ने 23 से 25 अप्रैल के बीच वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इससे पहले मार्च 2025 में भी नई दिल्ली में भी द्विपक्षीय चर्चा हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वांस पिछले हफ्ते भारत दौरे पर थे और उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों देशों के बीच 'द्विपक्षीय व्यापार समझौता' पर अच्छी प्रगति हुई।

### ब्रिटेन में बोले मंत्री पीयूष गोयल

## द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदारी में ठोस नतीजों की उम्मीद



एजेंसी ▶▶ लंदन

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को लंदन के लैंकेस्टर हाउस में आयोजित संयुक्त व्यापारिक स्वागत समारोह में भाग लेकर ब्रिटेन की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी की।

इस कार्यक्रम में गोयल के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के अलावा दोनों देशों के वरिष्ठ व्यापारिक नेता भी शामिल हुए। पीयूष गोयल ने कहा कि वे भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक साझेदारी में 'ठोस नतीजों' की उम्मीद कर रहे हैं। इसके बाद डाउनिंग स्ट्रीट में मंत्री गोयल की ब्रिटेन के व्यापार मंत्री रेनॉल्ड्स और चांसलर रेचल रीव्स के साथ बंद कमरे में बैठकें हुईं। इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

### गोलमेज बैठक को संबोधित किया

इससे पहले, उद्योग मंत्री गोयल ने भारत-ब्रिटेन व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख कारोबारी और कंपनियों के सीईओ मौजूद थे। गोलमेज बैठक में गोयल ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निवेश अवसरों और बेहतर दोतरफा साझेदारी के साथ नवाचार आधारित विकास की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने और निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई। गोयल का यह बयान सोमवार को ब्रिटेन के साथ सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं के साथ उनकी बातचीत के बाद आया है।

### भारत के फिनटेक तंत्र में अपार संभावनाएं

गोयल ने रिवोल्ट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में वैश्विक रुझानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए डी बीयर्स समूह के सीईओ कुक के साथ चर्चा की। गिल्बर्ट के साथ मुलाकात पर केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, भारत के फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र में अपार अवसरों, नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कारोबारियों के साथ साझेदारी के महत्व पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने कुक के साथ भारत में हीरा उद्योग के अवसरों और विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

### भारतीय टेक उद्यमी ने उठाया बड़ा कदम

## आत्महत्या से पहले पति ने पत्नी और बेटे को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के वॉशिंगटन के न्यूकैसल में बीते 24 अप्रैल को एक भारतीय टेक उद्यमी ने अपनी पत्नी और बच्चे को गोलीमार कर खुद आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान हर्षवर्धन एस किक्केरी (57), उनकी पत्नी श्वेता पन्याम (44) और उनके 14 वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। दंपति का एक बेटा बच गया, क्योंकि वह घटना के समय घर पर नहीं था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किक्केरी की ओर से उठाए गए इस प्रकार के आपराधिक कदम के पीछे की वजह क्या थी।



### रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे

बता दें, हर्षवर्धन एस किक्केरी मैसूर में मुख्यालय वाली रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे। उनकी पत्नी कंपनी की सह-संस्थापक थीं। किक्केरी और उनकी पत्नी ने 2017 में भारत लौटकर होलोवर्ल्ड की सह-स्थापना की, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी 2022 में बंद हो गई और वे अमेरिका लौट आए।

### बांग्लादेश उच्च न्यायालय का फैसला

## चिन्मय कृष्ण दास को जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के आरोप में करीब पांच महीने से जेल में बंद हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी ने कहा कि दो न्यायाधीशों की पीठ ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें (दास को) जमानत क्यों नहीं दी जानी चाहिए।



### 25 नवंबर से जेल में थे

बांग्लादेश के बंदरगाह शहर चटगांव की कोतवाली पुलिस ने 31 अक्टूबर को दास और 18 अन्य पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के पूर्व नेता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

### सीजफायर का उल्लंघन कर रहा पाकिस्तान

## भारत ने दी चेतावनी, हॉटलाइन पर महानिदेशकों की हुई बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस आतंकी घटना के बाद सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है।

अब भारत ने पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने कल हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की।



### भारतीय सेना ने उचित तरीके से दिया जवाब

भारतीय सेना के मुताबिक, 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और उचित तरीके से जवाब दिया।

### देरी से पहुंचे लोगों को नहीं मिली बॉर्डर पार जाने की अनुमति

786 पाकिस्तानी नागरिक लौटे

# भारत-पाक अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की तरफ से लिए गए फैसले के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बना अटारी बॉर्डर पूरी तरह से बंद हो गया है। मंगलवार (29 अप्रैल) शाम 5 बजे के बाद कोई पाकिस्तानी नागरिक इस बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान नहीं गया और अगले आदेश तक न जा सकेगा।

भारत से कुल कितने पाकिस्तानी अटारी के रास्ते वापस रवाना हुए हैं, इसका आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। लेकिन जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल से 29 तक लगभग 786 पाकिस्तानी वापस गए हैं।

## 23 अप्रैल को वीजा समाप्ति की घोषणा की थी पहले 27 अप्रैल और फिर 29 अप्रैल तक दी छूट



### पाक लौटने वाले पाक नागरिकों का विवरण

- 24 अप्रैल: 28
- 25 अप्रैल: 191
- 26 अप्रैल: 81
- 27 अप्रैल: 237
- 28 अप्रैल: 145
- 29 अप्रैल: 104

### दो बार सरकार बढ़ा चुकी छूट

पहलगाम में हुए हमले के बाद 23 अप्रैल को भारत सरकार ने सभी पाक नागरिकों का वीजा खत्म करते हुए उन्हें 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दे दिया था।

### भारत में रुकने वालों के खिलाफ कार्रवाई


केंद्र सरकार ने कहा है कि जो पाकिस्तानी तय समयसीमा में भारत नहीं छोड़ता है, तो उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है। 4 अप्रैल 2025 से लागू 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025' के मुताबिक वीजा की शर्तों का उल्लंघन या तय अवधि से ज्यादा भारत में रुकने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारत सरकार ने पहले लॉन्ग टर्म वीजा वाले हिंदुओं को देश में रुकने की इजाजत दी थी। बाद में सभी लॉन्ग टर्म वीजा धारकों को इसका लाभ दिया गया। लेकिन जो पाकिस्तान अपने रिश्तेदारों को मिलने गए थे, उन्हें वापस आने की अनुमति नहीं थी। भारत सरकार ने एलटीवी और नो ऑब्लिगेशन टू रिटर्न टू इंडिया (नोरी) सर्टिफिकेट धारकों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी।



# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

लाइफ Style



# पलक

## 2000 में से एक बंदा को किया डेट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं।

दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।'

हॉलीवुड मसाला



# हार्वे के खिलाफ हेली ने दी गवाही

**लॉस एंजिलिस।** न्यूयॉर्क की एक अदालत में मंगलवार को हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे मीटू मामले की दोबारा सुनवाई में मीरियम हेली ने अपनी गवाही दी। हेली ने कोर्ट में कहा कि वीनस्टीन ने जुलाई 2006 में उनके साथ जबरदस्ती यौन शोषण किया था। 47 वर्षीय हेली ने साफ कहा कि उनकी वीनस्टीन के प्रति कोई रोमांटिक या यौन रुचि नहीं थी। वह केवल काम की तलाश में उनसे मिली थीं। हेली ने अदालत से कहा कि कथित घटना से दो महीने पहले मई 2006 में वह फ्रांस के कान फिल्म फेस्टिवल में वीनस्टीन से मिली थीं।



# ग्रिंट के घर गूंजी किलकारी न्यूबॉर्न बेबी की पहली झलक

**लॉस एंजिलिस।** 'हैरी पॉटर' फेम ब्रिटिश एक्टर रूपर्ट ग्रिंट एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है और इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया। अपनी पोस्ट में रूपर्ट ने बेबी गर्ल की पहली झलक भी दिखाई और उसका प्यारा नाम भी रिवील कर दिया। जैसे ही यह खुशखबरी सामने आई, फैंस और सेलेब्स की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। बता दें, रूपर्ट ने साल 2020 में अपनी पार्टनर जॉर्जिया ग्रूम के साथ पहली बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने वेडनेसडे रखा था। रविवार को रूपर्ट ग्रिंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यूबॉर्न बेटी के आगमन की घोषणा की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "सीक्रेट बेबी का थोड़ा खुलासा कर रहा हूं। पेश है ग्रिंट फैमिली का नया मेंबर। 10/10 बेबी (अब तक)।



# अंकिता ने रद्द किया यूएसए शो...

**मुंबई।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है। अंकिता लोखंडे 'मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025' में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है।




# 'वन-फोर्स ऑफ..' में हुई एक्ट्रेस की एंट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' को अब अपनी हीरोइन ऑफिशियली मिल गई है। मेकर्स की ओर से फिल्म की अभिनेत्री का ऐलान करते हुए, पहली झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। अभिनेत्री को एक रहस्यमय नए अवतार में पेश करते हुए एक नया टीजर जारी किया गया है। हालांकि, अभिनेत्री का पूरा लुक अभी रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स की ओर से 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में हीरोइन की एंट्री की जानकारी दी गई। जिसमें ये साफ किया गया है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से तमन्ना का फिल्म में स्वागत किया गया है।

टीवी मसाला

# शादी के 6 साल बाद पापा बनने वाले हैं रोहित

**मुंबई।** डेली सोप ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आए अभिनेता रोहित पुरोहित बहुत जल्द पिता बनने वाले हैं। 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कपल ने घोषणा की कि उनकी पत्नी अभिनेत्री-पत्नी शीना बजाज



प्रेग्नेंट हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों मैचिंग पीच कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। शीना एक फ्लोरल गाउन में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं,जबकि रोहित ने एक प्लेकार्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है, हमें उम्मीद है कि 2025 एक बेहतरीन साल होगा। वीडियो में रोहित भी शीना को गले लगाते और उनके बेबी बंप को सहलाते हैं। रोहित और शीना ने जैसे ही ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की लोग उन्हें बधाईयां देने लगे। अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी रोडे ने लिखा, बधाई हो दोस्तों! आप दोनों को ढेर सारा प्यार। अभिनेत्री अनीता राज ने टिप्पणी की, "खूबसूरत जोड़े को बधाई। गुरुजी हमेशा आप सभी को भरपूर आशीर्वाद दें बहुत खुशी हुई।कपल ने 6 साल पहले डेटिंग के बाद 22 जनवरी 2019 को जयपुर में शादी की थी। अब शादी के 6 साल बाद उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।

## राम कपूर ने फिर चौंकाया, घटाया 55 किलो वजन

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम अभिनेता राम कपूर के अचानक हैवी वेट लॉस से उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ गई थी। हाल ही में एक्टर ने अपने तस्वीरें साझा कर वजन संबंधी आ रही टिप्पणियों पर जवाब दिया है। हालांकि, आपको बतात चलें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि एक्टर ने 18 महीनों के अंदर 55 किलो वजन घटाए हैं। आइए जानते हैं अभिनेता ने सोशल मीडिया पर क्या कहा? अभिनेता राम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में एक्टर शर्टलेस नजर आ रहे हैं, जिसमें



वह उत्साह से अपनी बॉडी को दिखाते नजर आ रहे हैं। शेयर की गई एक तस्वीरों में राम कपूर काला चश्मा लगाए हुए अजीबोगरीब रिएक्शन देते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा कि मेहनत अभी भी जारी है और लक्ष्य तक पहुंचने में अभी लंबा रास्ता तय करना है। साथ ही उन्होंने शर्टलेस तस्वीरों के लिए माफी भी मांगी। राम कपूर के इस पोस्ट पर फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने कमेंट किया, 'जब आप तैयार हो तो शूट का प्लान करें'।

# रिलीज हुआ बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब'

**मुंबई।** गायक और रैपर बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब' रिलीज हो चुका है। गाने में बादशाह डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने में वह अपना सिग्नेचर स्टेप कर रहे हैं। बादशाह के नए वीडियो में देखा जा सकता है कि वह न सिर्फ गाना गा रहे हैं बल्कि लोगों के साथ झूम रहे हैं। पूरा गाना एक कहानी की शक्ल में है। यह पहली बार है जब बादशाह ने किसी गाने में इतना अच्छा डांस किया है।गाने में देखा जा सकता है कि बादशाह हुक स्टेप कर रहे



हैं। उनका डांस सधा हुआ है। म्यूजिक पर उनके पैर थिरकते हैं। गाने का बैकग्राउंड और म्यूजिक जबरदस्त हैं। गाने में उन्होंने चश्मा लगाया है और अपने बालों का लुक भी बदला है जो उन पर काफी जच रहा है। एक जगह पर उन्होंने सोलों डांस किया है। उनके ऊपर एक लग्जरी कार लटक रही है। यह दृश्य काफी रोचक है।

## कान में मिलेगा निकोल को पुरस्कार

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन को कान फिल्म फेस्टिवल और केरिंग द्वारा वूमन इन मोशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुष हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी



प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को "सच्चा सम्मान" बताया।

# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री का मंदिर...

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, "मेरा



नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं।

## नानी की हिट 3 से लेकर आ रहीं धमाकेदार साउथ फिल्में

# मई के महीने में बॉक्स ऑफिस पर आएगा तूफान

*मुंबई। 1 मई साउथ सिनेमा के लिए बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस दिन चार बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर फिल्म का जॉनर अलग है- एक्शन, ड्रामा, रोमांस और इमोशन से भरपूर कहानियां दर्शकों को सिनेमा हॉल तक खींच लाने वाली हैं। इन फिल्मों में नामी सितारों की मौजूदगी और दमदार कंटेंट की वजह से पहले से ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। अगर आप लंबे समय से कुछ नया और मनोरंजक सिनेमा देखने का इंतजार कर रहे हैं, तो यह मौका बिल्कुल न गंवाएं। आइए जानते हैं 1 मई को रिलीज हो रही चार साउथ फिल्मों के बारे में*

### हिट: द थर्ड केस





'हिट: द थर्ड केस' यानी हिट 3 एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नानी अर्जुन सरकार नाम के एक जांबाज पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक 9 महीने के बच्चे के किडनैप केस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अर्जुन हर कीमत पर बचाना चाहता है। यह फिल्म 'हिट यूनिवर्स' की तीसरी किस्त है और इससे पहले 'हिट' और 'हिट 2' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि फिल्म थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर होगी।

### टूरिस्ट फैमिली



'टूरिस्ट फैमिली' एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें श्रीलंका से आए एक तमिल परिवार की कहानी दिखाई गई है जो तमिलनाडु में नई ज़िंदगी शुरू करना चाहता है। उनकी जद्दोजहद, संघर्ष और नए समाज में घुलने की कोशिश को फिल्म में संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी अरविंद विश्वनाथन ने की है और दिल छू लेने वाला संगीत सीन रोल्डन ने तैयार किया है। यह फिल्म दर्शकों को एक इमोशनल सफर पर ले जाएगी।

### रेट्रो



'रेट्रो' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा है, जिसमें सूर्या परिवेल कन्नन नाम के एक व्यक्ति की भूमिका में हैं जो अपने पहले प्यार रुक्मिणी को फिर से पाने की कोशिश करता है। कहानी में रोमांस के साथ-साथ भरपूर एक्शन और ड्रामा भी है। फिल्म में प्रकाश राज और जयराम जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम किरदारों में हैं, जो इसकी गहराई को और बढ़ाते हैं।

### पप्पी



'पप्पी' एक सरल लेकिन दिल को छू लेने वाली कन्नड़ फिल्म है, जो उत्तर कर्नाटक के एक गरीब परिवार की कहानी को दिखाती है जो बेहतर जीवन की तलाश में बैंगलोर आता है। उनकी किस्मत तब बदलती है जब उनके बेटे को एक लावारिस पप्पी मिलता है, जो एक अमीर परिवार का होता है। पप्पी और बच्चे की मजबूत होती दोस्ती दर्शकों को हंसाएगी भी और रुलाएगी भी।

## बारातों के जाम से कई मार्गों पर निकलना दूभर

# अक्षय तृतीया पर विवाह समारोह की रही धूम

जबलपुर।

अक्षय तृतीया के स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर बुधवार को विवाह समारोह की जबरदस्त धूम रही। सड़कों पर जाम लगा रहा। लोग यहां से वहां जाने के लिए बेताब रहे एक-एक व्यक्ति को तीन-तीन चार समारोह में शामिल होने की विवशता स्पष्ट झलक रही थी। कई सड़को पर तो एक साथ दो-दो चार-चार बारातों का संगम हुआ जिससे हालात बद से बदतर हो गये थे। मार्गो पर घण्टों जाम लगा रहा। बैण्ड बाजों नाचने वाले की उमंग के कारण धूम रही। शहर में जहां जहां बारात घर हैं, वहां भारी चौपाया वाहनों और टू व्हीलरों की पार्किंग से मार्ग वैसे ही संकरे हो गये थे। और मार्गो पर जाम लग गया था। गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, आगा चौक, तैय्यब अली चौक, आगा चौक, भंवरताल मार्ग, रसल चौक, बराट रोड सिविल लाईन, दमोहनाका, विजय नगर, तिलवारा रोड, तिलहरी, बिलहरी में भी सड़के जाम रही है।

### गहने कपड़ों की जमकर खरीददारी

अक्षय तृतीय पर सराफा बाजार के अलावा शहर में तमाम ज्वेलर्स के यहां अक्षय तृतीय पर खूब बिक्री हुई. सामान्य दिनों में यह 8 से 10 करोड़ के बीच रहता है। विशेष मुहूर्त के चलते 15 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ. वहीं साड़ियों की बिक्री भी खूब हुई. रेडीमेड गारमेंट का बाजार भी खूब चला. इसलिए व्यापारियों ने भी नया स्टाक सजाकर रखा. जानकारों के अनुसार यह कारोबार 15 से 20 करोड़ तक पहुंच गया.



## कुंडम में 310 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

**जबलपुर**। राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत कुंडेश्वपरधाम में आयोजित किये गये सामूहिक विवाह समारोह में 310 जोड़े दाम्पतत्य सूत्र में बंधे। जनपद पंचायत द्वारा आयोजित इस समारोह में 5 दिव्यां।गों एवं 2 कल्यांणियों का भी विवाह संपन्नम हुआ। आयोजन में सामान्य वर वधु को 49 हजार रूपये के, कल्याणी विवाह में 2 लाख रूपये के व दिव्यांग विवाह में 1 लाख रुपये की राशि के चेक राज्यि शासन की ओर से प्रदान किये गये। समारोह में सिहोरा विधायक श्री संतोष बरकड़े की ओर से सभी वधुओ को साड़ी व सभी वर को अंग वस्त्र प्रदाय किए गए। सभी वर-वधुओं का स्वागत पुष्प वर्षा कर के किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जनपद पंचायत अध्य क्ष श्री सुरेन्द्रल धुर्वे, जिला पंचायत के मुख्यध कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम श्रीमती मोनिका बाघमारे, जनपद सीईओ श्री पीएल यादव, सहित अन्यक अधिकारी व स्थासनीय प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्याा में जन समुदाय मौजूद था।

# केए मॉल में पीव्हीआर मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ

**जबलपुर**। भारत के सबसे विशाल और सबसे प्रीमियम सिनेमा प्रदर्शक के रूप में क्षेत्र में अपने पहले मल्टीप्लेक्स के शुभारंभ के साथ अपनी जीवंतता के लिए मशहूर शहर जबलपुर में एकपीवीआर आईनॉक्स जोरदार शुरुआत की है। यह मल्टीप्लेक्स नौदरा ब्रिज के पास नए रीब्रांडेड केए मॉल की चौथी मंजिल पर स्थित है। जबलपुर में पहली बार पीवीआर आईनॉक्स अनुभव लाने वाला यह नया मल्टीप्लेक्स सिनेमाई नवीनता और आकर्षक डिजाइन का बेजोड़ नमूना है। इसमें 25 रिक्लाइनर सीटों सहित कुल 611 लोगों की बैठने की क्षमता है और चारों स्क्रीन में से प्रत्येक का अंदाज एक-दूसरे से जुदा है - रेड, गोल्डह, पर्पल और टील - जो ऑडिटोरियम के विजुअल को और बेहतर बनाते हैं। मेहमान उडीन स्लाइडर सीटिंग, फैब्रिक-फिनिश वाली दीवारों और एलीगेंट'वी' फिक्स्चर के साथ प्रकाश व्यवस्था का आनंद ले सकते हैं, जो हर फिल्म शैली के अनुरूप मूड-ड्राइवन परिवेश का निर्माण करते हैं। अत्याधुनिक ऐसएंडपी टेक्नोडलॉजी से लैस इस सिनेमा में क्रिस्टीआरजीबी लेजर प्रोजेक्टर, डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड और नेक्स्ट -जेनरेशन 3 डी सिस्टोम है, जो कहानी सुनाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए क्रिस्टल-क्लियर विजुअल्स और इमर्सिव ऑडियो प्रदान करते हैं।




यह प्रतिष्ठित प्रोपर्टी पीवीआर आईनॉक्स के फ्रेंचाइज ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड (फोको) मॉडल में एक और सफल अध्याय को जोड़ती है। फोको मॉडल कंपनी को विजनरी एसेट ओनर के साथ मिलकर उच्च-वृद्धि वाले टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपने प्रीमियम फार्मेट का विस्तारर करने में समर्थ बनाता है। हालांकि इन्फ्रोस्ट्रक्चरर का स्वाऔमित्वर फ्रेंचाइजी के पास है, पीवीआर आईनॉक्स डिजाइन, विकास और दैनिक कार्यो के प्रबंधन के लिए अपनी उद्योग-अग्रणी विशेषज्ञता का उपयोग करता है। यह एसेट-लाइट रणनीति निरंतरता, गुणवत्ता और विस्तार की गति सुनिश्चित करती है - जो ब्रांड के देशव्यापी विकास में प्रमुख भूमिका निभाती है। प्रमोद अरोड़ा, सीईओ-ग्रोथ एंड इन्वेधस्टमेंट, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने कहा, जबलपुर में हमारी यह पहल मजबूत सांस्कृतिक जड़ों और आला दर्जे की मनोरंजन पसंदों वाले उभरते बाजारों में विश्व स्तरीय सिनेमा अनुभव लाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इस लॉन्च का मतलब सिर्फ एक नई पोपर्टी की शुरुआत नहीं है - यह पहली बार एक जीवंत शहर में सिग्नेदचर पीवीआर आईनॉक्स अनुभव को पेश करने के बारे में है। केए मॉल में स्थित और हमारे फोको मॉडल के तहत लॉन्च किए गए, मल्टीप्लेक्स को एक संपूर्ण एंटरटेनमेंट डेस्टीiनेशन के रूप में डिजाइन किया गया है जो अत्याधुनिक तकनीक और आकर्षक डिजाइन को एक साथ लाता है। हम रेड 2 जैसे आकर्षक टाइटल के साथ इस नए चैप्टैर को शुरू करने को लेकरउत्साहित हैं और जबलपुर के सिनेमा प्रेमियों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए तत्पर हैं। गौरव भनोट, डायरेक्टर: केए रियलबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड ने कहा जबलपुर ने लंबे अर्से से ऐसे उपहार का हकदार रहा है जो यहां के लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। शहर में पीवीआर आईनॉक्स लाने का मकसद सिर्फ एक मल्टीप्लेक्स लाना नहीं, बल्कि शहर में विश्व स्तरीय सिनेमा की ऊर्जा, खुशी और गुणवत्ता लाना है।

### हमारा लक्ष्य भारतवासियों को बेस्ट सिनेमाघर देना है

ग्रोथ एंड इन्वेस्टमेंट सीईओ, पीवीआर आईनॉक्स प्रमोद अरोड़ा ने बताया कि जबलपुर को मिली फोको मॉडल मल्टीप्लेक्स की सौगात हम हमेशा से ही ये लक्ष्य लेकर चलें हैं कि भारतीय लोग बेस्ट क्वालिटी के सिनेमाघरों में पिक्चर देखें। इसी लक्ष्य के साथ हम कदम बढ़ा रहे हैं। यह कहना है सीईओ ग्रोथ एंड इन्वेस्टमेंट पीवीआर, आईनॉक्स प्रमोद अरोरा का। उन्होंने बताया कि यह गर्व का विषय है कि जबलपुरवासी अब बेस्ट पिक्चर क्वालिटी, बेस्ट टेक्निक और सुविधाओं के बीच फिल्म का आनंद ले सकेंगे। हम रायपुर, ग्वालियर के बाद पीवीआर आईनॉक्स का फोको (फ्रेंचाइजी ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड) मॉडल मल्टीप्लेक्स जबलपुर में लाए हैं। इस नए मॉडल में हम फ्रेंचाइज को साथ जोड़ते हैं। जबलपुर में केए डेवलपर्स ने जो पहल की है, वो निश्चित ही शहरवासियों के लिए अच्छी सौगात है।

### 2 से 3 वर्षों की रिसर्च

श्री अरोड़ा ने बताया कि हमारा फोको मॉडल कई 2 से 3 वर्षों की रिसर्च का नतीजा है। इसमें पहले हाईजीन से लेकर फायर सेफ्टी तक सारे नॉर्मर्स का क्लियर होना बहुत जरूरी होता है। अब यह मॉडल मप्र के अन्य शहरों में भी लाने की प्लानिंग है।

### शूटिंग को प्रोत्साहन मिलेगा

श्री अरोड़ा बताते हैं कि पीवीआर के जबलपुर में आने से जहां लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा तो वहीं लोग अच्छा सिनेमा देख सकेंगे।अच्छा सिनेमा देखने वाले न सिर्फ सिने इंडस्ट्री को फायदा पहुंचाते हैं बल्कि वे अच्छा सिनेमा बनाने के लिए भी प्रेरित होते हैं। हमें उम्मीद है कि मप्र भी जल्दी ही शूटिंग के एक बड़े केंद्र के रूप में डेवलप होगा।

### चेयर्स से लेकर साउंड तक सब खास

पीवीआर की खासियतों पर चर्चा करते हुए श्री अरोड़ा ने बताया कि यहां आने वाले सिनेप्रेमियों के कम्फर्ट का पूरा पूरा ध्यान रखा जाता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ये है कि पीवीआर में जो चेयर्स हम लाए हैं वे एरगोनॉमिक डिजाइन्स पर बेस्ड हैं, यानी इनमें बैठकर आपको पीठ दर्द या रीढ़ से जुड़ी कोई समस्या नहीं होती। साउंड सिस्टम की बात करें तो यहां बेस्ट डॉल्बी ऑडियो सिस्टम यूज होता है। हम लेटेस्ट डीसीआई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं। हमारे स्क्रीन की क्वॉलिटी वर्ल्ड क्लास है। हमारा फायर सिक्योरिटी सिस्टम भी एडवांस लेवल का है।

# विदेशी युवक से मिले 10 लाख नगद

**जबलपुर**। सिविल लाईन पुलिस ने जनरल चैकिंग के दौरान एक नाईजीरियाई युवक पर संदेह होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें 10 लाख रुपए नगद निकले। नाईजीरियाई युवक द्वारा इन रुपयों के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर पुलिस ने 10 लाख रुपए जब्त कर लिए है और आयकर विभाग को इसकी सूचना दी। पुलिस ने विदेशी नागरिक को जांच में सहयोग करने का भरोसा दिलाए जाने दस्तावेज कार्रवाई के बाद छोड़ा गया। सिविल लाइन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6 के बाहर माल गोदाम के पास एक विदेशी नागरिक को पुलिस ने रात्रिकालीन पेट्रोलिंग के दौरान पासपोर्ट के संबंध में पूछताछ करने के लिए रोका। उसके पास वीजा था जिसमें नाम इग्वे पैट्रिक निवासी नाइजीरिया दर्ज था। विदेशी नागरिक इग्वे पैट्रिक के बैग की तलाशी ली गई तो उसके अंदर 500-500 के नोट की 19 गड्डी और 200 के नोट सहित अन्य कुल रकम 10 लाख रुपए मिली। पूछताछ विदेशी नागरिक पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह अपनी रकम, मनी एक्सजेंच के माध्यम से लेकर आया है।रुपयों के संबंध में बारीकी से पूछताछ करने पर इग्वे पैट्रिक पुलिस को संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। पुलिस ने धारा 106 बीएनएस के तहत बैग से मिली 10 लाख रुपए की रकम जब्त कर आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी है।

**पुलिस ने रकम जब्त कर आयकर विभाग को सौंपा मामला**

# भाजयुमो के पूर्व अधिकारी पर लगा रेप का आरोप

## मंडला जिले की युवती ने बम्हनी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

जबलपुर।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक पूर्व पदाधिकारी पर मंडला की एक युवती ने शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाया। पीड़ित युवती ने मंडला के बम्हनी बंजर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जहां पुलिस ने जीरो में मामला दर्ज कर घटनास्थल लार्डगंज थाना क्षेत्र का होने के कारण केस डायरी अग्रिम विवेचना के लिए जबलपुर लार्डगंज थाने के लिए भेज दी है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजयुमो के पूर्व नगर उपाध्यक्ष लिविश पटेल की मंडला निवासी एक युवती से करीब एक साल पहले सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी. इसके बाद दोनों की आए दिन फोन पर बातचीत होने लगी. 15 जनवरी को युवती मंडला से जबलपुर आई और लिविश से मुलाकात की. लिविश उसे आईएसबीटी बस स्टैंड से कार में बैठाकर यादव कॉलोनी स्थित सुकून होटल में ले गया. जहां पर युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद युवती मंडला चली गई. इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही इसके बाद लिविश ने युवती से बातचीत बंद कर दी. लिविश द्वारा अचानक बातचीत किए जाने से व्यथित युवती ने मंडला के बम्हनी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह कई बार जबलपुर गई, लिविश को कॉल किया लेकिन फोन नहीं उठाया. तब एहसास हुआ कि लिविश पटेल ने शादी का झांसा देकर रेप किया है. इस मामले में लार्डगंज पुलिस का कहना है कि मंडला जिले से जीरो पर एफआईआर दर्ज कर डायरी एसपी आफिस को भेजी गई थी, जांच में यह बात सामने आई है कि पीड़िता मंडला की रहने वाली है और बम्हनी थाना में बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई है.घटना स्थल जबलपुर का था जिसके चलते मामले की जांच अब लार्डगंज पुलिस कर रही है. गौरतलब है कि लिविश पटेल ने वर्ष 2016-17 में भाजपा की सदस्यता ली थी. इसके बाद नगर उपाध्यक्ष के पद पर रहा चुका है. खबर है कि लिविश पटेल एमटेक की पढ़ाई कर चुका है और वर्तमान में ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है.

# सराहनीय कार्य के लिए 14 रेल कर्मी सम्मानित

**जबलपुर**। अप्रैल में सजगता एवं संरक्षा के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु, 14 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन कर्मियों ने होने वाली संभावित रेल फ्रेक्वर, हॉट एक्सल आदि को समय पूर्व पहचान कर सजगता और सतर्कता से संभावित दुर्घटना से बचाव कर संरक्षा रेल परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सभी 14 कर्मचारियों को सम्मान स्वरुप मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरूस्कृत होने वाले कर्मियों में सुरेन्द्र कुमार मीना ई.एस.एम., मालखेड़ी, अवनीश दुबे ई.एस.एम., कटनी, प्रवीण कुमार रेगर जे.ई., दमोह, आलोक कुमार तिवारी लोको पायलट गुड्स जबलपुर, शशि कुमार वरि. सहा. लोको पायलट गुड्स, जबलपुर, कुलदीप सिंह ठाकुर लोको पायलट गुड्स, झुकेही, अरविंद कुमार साहू लोको पायलट गुड्स, सागर, नितिन कुर्मी वरि. सहा. लोको पायलट, सागर, भंजन खान काँटेवाला, पटोहा, कुमारी पार्वती काँटेवाला 'ब', गाडरवारा, राम किंकर सिंह यातायात निरीक्षक, कटनी, जनभेद मीना वरि. ट्रेन मैनेजर गुड्स, सागर, अशोक कुमार यादव काँटेवाला, आधारताल, रामहृदय पाण्डेय ट्रैकमेंटेनर-IV माधवनगर शामिल थे।



इस अवसर पर कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक के साथ, आनंद कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओ एण्ड आई), सुनील टेलर, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ए एण्ड जी), अमित कुमार शाहनी, वरि.मंडल संरक्षा अधिकारी, हनुमान प्रसाद मीना, सीनि.डीएमई(फ्रेट), अक्षय कुमरावत, सीनि. डी.ई.ई (टी.आर.ओ.), स्वपनिल पाटिल, सीनि. डी.एम.ई (कोचिंग), संजय सिंह, सीनि. डी.ई.ई.(टी.आर.एस.), सर्वेश ठाकुर, सीनि. डी.एस.टी.ई.(एस एण्ड डब्ल्यू), अजय कुमार शुक्ला, सीनि. डी.ओ.एम., मंटू सिंह, सीनि.डी.ई.एन. (नॉर्थ), हिमांशु तिवारी, डी.ई.एन. (सेंट्रल) उपस्थित थे।

## रेल मंडल के 23 कर्मचारी सेवानिवृत्त

जबलपुर रेल मंडल में मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम मे अपनी आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर 23 रेल कर्मचारियों को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर डीआरएम कमल कुमार तलरेजा द्वारा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में शरद आठले, लाल बहादुर पाठक, संदीप दास, महेश प्रसाद साह, देवेंद्र कुमार, रामदास प्रसाद आदि प्रमुख थे। सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) शची पति नंदन के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# अस्पताल में कम, प्रशासन के भरोसे पर ज्यादा लगी आग

**जबलपुर**। गत देर रात विजय नगर के नेमा हार्ट केयर अस्पताल में लगी आग ने उस भरोसे को भी जला दिया है की निगम प्रशासन और जिला प्रशासन शहर को अग्नि हादसे से बचाने के लिये गंभीर है. घटना के बाद सामने आया है की अस्पताल में का फायर सेफ्टी मेसर्स में गंभीर लापरवाही बरती गई थी. इस घटना से अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं. पहले ही जांच में अस्पताल की फायर एनओसी में अनियमितताएं पाई गई थीं और 17 अप्रैल को नए मरीजो के भर्ती पर रोक लगा दी गई थी. अब सवाल यह है की फिर 30 अप्रैल को इतने मरीज अस्पताल में कैसे थे.इस मामले में एक तरफ जहां अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं, वहीं प्रशासन पर भी उंगलिया उठ रही हैं. वहीं अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया कि आग बाहर से गुजर रही बारात के पटाखों से लगी. अस्पताल प्रबंधन के पास अग्निशामक यंत्र थे और उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की.

### अब हादसे के बाद भी नहीं जागते..

पुरानी सरकारी परम्परा थी हादसा होने के बाद जाग जाना. लेकिन नई परम्परा है, हादसा होने के बाद दो तीन दिन जागने का दिखावा करके और वापस सो जाना है. बिलकुम यहीं प्रक्रिया जबलपुर में अस्पतालों, कोचिंग सेंटर्स आदि को अग्निहादसे से बचाने के लिये अपनाई जा रही है. जब भी कभी शहर या देश में कोई बड़ा अग्निहादसा होता है, तब प्रशासन जांच और निरीक्षण शुरु कर देता है. फायर सेफ्टि मेसर्स चैक होने लगते हैं और चार दिन भी फिर सब भूल जाता है.

**बिना फायर सेफ्टी के कैसे चल रहा था मरीजों का उपचार**

### 17 को हुई थी कार्यवाही...

जानकारी के अनुसार, नगर निगम द्वारा की गई जांच में नेमा हार्ट हॉस्पिटल की फायर एनओसी में अनियमितताएं पाई गई थीं. इसको लेकर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा 17 अप्रैल को अस्पताल प्रबंधन को पत्र भेजकर अस्पताल में मरीजों की नई भर्ती पर रोक लगा दी गई थी. पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि वर्तमान में भर्ती मरीजों का इलाज पूरा कर उन्हें डिस्चार्ज किया जाए और नए मरीज न भर्ती किए जाएं. इसके बावजूद अस्पताल में मरीजों की भर्ती और उपचार का कार्य पूर्ववत जारी रहा.

### अस्पताल में मचा हड़कंप....

यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की खुलेआम अनदेखी को दर्शाती है. नेमा हार्ट हॉस्पिटल की घटना ने दो साल पहले 2022 में दमोह नाका के न्यू लाईफ मेडीसिटी हास्पिटल में हुये भीषण अग्निकांड की याद ताजा कर दी, जिसमें 8 लोगों की जान चली गई थी. उस समय भी फायर एनओसी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर हंगामा हुआ था, लेकिन सुधारात्मक कदमों का अभाव आज फिर उजागर हो गया है.

## वोकेशनल पैरामेडिकल कोर्स के 300 छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में

### बिना मान्यता रादुविवि ने बांट दी डिग्री

**जबलपुर**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देश और ग्रांट के तहत शुरू किए गए वोकेशनल पैरामेडिकल पाठ्यक्रम को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लगभग 300 छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है, क्योंकि मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल ने इन पाठ्यक्रमों से डिग्री प्राप्त छात्रों का रजिस्ट्रेशन करने से साफ इंकार कर दिया है। विगत दिनों अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) उच्च शिक्षा अनुपम राजन की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें यह उम्मीद की जा रही थी कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक में एसीएस अनुपम राजन ने पैरामेडिकल काउंसिल को विधि परामर्श लेकर विशेष प्रकरण के रूप में आरडीयू से वोकेशनल डिग्री प्राप्त छात्रों का रजिस्ट्रेशन करने का सुझाव भी दिया। लेकिन काउंसिल ने यह स्पष्ट कर दिया कि वोकेशनल कोर्स उनके स्वीकृत पाठ्यक्रमों में शामिल नहीं है। इसलिए पूर्व में इन पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा सकता। हालांकि, काउंसिल ने आगामी सत्रों के लिए विश्वविद्यालय को आवेदन करने की अनुमति जरूर दी है, जिससे भविष्य में इन पाठ्यक्रमों को मान्यता मिल सकती है।

### छात्रों का भविष्य अधर में

आरडीयू से सत्र 2016 से 2023-24 तक पैरामेडिकल वोकेशनल कोर्स में डिग्री प्राप्त कर चुके छात्रों का जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं होता, वे न तो प्रदेश की शासकीय नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं और न ही अन्य किसी प्रोफेशनल प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इससे छात्रों में भारी असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

### बंद हैं वोकेशनल कोर्स

जब काउंसिल से मान्यता नहीं मिली, तो आरडीयू ने 2023-24 सत्र में इन कोर्सों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी। वर्तमान में विश्वविद्यालय किसी भी छात्र को वोकेशनल पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दे रहा है।

## मजाक बन गई नगर निगम सदन की बैठक!

# गंभीरता और गरिमा दोनों पर उठे सवाल

जबलपुर।

पहले बजट पर चर्चा होती थी, पार्षद बजट पर अपनी बात रखते थे, अपने-अपने वार्डों की समस्याएं सामने रखते थे। फिर विस्तृत चर्चा के बाद बजट में संशोधन किया जाता था और अंततः बजट पास होता था। लेकिन नगर निगम सदन में लगातार दूसरी बार ऐसा देखने को मिला जब बजट पर पर्याप्त चर्चा नहीं हुई और पार्षदों को बोलने का मौका नहीं दिया गया। बजट विवादों में उलझ गया और बहुमत के बल पर ध्वनी मत से पास कर दिया गया। नगर निगम सदन में बजट सत्र का जिस तरह समापन हुआ, उसने सदन की गंभीरता और गरिमा दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष, सत्ता पक्ष पर आरोप लगा रहा है और सत्ता पक्ष, विपक्ष पर। लेकिन इस आरोप-प्रत्यारोप में आम शहरवासी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। जिसकी मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं. क्योंकि उन्हें सुनने और हल करने की जिम्मेदारी जिस नगर निगम सदन की है, वहां उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

गौरतलब है कि नगर निगम जबलपुर का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट नगर निगम सदन में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया गया था। सोमवार को जब बजट पर चर्चा शुरू हुई, तो विपक्ष ने सत्ता पक्ष से सवाल किए। जिस पर सत्ता पक्ष की ओर से कहा गया कि बजट सत्र में सिर्फ बजट पर बात हो। विवाद बढ़ा और सत्ता पक्ष के पार्षद नारेबाजी करने लगे। इस पर विपक्ष ने सदन में अपनी बात न सुने जाने का आरोप लगाते हुए वॉकआउट कर दिया। जैसे ही विपक्ष सदन से बाहर गया, निगमाध्यक्ष ने ध्वनिमत से बजट पास करवा दिया और सत्र की समाप्ति की घोषणा कर दी।



नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा का कहना है कि यह महापौर और नगर सत्ता का शहरवासियों के साथ विश्वासघात है। वहीं महापौर का कहना है कि विपक्ष को पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन उन्होंने चर्चा की बजाय जानबूझकर बहस को भटकाने का प्रयास किया।

### लगातार दूसरी बार चर्चा नहीं हुई

पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर चर्चा के लिए भी जब सत्र आहूत किया गया था, तब पार्षद शफीक हीरा पर थूकने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा हो गया था। विवाद बढ़ा और चर्चा रोककर ध्वनिमत से बजट पारित कर दिया गया था। कमोबेश वैसी ही स्थिति इस बार के 2025-26 बजट में भी देखने को मिली, जहां विवाद खड़ा हुआ और सत्ता पक्ष ने ध्वनिमत से बजट पारित कर दिया।

### 85 प्रतिशत पार्षदों को मौका नहीं मिलता

नगर निगम सदन में 79 वार्डों के 79 पार्षद हैं, जो शहर की करीब 12 लाख जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन लगातार देखा जा रहा है कि सदन में पार्षदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। जिससे वार्डों की समस्याएं और मांगें सदन के पटल पर आ ही नहीं पातीं। या तो सदन की बैठक होती ही नहीं, और अगर कभी होती है तो हर दिन केवल तीन-चार पार्षद 5 से 6 घंटे तक बोलते हैं और दो दिन में ही बैठक समाप्त कर दी जाती है। ऐसा ही बजट बैठक में भी हुआ, जहां 85 प्रतिशत पार्षदों को माइक पकड़ने का मौका ही नहीं मिला और बैठक खत्म हो गई।

### तमाशा बन गया नगर निगम सदन

पिछले दो वर्षों में यदि गणना की जाए, तो जितने घंटे सदन चला है, उसमें 95 प्रतिशत समय 5 से 6 पार्षदों ने ही लिया है। 2-2 घंटे भाषणबाज़ी कर अन्य पार्षदों का समय खा जाना सदन की परंपरा बन चुकी है। सभी पार्षदों को समय मिले और वे अपनी बात रख सकें, यह जिम्मेदारी निगमाध्यक्ष की होती है। लेकिन बीते दो वर्षों में निगमाध्यक्ष इस जिम्मेदारी को निभाने में विफल रहे हैं। इसका सीधा खामियाजा आम शहरवासी भुगत रहा है।

## गढ़ा के गुलौआ चौक से दिव्य वाहनों की वीर गर्जना

# संत महात्माओं के नेतृत्व में परशुरामधाम बनाने की घोषणा

- भगवान परशुराम प्रकटोत्सवः गढ़ा में मुख्य आयोजन
- भगवान परशुराम को आतंकवाद के विरूद्ध प्रेरणा बनाकर निकाली विराट वाहन रैली



हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान विष्णु के षष्ठम अवतार , विश्व से आतंकवाद के संहारक भगवान् परशुराम के प्राकट्य महोत्सव पर आज मुख्य आयोजन गुलौआ चौक, गढ़ा से सायंकालीन सूर्य की लालिमा ,में विराट दिव्य वाहन शोभायात्रा का आयोजन हुआ । यह विराट वाहन शोभा यात्रा सूरज की तपिश को भेदती हुई लयबद्ध वैदिक ऋचाओं के मंत्रोच्चार , पुष्प वर्षा के मध्य नगर के प्राणवंत मार्गों , छोटी बजरिया , आनंद कुञ्ज , गढ़ा बाजार , पंडा की मढ़यिा , शाही नाका , कुरारिया मार्केट , कछपुरा रेल ब्रिज , लेबर चौक, रानी ताल, गोल बाज़ार से होती हुई डी.एन. जैन कालेज गोल बाजार डीएनजेन कॉलेज में महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ ।

मंच पर जगद्गुरु नरसिंहदेवाचार्य , जगद्गुरु बालगोविंद जीहराज,जगद्गुरु रघवदेवाचार्य जी स्वामी, दांडी स्वामी कालिकानंद जी महाराज,स्वामी चैतन्यानंद जी ,वासुदेव शास्त्री सहित संतों के सान्निध्य में आरंभ हुआ मंगलाचरण, आशीर्वचन प्राप्त हुए।

श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, गढ़ा से प्रस्थान करती इस यात्रा का शुभारंभ घृत-पुष्पाभिषेक और वैदिक पुरोहितों के मंगलगान से हुआ। सभी राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेता विनोद गोटियां,अतुल बाजपेई,आलोक मिश्रा,आलोक चंसौरिया जिला अधिवक्ता संघ के मनीष मिश्रा,राजेश मिश्रा शरद अग्रवाल,रोहित तिवारी,पंकज दुबे,पंकज तिवारी, रिकुंज विज,भी इस वाहन शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।

पहलगाम की बर्फीली हवाओं में, जहाँ सनातन धर्म की पहचान पर एकरक्त रंजित प्रश्नचिह्न आतंकवाद ने लगाया है , गढ़ा के गुलौआ चौक से यह वाहन रैली आतंकवाद के विरुद्ध झांकी निकाली गई । इस यात्रा में "जय परशुराम" के उद्‌घोष के साथ हजारों विप्र समुदाय के सदस्य, पारंपरिक केसरिया एवं पीताम्बर धारण कर, दुपहिया वाहनों पर केशरिया ध्वजाएं फहराते हुए सम्मिलित हुए । मंडला, सतना, नरसिंहपुर, भोपाल, रीवा, कटनी, छतरपुर आदिदूरस्थ अंचलों से अपने दुपहिया वाहनों से छोटे छोटे समूह के साथ आ चुके विप्र शिरोमणि भी इस वाहन शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए . वाहन शस्त्र-शास्त्र के प्रतीकों से सुसज्जित और अलंकृत रहे। यह यात्रा केवल पावन उत्सव नहीं, अपितु "पृथ्वी आतंक का समूल नाश करने वाले भगवान परशुराम को स्मरण करते हुए आतंकवाद के विरूद्ध सम्पूर्ण सनातन एकता के प्रकटीकरण के प्रतीक रूप में आयोजित हुई —जहाँ शास्त्र की मधुरिमा और शस्त्र की तीक्ष्णता का समन्वय दृष्टिगोचर हुआ । तिरंगे झंडे भी फहराते आतंकवाद के विरूद्ध सनातन और राष्ट्रीय एकता का सन्देश देते हुए निकाले गए ।.

### पुष्पवर्षा और वेदगान

यात्रा मार्ग में प्रत्येक चौक, प्रत्येक गली में इस यात्रा का स्वागत अक्षत-पुष्पों की वर्षा, तोरणों की शोभा और शंखनाद से किया गया। विभिन स्वागत मंचों से इस दिव्य शोभा यात्रा का स्वागत हुआ । गढ़ा का वातावरण वेदमंत्रों से गुंजायमान हो उठा । पंडा की मढ़िया, कुररिया बाजार, लेबर चौक से लेकर रानी ताल तक—प्रत्येक स्थल पर भक्तों परशुराम की जय-जयकार से आकाश को प्रतिध्वनित किया । आकाशमार्ग से ड्रोन द्वारा पुष्पवर्षा शोभा यात्रा को को स्वर्गिक आभा प्रदान किया । शंख, घंटा, और मंत्रोच्चार और यात्रा मार्ग में पुष्पों को बिछाया गया ।

### अंतिम पड़ावः गोल बाजार में समापन

तपिश और लू की प्रचंडता को चीरती शोभायात्रा का समापन गोल बाजार में सामूहिक संकल्प महाआरती ,प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर एड आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित,एड बृजेश दुबे,एड असीम त्रिवेदी,अपूर्व त्रिवेदी,प्रवीण तिवारी,श्रीमती अदिति अतुल वाजपेई,एड सिद्धार्थ शुक्ला,रत्नेश मिश्रा,गुड्डा त्रिपाठी,पंकज दुबे,रोहित तिवारी,हर्षुल त्रिवेदी,शैलेश पाठक,वर्षा त्रिवेदी,ज्योति उपाध्याय, पप्रिया तिवारी,रेणु उपाध्याय,दीपिका पांडेय,रत्ना दीक्षित,संध्या वैरागी,गीता पांडेय,शक्ति त्रिपाठी,सुनीता मिश्रा,श्वेता सिंह,रीना दीक्षित,रीना पांडेय,रानी मिश्रा,सीमा मिश्रा,प्रीति वाजपेई,कल्पना तिवारी, सुनीति बाजपेई, अस्मिता त्रिवेदी, ज्योति दुबे, रीता। नौटियाल,आभा दुबे,उर्मिला पांडेय, ललिता शाक्य,एवं मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## परशुरामजी की महाआरती की गई, 200 ब्राह्मणों द्वारा वेदों का पारायण किया

**जबलपुर।** भगवान परशुराम के प्रकोटोत्सव के अवसर पर सम्पूर्ण ब्राह्मण महासभा द्वारा एक विशाल कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें भगवान परशुराम की 108 आरती के द्वारा महाआरती की गई तथा 200 ब्राह्मणों द्वारा वेदों का पारायण किया गया तथा मनीष अग्रवाल द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई जहां 2000 से अधिक लोगों ने प्रसादी भी ग्रहण की। जहाँ कलाकारों द्वारा मसान की होली की प्रस्तुति भी की गई। जहाँ हजारों लोगों ने इसका आनंद लिया। कार्यक्रम में जगतगुरु राघवदेवाचार्य द्वारा आरती की गई वहीं ब्रह्मचारी चेतन्यानंद, अनिकेत महाराज महापौर जगतबहादूर अन्नू सिंग विधायक इंदू तिवारी,लेखराज सिंह रिंकु विज अमरीश मिश्रा द्वारा पूजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित समीर दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष संपूर्ण ब्राह्मण महासभा मदन अवस्थी जी विनोद तिवारी,ओमकार दुबे, सुरेश पांडे, राहुल दीक्षित, कविता दूबे का विशेष योगदान रहा।

## वाहन रैली में दिखी ब्राह्मणों की एकता

# जय जय परशुराम के नारों से गूंजा सिहोरा

हरिभूमि सिहोरा।



भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर बुधवार को सयुंक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा के संयोजन तथा देश के महान कथा वाचक संत ब्रम्हानंद दास जी महाराज के सानिध्य में निकली विशाल वाहन रैली में ब्राह्मणों की एकता दिखाई दी। नृसिंह मंदिर से पूजन अर्चन के बाद रैली खितौला सिहोरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवमंदिर बाबाताल में सपन्न हुई। इसके बाद भगवान परशुराम एंव बाबाताल सरकार की सभी विप्रजनों ने महाआरती की।

### अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुडिया का ब्याह रचाया कन्याओं ने

पाटन। वार्ड 9 गुरू मुहल्ला पाटन हिन्दू समाज में एक पुरानी परम्परा का निर्वहन अक्षय तृतीया के पर्व मनाया जाता है बाजार से मिट्टी के गुड्डा गुडिया खरीदकर बाक़ायदा उन्हे दूलहे दुल्हन की तरह सजाया जाता है और फिर वटवृक्ष के नीचे चौक पर रखकर उनका ब्याह रीति-रिवाज के साथ मनाया जाता आज भी यह परम्परा जीवित है पकवान बनाये जाते है और ब्याह जैसी सभी रस्म आयोजित कर छोटे छोटे बच्चे बाराती बनकर आते है उन्हे भोज दिया जाता है।

### रैली में नगर वासियों ने की पुष्प वर्षा

प्रकटोत्सव पर विप्रजनकों की निकली विशाल एंव ऐतिहासिक वाहन रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था अनेक दुपहिया चार पहिया वाहन में सवार परशुराम की सेना हाथ में प्रतिकात्मक फरसा लेकर जय जय परशुराम,जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रही थी।वाहन रैली का अनेक स्थानों में अन्य लोगों के साथ मातृशक्ति द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एंव विधायक संतोष बरकडे,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे ने भी भगवान परशुराम की पूजा की।

### पाकिस्तान का फूंका पुतला

रैली समापन पर पाकिस्तान का पुतला फूंककर अपना रोष प्रगट किया तथा पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड की निंदा की गई एंव पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये गये।वाहन रैली बरा मोहल्ला,खितौला फाटक,वन विभाग,रोड,खितौला बाजार,खितौला तिराहा, बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुंआ, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर निकली। सभी को बाबाताल में बेल के शर्बत का वितरण किया गया एंव उपस्थित विप्रजनों ने विशाल भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

### संयुक्त ब्राह्मण समाज ने व्यक्त किया आभार

परशुराम जयंती पर आयोजित विशाल वाहन में सहयोग के लिए संयुक्त ब्राह्मण समाज ने समस्त विप्रजनों के अलावा पुलिस प्रशासन एंव नगर पालिका आदि का आभार व्यक्त किया है।

### सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा

सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा ने भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर डी हाईस्कूल में कार्यक्रम का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद कुररिया के मुख्य आतिथ्य,वरिष्ठ विष्णु दत्त गौतम की अध्यक्षता में किया गया। पूजन अर्चन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने पिताजी की स्मृति में सी एम राइज सिहोरा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक विद्यार्थी को 5 हजार रुपए दिए साथ ही यह राशि हर वर्ष देने की घोषणा की उन्होंने विप्रजनों से गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को शिक्षा के लिए यथासंभव सहयोग प्रदान करने के लिए भी कहा संचालन महामंत्री जय प्रकाश तिवारी ने किया।

## श्री कृष्ण के जन्म की कथा का किया वर्णन

छोटी लाइन फाटक नरेंद्र डेरी के पास अवस्थी कंपाउंड मे आयोजित श्री मद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पं श्री सतिश कृष्ण चंद्र शास्त्री जी ने अजमिल उपाख्यान प्रह्लाद भक्त वामन भगवान् एवं श्री राम की कथा का वर्णन किया इस दौरान कथा व्यास ने श्री कृष्ण की कथा का वर्णन करते हुए। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप और अत्याचार बढ़ जाते हैं। तब-तब नारायण जीवो के उद्धार के लिये अवतार धारण करते है। पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल से गूंज उठा।कथा के पंचम दिवस की कथा में भगवान के बाल लीलाओं का वर्णन उन्होंने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि साथ कोर्स लंबे चौड़े कालिकाल के देवता गोवर्धन नाथ को 7 वर्ष के कन्हैया ने सबसे छोटी उंगली से दिन-रात अपनी उंगली पर रखा। कथा के छठे दिन श्रीकृष्णा रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथा वाचक श्री सतीश कृष्ण चंद्र शास्त्री जी ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया।



## बस स्टैंड चौकी पुलिस ने खोला प्याऊ

**जबलपुर।** अपराधियों के प्रति पुलिस का कड़ा रुख तो सभी ने देखा हैं लेकिन आम लोगों के लिए पुलिस कितना संवेदनशील है। इसका उदाहरण बस स्टैंड चौकी में बुधवार को देखने मिला जहां आमलोगों को इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए चौकी पुलिस ने अपनी तरफ से शीतल जल की व्यवस्था करते हुए प्याऊ का शुभारंभ कराया हैं। इस अवसर पर कोतवाली सीएसपी रितेश शिव , टीआई संगीता सिंह, चौकी प्रभारी बस स्टैंड जगन्नाथ यादव उपस्थित रहे।

### पांच मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा के निर्देशानुसार, भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर के नर्मदा मंडल, महाराणा प्रताप, रानी दुर्गावती, महर्षि वाल्मीकि एवं लोकमान्य तिलक मंडल के अध्यक्षों ने मंडल कार्यकारिणी घोषित की है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नर्मदा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा, रानी दुर्गावती मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, महर्षि वाल्मीकि मंडल अध्यक्ष नरेश पटेल, लोकमान्य तिलक मंडल अध्यक्ष ऋषि सोनकर ने मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## तपोस्थली मटामर में मनाया श्री परशुराम प्राकट्योत्सव



**जबलपुर।** भगवान परशुराम की प्राचीन तपोस्थली श्री परशुराम धाम मटामर में स्थापित तथा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल 15 फुट लंबा फ़रसाधरी 31 फुट ऊंची विश्व की एक मात्र श्री परशुराम प्रतिमा का आज भक्तों द्वारा महाभिषेक किया गया। श्री परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.एच. पी.तिवारी ने बताया कि सुबह 7 बजे से कुंड स्नान,भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन, महाभिषेक,सामूहिक श्री परशुराम चालीसा पाठ, हवन,महा आरती तथा भंडारा संपन्न हुआ। सचिव सचिन मिश्रा ने बताया कि यहां भगवान परशुराम जी के चरणों से उद्धृत पवित्र परशुराम कुंड के ऊपर स्थित अतिप्राचीन श्री परशुराम मंदिर में भी उनका पूजन अर्चन कर प्राकट्योत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रभात तिवारी,दिनेश दुबे,आनंद तिवारी, श्रुतिकीर्ति मिश्रा,गगन तिवारी, कपिल दुबे,अतुल दुबे,राम भगत तिवारी,विकास तिवारी,धर्मेंद्र मिश्रा, नीतू दुबे,सीमा दीक्षित,संतोष चौबे,गुलाब सिंह यादव व मलखान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

### संयुक्त जन रैली सभा और झंडावंदन के आयोजन

## श्रमजीवी आवाम का अंतर्राष्ट्रीय पर्व मजदूर दिवस आज

**जबलपुर।** सर्वहारा वर्ग का अंतर्राष्ट्रीय त्यौहार मई दिवस के अवसर पर १ मई को शाम ६ बजे हाईकोर्ट चौराहे से कौंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस, एटक, हिंदू मजदूर सभा, ट्रेड यूनियन सेंटर, सीटू, केंद्रीय कर्मचारी समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक संयुक्त जन रैली निकाली जायेगी। समागम रंग मंडल के कलाकार रैली में जनगीतों का गायन करेंगे। मप्र विद्युत मंडल के कर्मचारी भी रैली में हिस्सा लेंगे। इसके पूर्व सुरक्षा संस्थानों के सभी कारखानों, खमरिया, जीसीएफ, ग्रे आयरन फाउंड्री, 506 आर्मीबेस वर्कशाप श्रमिक संघ, सीओडी, व्हीकल पैक्ट्री, टेलीकॉम राईट टाउन एवं रिछाई में कर्मचारीगण प्रातः काल झंडा वंदन कर लाल झंडे को सलामी देंगे।

### मजदूर दिवस पर रैली आज

सीटू, एटक, एचएमएस के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के अवसर पर 9 मई गुरुवार की शाम सिविक सेंटर से विशाल रैली निकाली जाएगी। इस रैली में डिफेंस, एलआईसी, बीएसएनएल, पोस्टल, दवा प्रतिनिधि, आंगन बाड़ी, आशा-ऊषा वर्कर्स अन्य निजी क्षेत्र के वर्कर्स, कर्मचारी इस रैली में शामिल होंगे।

### 1138 हितग्राहियों के खाते में 23.92 करोड़ की राशि

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के उमरबन से सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। जिसमें जबलपुर जिले अंतर्गत 1138 हितग्राहियों को 23 करोड़ 92 लाख राशि का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के रूप में सामान्य मृत्यु पर 02 लाख रुपए एवं दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रूपये की राशि का प्रावधान है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम

## नदी घाट, तालाबों, प्राचीन बावड़ी एवं अन्य जल संरचनाओं की सफाई शुरु

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत विगत 30 मार्च विभिन्न आयामों पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है परिषद के नेटवर्क नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों, प्रस्फुटन समितियों द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से जन समुदाय की सहभागिता के साथ जल संरक्षण के लिए नदी घाट, तालाबों, प्राचीन बावड़ी एवं अन्य जल संरचनाओं में सतत स्वच्छता श्रमदान कार्य किया जा रहा है आज 30 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों में जल संरक्षण गतिविधियां संचालित की गई, सुबह जबलपुर नगर में गढ़ा स्थित प्राचीन बावड़ी जल मंदिर में नवांकुर संस्था रचना बाल कल्याण समिति के संयोजन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकास खण्ड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर, नवांकुर संस्था प्रमुख आशीष व्यास, संदीप रजक,श्याम पटेल एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही, इसी प्रकार कटंगी नगर स्थित तालाब में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था अहिंसा अक्षर फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में आज श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया गया, श्रमदान कार्य में में नगर के जन समुदाय, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों के साथ तालाब में जल कुंभी, प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं अन्य कचरों को निकाल कर सफाई की गई, इस अवसर पर मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे, परामर्शदाता कमल झारिया ,अध्यक्ष , शिवराज सिंह चौहान सहित



अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विकास खंड पनागर में जन समुदाय को अभियान के प्रति जागरूक करने एवं अभियान के लोक व्यापीकरण एवं प्रचार प्रसार हेतु नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल द्वारा जल चौपाल एवं गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में जन समुदाय की सहभागिता रही, बेलाखडू सेक्टर में पनागर विकास खण्ड की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मंगेला के द्वारा आज ग्राम मोहास बेलखाडू बघोड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम चौपाल,व तालाब स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ग्राम चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्राम वासियो को जल संरक्षण,जल के दुरुपयोग से होने वाले भीषण जल संकटों,गिरते भूजल से होने वाली परेशानियों से सभी को जागरुक करते हुऐ स्थानीय तालाब की साफ सफाई स्वच्छता कार्यक्रम स्थानीय जनसमुदाय के साथ मिलकर श्रमदान से किया गया है। सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखण्ड समन्वयक, ग्राम पंचायत सरपंच गौरी पटेल,अजय पटेल नवांकुर संस्था,सुभम पटेल मेंटर उपस्थित रहे।

### दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

## भवनहीन स्कूलों के मामले ने पकड़ा जोर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में 200 से अधिक ऐसे शासकीय विद्यालय हैं जहाँ बच्चों को शिक्षा भवन के अभाव में मंदिरों, पेड़ों के नीचे या अस्थायी ढाँचों में दी जा रही है। यह न केवल शिक्षा के स्तर पर प्रश्नचिन्ह है, बल्कि संविधान प्रदत्त शिक्षा के अधिकार की भी अवहेलना है। विषय की गंभीरता को देखते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री विराज यादव ने जब राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह को पूरा मामला बताया तो तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। श्री दिग्विजय सिंह ने पत्र में लिखा उक्त विषय में वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। विगत दिनों एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री विराज यादव ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री को शिकायत कर यह मांग की थी कि प्रदेश में ऐसे 200 से अधिक सरकारी स्कूल हैं, जो बिना भवन के—मंदिरों, पेड़ों के नीचे या अस्थायी स्थानों पर संचालित हो रहे हैं।

### निधन

**श्री सुनील कनकनेः** सिहोरा में झंडा बाजार निवासी सुनील कनकने का 66 शाल की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गहोई मुक्तिधाम मझौली बायपास में किया गया। वे अनिल,अभय कनकने के भाई थे।

**श्रीमती राजरानी शर्मा–** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री राजेंद्र कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजरानी शर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती भागवती बाई चौहान–** गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास निवासी श्री कन्हैया लाल चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई चौहान (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम लडिय़ा–** अमन नगर माढ़ोताल निवासी गाड़ाघाट वाले श्री तुलसीराम लडिय़ा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**कु. अनीता बाई–** रामपुर शंकरशाह वार्ड चौधरी मोहल्ला निवासी श्री गोपी की पुत्री कु. अनीता बाई (38) का 38 निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण महाजन–** बेदी नगर नागपुर रोड निवासी श्री शिव कुमार महाजन की धर्मपत्नी श्रीमती किरण महाजन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मनोरमा तिवारी–** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री राकेश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पापादास समन–** कांचघर सर्वोदय स्कूल के पास निवासी श्री पापादास समन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तुलसीराम ठाकुर–** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री तुलसीराम ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव प्रसाद अहिरवार–** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री शिव प्रसाद अहिरवार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362110

# सोने और चांदी में गिरावट से अक्षय तृतीय पर जमकर हुई खरीदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ता भारत में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने और चांदी की खरीदारी में तेजी आई। कीमतें अधिक होने के बावजूद मूल्यवान धातु की खरीद को लेकर आकर्षण बना रहा।

- दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही

आभूषण विक्रेताओं के संगठन अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने अनुमान लगाया है कि पिछले साल की तुलना में मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही तथा महाराष्ट्र तथा उत्तरी राज्यों में भी शाम के समय तक इसमें वृद्धि दर्ज की गई।

## पिछले साल की तुलना में बिक्री में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज

### सोने, हीरे तथा चांदी में रुचि बनी रही

पीएनजी ज्वैलर्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा कि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद उपभोक्ता धारणा सकारात्मक बनी रही। सोने, हीरे तथा चांदी के आभूषणों में लगातार रुचि बनी रही। मूल्य के हिसाब हमें 20-25 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है जो बाजार के मजबूत होने का एक अच्छा संकेत है।'

*16,000 करोड़ रुपए का कारोबार : अखिल भारतीय आभूषण एवं स्वर्णकार महासंघ के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने अनुमान लगाया है कि लगभग 12 टन सोना बिकेगा, जिसकी कीमत लगभग 12,000 करोड़ रुपए होगी। करीब 400 टन चांदी बिकेगी, जिसकी कीमत 4,000 करोड़ रुपए होगी। इस प्रकार कुल 16,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।*



### पिछले साल 20 टन सोना बिका था

रोकड़े ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सोने की बिक्री पिछले साल के 20 टन के स्तर पर स्थिर रहेगी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में, सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।' अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना दक्षिण भारत में व्यापक रूप से प्रचलित परंपरा है, जो बढ़ती जागरूकता के साथ धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई है।

### पिछले साल से इस साल सोना 37 फीसदी महंगा

देश के विभिन्न हिस्सों में सोने की कीमतें 99,500 रुपए से 99,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रही, जो 2024 में अक्षय तृतीया पर 72,300 रुपए से 37.6 प्रतिशत अधिक है। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने बताया कि जो उपभोक्ता ऊंचे दामों पर सोना खरीदने से हिचकिचा रहे थे, वे अब खरीदारी कर रहे हैं क्योंकि कीमतें उच्च स्तर पर जाने के बाद लगभग स्थिर हो गई है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 154 फीसदी बढ़ा

vedanta

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 154.4 प्रतिशत बढ़कर 3,483 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,369 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ दो गुना से अधिक



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दो गुना से अधिक होकर 313 करोड़ रुपये रहा। बैंक को फंसे कर्ज में कमी और मुख्य आय में वृद्धि से मदद मिली है। बैंक का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 139 करोड़ रुपये रहा था।

### बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 24 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 24 प्रतिशत घटकर 3,214.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि सब्सिडी वाले घरेलू रसोई गैस एलपीजी की बिक्री में घाटे और कम रिफाइनिंग मार्जिन के कारण उसका मुनाफा घटा।

### अस्थिर बाजार के कारण एलजी ने आईपीओ टाला

LG

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के प्रस्तावित आईपीओ को टाल दिया है। दक्षिण कोरियाई कारोबारी समूह चैबोल मई के दूसरे सप्ताह में आईपीओ लाने और उसके बाद एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहा था।

### आर्सेलरमित्तल के लाभ में 14 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात विनिर्माता आर्सेलरमित्तल की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 80.5 करोड़ डॉलर पर आ गया। वैश्विक चुनौतियों के बीच कम बिक्री होने से इसका मुनाफा घटा है। भारतीय बाजार में भी अच्छी मौजूदगी रखने वाली आर्सेलरमित्तल ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### फिलिप्स को कारोबार दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** नीदरलैंड की कंपनी फिलिप्स को अपने 'प्रमुख बाजार' भारत में अपना कारोबार अल्पावधि से लेकर मध्यावधि में दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह संभावना जताई। फिलिप्स के क्षेत्रीय प्रमुख (निजी स्वास्थ्य) विद्युत कौल ने कहा कि भारत के अगले पांच वर्षों में कंपनी के शीर्ष पांच बाजारों में आने की क्षमता है और उसे दहाई अंकों की वार्षिक वृद्धि से मदद मिलेगी। भारत वर्तमान में फिलिप्स के शीर्ष 10 बाजारों में से एक है।

### आईटीआर फॉर्म एक और चार किए गए अधिसूचित

# आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म किए अधिसूचित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित किया है। इसके साथ सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।

सरकार ने 80सी, 80जीजी और अन्य धाराओं के तहत दावा की गई कटौती के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। साथ ही, करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा। एक बार जब आयकर विभाग द्वारा आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं।

### ऑडिट नहीं करवाने वालों के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आम तौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी/मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं।




### सुगम 50 लाख तक की आय वाले कर सकते हैं दाखिल

'सुगम' को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और कंपनियों(सीमित देयता भागीदारी के अलावा) द्वारा दाखिल किया जा सकता है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और व्यवसाय से और कोई पेशेवर आय हो। आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और एचयूएफ द्वारा दाखिल किया जाता है जिनकी आय, व्यवसाय या पेशेवर लाभ या प्राप्ति से नहीं होती है।

*रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया सरल हुई : यह कदम व्यक्तिगत करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाकर करदाता सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। इस बदलाव से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा मिलने, दस्तावेज दाखिल करने संबंधित तनाव कम होने और छोटे करदाताओं के लिए प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की उम्मीद है।"*

### वेतनभोगी को आईटीआर-2 दाखिल करना होता है

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि अब तक पूंजीगत लाभ के अंतर्गत आने वाले वेतनभोगी व्यक्तियों को आईटीआर-2 फॉर्म दाखिल करना होता था। भले ही धारा 112ए के तहत निर्धारित सीमा के कारण पूंजीगत लाभ को छूट प्राप्त हो, जिसके परिणामस्वरूप पूंजीगत लाभ की प्राप्ति, प्रतिभूतियों के विवरण आदि सहित विस्तृत जानकारी की आवश्यकताएं होती थीं।

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वालों के लिए रिटर्न दाखिल आसान बनाया
- सरकार ने 80सी व 80जीजी के दावा कटौती के फार्म में बदलाव किया
- करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में खंडवार विवरण देना होगा

*1.25 लाख तक एलटीसीजी को कर से छूट : आयकर कानून के तहत, सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है।*

### आईटीआर-1 में विदेश यात्रा की जानकारी मांगी गई

पिछले साल के फॉर्म की तरह, आईटीआर-1 में भी व्यक्तियों से यह जानकारी मांगी गई है कि क्या उन्होंने अपने या किसी अन्य व्यक्ति के लिए विदेश यात्रा पर दो लाख रुपये से अधिक का खर्च किया है। इसमें यह भी जानकारी मांगी गई है कि क्या करदाता ने पिछले वर्ष के दौरान बिजली की खपत पर एक लाख रुपये से अधिक खर्च किया है।

### सहज मध्यम करदाताओं के लिए

आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) सरल फॉर्म हैं जो बड़ी संख्या में छोटे तथा मध्यम करदाताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं। 'सहज' को ऐसे व्यक्ति दाखिल कर सकते हैं, जिसकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और जो वेतन, एक मकान की संपत्ति, अन्य स्रोतों (ब्याज) तथा कृषि आय से 5,000 रुपये प्रति वर्ष तक की आय प्राप्त करता हो।

# मानसून का पूर्वानुमान कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- इंडिया रेटिंग्स ने बताया, खपत को मिलेगा बढ़ावा
- मानसून के सामान्य से थोड़ा बेहतर रहने का पूर्वानुमान

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को कहा कि 2025 में मानसून के सामान्य से थोड़ा बेहतर रहने के मौसम विभाग के पूर्वानुमान से कृषि क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इससे मौद्रिक स्थिति में सहजता के साथ ही भारत को जवाबी शुल्कों के प्रतिकूल प्रभाव का सामना करने में मदद मिलेगी।


भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का पूर्वानुमान है कि पूरे देश में मानसून की बारिश दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 105 प्रतिशत रहेगी। इसमें पांच प्रतिशत के घट-बढ़ की गुंजाइश है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि आईएमडी का पूर्वानुमान न केवल किसानों के लिए बल्कि सामान्य रूप से अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छी खबर है। ऐसे में भारत एक और साल लगभग चार प्रतिशत की कृषि वृद्धि दर्ज कर सकता है। रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त के प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, ''यह अर्थव्यवस्था में उपभोग वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। हमारे पास पहले ही दो अच्छी फसलें हैं - खरीफ 2024 और रबी 2024, और वित्त वर्ष 2025-26 में दो और अच्छी फसलों की उम्मीद के साथ ही मुद्रास्फीति नियंत्रण और मौद्रिक सहजता हासिल करने में मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था जवाबी शुल्क के प्रतिकूल प्रभावों को झेलने में सक्षम होगी।''

### मानसून ने कृषि क्षेत्र का जोखिम कम किया

इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि सिंचाई में वृद्धि, कृषि मूल्य संवर्धन में गैर-फसल का अधिक हिस्सा और रबी सीजन में उच्च खाद्यान्न उत्पादन ने मानसून की अनिश्चितताओं के प्रति कृषि क्षेत्र के जोखिम को कम किया है। मानसून के महीनों में बारिश की स्थिति और भौगोलिक प्रसार पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 46 अंक गिरा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली रही
- नकारात्मक धारणा के बावजूद विदेशी संस्थाओं ने किया निवेश

स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा। शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे। बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ।

*मारुति के शेयर में रही बढ़त : दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.72 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे।*

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि बजाज फाइनेंस में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## सिएट का लाभ 3 फीसदी घटकर 99 करोड़ रुपए...



**नई दिल्ली।** टायर विनिर्माता कंपनी सिएट का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में तीन प्रतिशत घटकर 99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 102 करोड़ रुपये रहा था। चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय बढ़कर 3,421 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,992 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 471 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 635 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में परिचालन आय बढ़कर 13,218 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 11,943 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये (300 प्रतिशत) का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# चीन के निर्यात ऑर्डर में अप्रैल में आई गिरावट

- चीन के उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क का पड़ा प्रभाव
- अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में भी कमी आई

एजेंसी ⏭ हांगकांग



चीन से उत्पादों के अमेरिकी आयात पर उच्च शुल्क का असर अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। चीन के लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग फेडरेशन द्वारा किए गए आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में कमी आई है।

अमेरिकी प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का आदेश दिया है जिसका असर अब उसके निर्यात पर दिखने लगा है। हालांकि, चीन ने भी इसके जवाब में अमेरिकी वस्तुओं 125 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

*आईएमएफ ने परिदृश्य खराब रहने की बात कही : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएफएफ) ने भी हाल ही में इस और अगले वर्ष अमेरिका तथा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिदृश्य काफी खराब रहने की बात कही थी। उसने अनुमान लगाया कि इस वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मात्र 2.8 प्रतिशत रहेगी, जो जनवरी में लगाए गए 3.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।*

# आईपीओ लाने के पहले शेयरधारकों के लिए डीमैट खाता हो अनिवार्य : सेबी

- सेबी ने अनिवार्य करने के लिए रखा प्रस्ताव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज दाखिल करने से पहले कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और मौजूदा कर्मचारियों सहित चुनिंदा शेयरधारकों के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने को अनिवार्य करने का बुधवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस प्रस्ताव को अगर लागू किया जाता है, तो भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से जुड़ी अक्षमताओं और जोखिमों को खत्म करने में मदद मिलेगी। भौतिक शेयरों के साथ चोरी, जालसाजी और हस्तांतरण और निपटान में देरी जैसे जोखिम जुड़े होते हैं। बाजार नियामक ने इस प्रस्ताव पर 20 मई तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, /"विभिन्न नियामकीय निर्देशों और सुविधा तंत्रों के बावजूद आईपीओ-पूर्व शेयरधारकों, जैसे निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों वरिष्ठ प्रबंधन, विक्रेता शेयरधारकों और यहां तक कि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के बीच भी भौतिक शेयरों की महत्वपूर्ण मात्रा बनी रहती है। इससे एक नियामकीय अंतराल पैदा होता है जो सूचीबद्धता के बाद भी भौतिक शेयरों की अच्छी मात्रा बनाए रखने की अनुमति देता है।/

# सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में की 15 रुपए की वृद्धि



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- लाभकारी मूल्य 4 .41 फीसदी बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल की
- 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एमआरपी 340 रुपए प्रति क्विंटल है

सरकार ने बुधवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 4.41 प्रतिशत बढ़ाकर 355 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया।

गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। चालू 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। केंद्र सरकार एफआरपी तय करती है, जो अनिवार्य न्यूनतम मूल्य है। चीनी मिलें गन्ना किसानों को उनकी उपज के लिए यह मूल्य देने को कानूनी रूप से बाध्य हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद बताया कि मूल वसूली दर यानी प्रसंस्करण के दौरान गन्ने से प्राप्त चीनी 10.25 प्रतिशत रहने पर 355 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी स्वीकृत किया गया है। गन्ने से चीनी प्राप्ति 10.25 प्रतिशत से अधिक होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए किसानों को 3.46 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम दिया जाएगा।

इसी तरह दर कम होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत कमी के लिए एफआरपी में 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की कमी की जाएगी। इस तरह 9.5 प्रतिशत की दर पर किसानों को 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

### गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपए प्रति क्विंटल

बयान के अनुसार चीनी सत्र 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 10.25 प्रतिशत चीनी प्राप्ति दर पर 2025-26 के लिए निर्धारित 355 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है।

## पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव से अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा

# भारतीय एयरलाइंस की लागत 77 करोड़ सप्ताह में बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ मुंबई/ नई दिल्ली


- हवाई क्षेत्र में रोक के कारण विमान ईंधन का खर्च बढ़ जाएगा

भारतीय एयरलाइंस को पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच देश के उत्तरी शहरों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रति सप्ताह 77 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। हवाई क्षेत्र पर लगी रोक के कारण विमानन ईंधन की खपत बढ़ने और उड़ान की अवधि लंबी होने के कारण ऐसा होगा।

विदेशी उड़ानों की संख्या और उड़ान अवधि बढ़ने के साथ ही अनुमानित खर्चों के बारे में एक विश्लेषण से पता चला कि एयरलाइंस की अतिरिक्त मासिक परिचालन लागत 306 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।

### डेढ़ घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा

इस बीच पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय एयरलाइंस को अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोक देगा। वैकल्पिक उड़ान मार्ग अपनाने से दिल्ली और उत्तर भारतीय शहरों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1.5 घंटे तक का अतिरिक्त समय लग रहा है। इसकी वजह से विमानन ईंधन की खपत भी बढ़ गई है।



*मासिक खर्च 307 करोड़ रुपए होगा विश्लेषण के अनुसार कुल अतिरिक्त मासिक खर्च लगभग 307 करोड़ रुपये और साप्ताहिक आधार पर 77 करोड़ रुपये होगा। ये आंकड़े मोटे अनुमान पर आधारित हैं।*

*800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें : भारतीय एयरलाइंस उत्तर भारतीय शहरों से उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया सहित विदेशी गंतव्यों के लिए 800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती हैं।*

*पश्चिम एशिया की उड़ानों में 45 मिनट अधिक लगेगा : अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया की उड़ानों के मामले में अतिरिक्त समय करीब 45 मिनट होगा और इसके चलते लागत करीब पांच लाख रुपये बढ़ जाएगी। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के मुताबिक, भारतीय विमानन कंपनियां अप्रैल में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए एकतरफा 6,000 से अधिक उड़ानें संचालित करने वाली हैं।*

### उड़ान पर 29 लाख की लागत आएगी

वाणिज्यिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले एयरलाइन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उत्तरी अमेरिका की 16 घंटे की उड़ान के लिए अब करीब 1.5 घंटे का समय और लगेगा। इस 1.5 घंटे की अतिरिक्त उड़ान पर करीब 29 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी तरह, यूरोप के लिए नौ घंटे की उड़ान पर भी करीब 1.5 घंटे का अतिरिक्त समय लगेगा और इस पर लागत करीब 22.5 लाख रुपये बढ़ जाएगी।

## चिंतन

# जाति जनगणना बिलकुल सही, सावधानी भी जरूरी

जनगणना किसी भी देश, समाज के विकास की धुरी होती है। जनगणना के आंकड़ों से ही सरकार को अंतिम छोर तक बैठे आम नागरिक, परिवार की सही जानकारी मिलती है। जनगणना के दौरान सिर्फ लोगों की संख्या नहीं गिनी जाती, बल्कि उनके घर-परिवार, धर्म, भाषा, शिक्षा और रोजगार और सुविधाओं के बारे में भी पूछा जाता है, जिससे शासन को पता लगता है कि उसके द्वारा चलाई गई योजनाओं का कितना लाभ आमजन तक पहुंचा है। 2011 में हुई जनगणना में लोगों से कुल 29 सवाल पूछे गए थे, लेकिन इनमें जाति से जुड़ा प्रश्न शामिल नहीं था। इसे लेकर विपक्ष लगातार सवाल भी उठा रहा था। बिहार समेत अनेक राज्य सरकारों ने प्रदेश में जाति जनगणना करवाना भी शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बकाया इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा कि देश में जल्द से जल्द जाति जनगणना करवाई जानी चाहिए। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6 प्रतिशत थी। ऐसा नहीं है कि देश में जाति जनगणना पहली बार हो रही है। आजादी से पहले जनगणना में सभी लोगों की जाति पूछी जाती थी। 1947 में देश के आजाद होने के बाद जाति संबंधित आंकड़े इकट्ठे न करने का फैसला लिया गया। डर था कि जाति पूछने से जाति व्यवस्था की जड़ें और गहरी होती जाएंगी। हालांकि, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों की गिनती जारी रही। यानी देश में एससी-एसटी वर्ग के लोगों की गिनती तो होती है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग के लोगों की गिनती नहीं की जाती। कई सालों से कई राजनीतिक पार्टियां और संगठन जाति जनगणना करवाने की मांग कर रहे थे। डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-2 के शासनकाल में भी जाति आधारित जनगणना की मांग जोर-शोर से उठी थी। सरकार ने 2011 में 'सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना भी करवाई थी, लेकिन इसके आंकड़े जारी ही नहीं किए गए। अब इसकी सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जाति जनगणना से ही पता लग पाएगा कि देश की किसी समाज ने कितनी उन्नति की गई। जो पिछड़े रह गए हैं, उन्हें भी आगे लाने के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी। जातिगत जनगणना कई अन्य नीतिगत सवालों के लिए भी जरूरी है। क्या एससी/ एसटी/ ओबीसी कोटा के अंदर उप-वर्गीकरण होना चाहिए। क्या कुछ जातियों को ओबीसी कोटा का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्या एससी/ एसटी वर्ग में भी क्रीमीलेयर होनी चाहिए। हां, इसके लिए बहुत सावधानी भी रखनी होगी। साल 1990 में सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिश पर ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। उसके बाद देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुए। देश में तनाव के हालात पैदा हो गए। अगर जातिगत जनगणना के बाद आरक्षण बढ़ाने की मांग उठी, तो जाति-वर्गों के आपसी रिश्ते फिर बिगड़ सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और इसका ध्येय सबका साथ सबका विकास ही रहे।



**वेव्स समिट**
मुरारी गुप्ता

# प्रसार भारती लाएगा कंटेंट क्रांति

भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

भारत में मीडिया और मनोरंजन जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों के कंटेंट देखने के तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। इसी परिवर्तनशील माहौल में अब प्रसार भारती ने भी एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस मंच पर समाचार, मनोरंजन, शिक्षा, संस्कृति, खेल और बच्चों के लिए सामग्री जैसी विभिन्न श्रेणियों के कार्यक्रम उपलब्ध होंगे। वेव्स ओटीटी का उद्देश्य बड़े निजी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की एकरूपता से अलग हटकर भारतीय भाषाओं, ग्रामीण भारत की कहानियों और पारंपरिक कला को प्रमुखता देना है। इस मंच पर "लोकल टू ग्लोबल" सिद्धांत के तहत देश के हर कोने की आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की योजना है। मुंबई में हो रहा ऐसा पहला बड़ा आयोजन है, जो प्रसार भारती के डिजिटल भविष्य की नींव रख रहा है।

इसका उद्देश्य स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कलाकारों को नए शो और प्रोजेक्ट्स में शामिल करना है। इसके अलावा भारतीय भाषाओं के पुनर्जागरण के लिए भी यह महत्वपूर्ण होने वाला है। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, आदि में भी ओरिजिनल कंटेंट का निर्माण इसके तहत किया जाएगा। तकनीकी नवाचार के अंतर्गत फाइव जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल प्रोडक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा। स्टार्टअप्स के लिए वेव्स ओटीटी पर पार्टनर बनने के अवसर खोले जा रहे हैं। इस सम्मेलन का मकसद भारत की कहानियों को भारत की ही आवाज में वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है। ओटीटी के जरिए कंटेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा। आज अधिकतर बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म एक सीमित और अक्सर पश्चिमी सोच से प्रेरित कंटेंट पर केंद्रित हैं। वेव्स ओटीटी इस एकरसता को तोड़ेगा। इसमें स्थानीय लोककथाओं, भारतीय इतिहास के अनछुए पहलुओं, भारतीय सामाजिक जीवन के विविध रंगों, आदिवासी जीवन की कहानियां, ग्रामीण नायकों के संघर्ष आदि का प्रस्तुतिकरण होगा। उदाहरण के तौर पर एक छोटे गांव की युवा खिलाड़ी की कहानी की बात करनी हो या फिर लुप्त होती लोककला को बचाने का संघर्ष। यह सब वेव्स ओटीटी पर मुख्यधारा में आएगा।

वेव्स ओटीटी के माध्यम से स्वतंत्र क्रिएटर्स को मंच मिलेगा। अब तक स्वतंत्र कलाकारों और निर्देशकों के पास बड़े प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मुश्किल रही है। वेव्स ओटीटी सीधे स्वतंत्र क्रिएटर्स से प्रोजेक्ट्स आमंत्रित करेगा। उनके लिए ओपन पिचिंग सत्र आयोजित होंगे,



जहां नए लेखक, निर्देशक और निर्माता अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यूं कह सकते हैं कि इससे बिना किसी गॉडफादर के भी प्रतिभा को पहचान और काम मिलेगा। और सबसे बड़ी बात इससे क्षेत्रीय भाषाओं में बड़ा अवसर मिलने वाला है। भारत की असली कहानी सुननी है तो उसकी क्षेत्रीय भाषाओं को सुनिये। वेव्स ओटीटी इन भाषाओं में कंटेंट तैयार कर न केवल स्थानीय दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भारतीय भाषाओं की पहचान को मजबूत करेगा। इससे भारतीय भाषाओं की पहुंच दुनियाभर तक होगी और लोग भारतीय भाषाओं को जानने और समझने का प्रयास करेंगे। वेव्स ओटीटी का विजन सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। इसकी रणनीति है भारतीय डायस्पोरा तक पहुंचना। यूएस, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट में बसे करोड़ों भारतीय मूल के लोग इसके माध्यम से अपनी मिट्टी की कहानियों से जुड़ सकेंगे। दूसरे शब्दों में यह "ब्रांड इंडिया" को सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त करेगा। इसके माध्यम से देशभर में नई प्रतिभाओं को भरपूर मौका मिलने वाला है। वेव्स ओटीटी पर स्क्रिप्ट राइटिंग से लेकर एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग, म्यूजिक प्रोडक्शन, वॉयस ओवर, आर्ट डायरेक्शन तक हर क्षेत्र में नए लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। आने वाले समय में ओपन कास्टिंग कॉल और क्रिएटिव फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे, जहां बिना किसी एजेंसी या सिफारिश के भी प्रतिभाशाली लोग सीधे आवेदन कर सकते हैं। आने वाले दिनों में केवल मुंबई या दिल्ली ही नहीं, बल्कि लखनऊ, भोपाल, जयपुर, पटना, कोच्चि जैसे शहरों के छोटे स्टूडियो भी वेव्स ओटीटी के साथ प्रोजेक्ट कर पाएंगे। इससे मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकेन्द्रीकरण होगा। आने वाले वक्त में वेव्स ओटीटी की शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी होगी। इससे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है। प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में कंटेंट के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक साहसी कदम है। यह मंच भारतीयता को नई तकनीक और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसा डिजिटल भारत रचने वाला है, जहां हर कहानी को आवाज मिलेगी, हर सपने को उड़ान मिलेगी। 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' जैसे पहल के माध्यम से, नए फिल्ममेकर्स, गेम डेवलपर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

यह न केवल भारत में रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कंटेंट की मांग को भी बढ़ाएगा। इस बदलाव से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय और स्थानीय कहानियों का प्रसार बढ़ेगा, जो सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएगा। यह समिट भारतीय सिनेमा, वेब सीरीज, और गेमिंग उद्योग को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विदेशी कंटेंट निर्माता भारतीय बाजार की संभावनाओं को समझेंगे, जिससे सह-निर्माण और क्रॉस-बॉर्डर प्रोजेक्ट्स में वृद्धि होगी। 'वेव्स बाजार' जैसे पहल के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को निवेश और मेंटरशिप मिलने से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, डिजिटल कंटेंट की बढ़ती मांग से फ्रीलांस क्रिएटर्स, एडिटर्स, और तकनीशियनों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सम्मेलन में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे मीडिया जिम्मेदारी के साथ कंटेंट प्रस्तुत कर सकता है, खासकर संवेदनशील मुद्दों पर। यह बदलाव डिजिटल और पारंपरिक मीडिया को अधिक विश्वसनीय और नैतिक बनाने में मदद करेगा।

(लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## श्रमिक दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल




# मेहनतकश हाथों को सलाम

विश्व के किसी भी देश की प्रगति को मापने का सबसे मौलिक और प्रभावशाली पैमाना उस देश के श्रमिक वर्ग की स्थिति होती है। चाहे उद्योग हो, व्यापार, निर्माण क्षेत्र, कृषि या सेवा क्षेत्र, हर स्थान पर श्रमिकों की मेहनत की नींव पर ही आर्थिक संरचना खड़ी होती है। यह वर्ग न केवल निर्माण करता है बल्कि देश की आर्थिक धुरी को गति भी देता है। 21वीं सदी के इस तकनीकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से युक्त युग में भी मानव श्रम की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि आज भी कई ऐसे कार्यक्षेत्र हैं, जहां मशीनीकरण के बावजूद मानव हस्तक्षेप अनिवार्य है। अतः श्रमिक दिवस मनाना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि समर्पण है, उन करोड़ों श्रमिकों के प्रति, जिनके पसीने से राष्ट्र निर्माण होता है। प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस उसी बलिदान और संघर्ष की स्मृति है, जिसने दुनियाभर में श्रमिकों के अधिकारों को एक दिशा देने का कार्य किया। इसका आरंभ 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुए एक ऐतिहासिक हड़ताल से हुआ, जिसमें श्रमिकों ने 8 घंटे की कार्यावधि सुनिश्चित करने की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन किया। यह वह समय था, जब मजदूरों से दिन-रात 12 से 16 घंटे तक कार्य लिया जाता था और कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। जब शिकागो के हेय मार्केट में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा गोलीबारी की गई और कई मजदूरों की मृत्यु हुई तो यह घटना दुनियाभर में एक चेतना की चिंगारी बन गई। भारत में श्रमिक दिवस पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था, जब कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने इसका आयोजन किया। यह पहल इस विचार से प्रेरित थी कि जब पूरी दुनिया के मजदूर एकता का प्रतीक दिवस मना रहे हैं तो भारत को इससे अछूता नहीं रहना चाहिए। यही कारण है कि आज यह दिन एक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्य है । समय के साथ विश्व की आर्थिक व्यवस्थाएं बदली हैं, श्रम कानूनों में अनेक सुधार हुए हैं, तकनीक ने कुछ कार्यों को सुगम बनाया है लेकिन आज भी करोड़ों श्रमिक न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण से वंचित हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्वभर में लगभग 200 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनमें से 61 प्रतिशत श्रमिकों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है। भारत में ही करीब 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में आता है, जो बिना किसी स्थायी अनुबंध, स्वास्थ्य बीमा, पीएफ या पेंशन योजना के कार्य करता है। हालांकि सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे 'ई-श्रम पोर्टल', 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना', 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना' लेकिन इनके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर खामियां देखी जा सकती हैं। उदाहरण के लिए, मार्च 2024 तक ई-श्रम पोर्टल पर 29 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका था लेकिन इनमें से मात्र 13 प्रतिशत को ही किसी न किसी सरकारी योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिला। महिला श्रमिकों की स्थिति और भी दयनीय है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, घरेलू कामगारों, खेतिहर मजदूरों और ईंट भट्टों में काम करने वाली महिलाओं को यौन शोषण, वेतन भेदभाव और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रमिक दिवस का वास्तविक उद्देश्य वर्षभर श्रमिकों के लिए सम्मानजनक जीवन, उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और न्यायपूर्ण नीतियों की दिशा में प्रयास करने की चेतावनी है। यह दिन हमें सोचने को विवश करता है कि जब हम ऊंची-ऊंची इमारतों, चमकते मॉल, चौड़ी सड़कों और विकसित शहरों की बात करते हैं तो उन सबके पीछे किसका श्रम छिपा है? आज भी हमें यह विचार करना पड़ता है कि करोड़ों मजदूर क्यों न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, क्यों उनके घरों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और क्यों उनका श्रम केवल शोषण बनकर रह गया है। जब हम एक निर्माण स्थल पर मजदूर को देखते हैं तो उसमें केवल एक श्रमिक नहीं बल्कि देश निर्माता देखना होगा। जब हम किसी घरेलू सहायिका को देखते हैं तो उसमें सेवा नहीं, आत्मसम्मान की भावना देखनी होगी। जब हम किसी खेत में काम कर रहे किसान को देखते हैं तो उसमें केवल एक ग्रामीण नहीं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का प्रहरी देखना होगा। यदि हमें अपने राष्ट्र को वास्तव में मजबूत बनाना है तो अपने श्रमिकों को मजबूत बनाना होगा, उनके श्रम को सम्मान देना होगा, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देनी होगी और उन्हें वह अधिकार देने होंगे, जिनके वे सच्चे अधिकारी हैं। केवल तभी यह दिन अपने वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति कर पाएगा और सच्चे अर्थों में श्रमिकों को सम्मान दिला पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
**प्रेरणा**

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

## सटाका




## आज की पाती

### हमें कमजोर समझने की भूल न करे पाकिस्तान

हाल ही में पहलगाम में मानवता को शर्मसार करने वाला आतंकी हमला निर्दोष और निहत्थे लोगों पर हुआ, उसके लिए पाकिस्तान माफ करने योग्य बिल्कुल नहीं है। अगर पाकिस्तान का इस हमले में हाथ नहीं होता और वह हमारे देश के प्रति जरा भी हमदर्दी रखता तो वह पहलगाम में हुए नरसंहार पर दुख जताता और आतंकवाद के विरुद्ध वैसी ही आवाज उठाता जैसे दुनिया के दूसरे देश हमारे साथ दुख की घड़ी में साथ खड़े दिख रहे हैं। लेकिन नहीं, अपने यहां पाली आतंकवाद की फसल को पाकिस्तान खुद कैसे बर्बाद कर सकता है? पाकिस्तान हिंसा पर विश्वास रखता है, जबकि हमारा देश जानता है कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान हमें कमजोर समझने की भूल कर रहा है। *-विष्णु साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

# रूस ने चीन को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल दी


रूस ने चीन को अत्याधुनिक एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की है जिसमें 'आश्चर्यजनक बातें' हैं। लेकिन चीन अब भी कुछ बातों को लेकर परेशान है। रूसी 'एस-400 ट्रायम्फ'' वायु रक्षा प्रणाली को अपनी श्रेणी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। उसे उनकी अच्छी विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के हवाई लक्ष्यों को रोकने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीन ने 2014 में कई 'एस-400 ट्रायम्फ' खरीदने के लिए रूस के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कई वर्षों बाद, उस सौदे के बारे में रोचक विवरण सामने आए। इस सौदे ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया और इसे चीनी-रूसी सैन्य सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया। इसे चीन द्वारा अपनी राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया। हालांकि, चीनी इंटरनेट सेवा सोहू के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को दिए गए एस-400 सिस्टम का आज शायद ही कहीं कोई उल्लेख है। इसके अलावा, वे शायद ही कभी चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में दिखाई देते हैं, और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में वस्तुतः कोई खबर नहीं है।



## ऑफ बीट

# गर्मियों में घर के पिछले हिस्से को ऐसे ठंडा बनाएं

गर्मियों में ठंडक का एहसास पाने के लिए बगीचे की डिजाइन और रखरखाव को लेकर हम जो फैसले लेते हैं, मिसाल के तौर पर लॉन में प्राकृतिक घास लगानी है या 'आर्टिफिशियल टर्फ' बिछाना है, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आर्टिफिशियल टर्फ' कृत्रिम रेशों से बनी उस सतह को कहते हैं, जो प्राकृतिक घास की सतह की तरह नजर आती है। इसे आम तौर पर खेल के मैदानों और आवासीय लॉन में बिछाया जाता है। गर्मी के दिनों में 'आर्टिफिशियल टर्फ'' धूप की गर्मी को अवशोषित कर लेता है, जिससे इसकी सतह काफी गर्म हो जाती है और इसके संपर्क में आने वाले लोगों की त्वचा जल सकती है। वहीं, प्राकृतिक घास वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से खुद को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में सक्षम है। ऐसे में बाग के लिए प्राकृतिक घास का चयन ज्यादा बेहतर विकल्प है। इसके अलावा, आप घर के पिछले हिस्से में मौजूद बागीचे में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करके और घनी छांव देने वाले पेड़ लगाकर भी उसे ठंडा रख सकते हैं। आवासीय लॉन या बालकनी में 'आर्टिफिशियल टर्फ' का इस्तेमाल इसलिए बढ़ रहा है, क्योंकि यह न केवल सस्ता होता है, बल्कि इसका रखरखाव भी आसान होता है।



## ट्रेंड

### मेरी गहरी संवेदना




कोलकाता की एक इमारत में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की दुखद खबर बहुत परेशान करने वाली और दर्दनाक है। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अद्भुत अनुभव



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए मैराथन में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा! युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### भाजपा की मनमानी



राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### केंद्र सरकार झुकी



राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना की माँग सबसे पहले उठायी थी और अंततः भाजपा की केंद्र सरकार को राहुल गांधी की माँग के आगे झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना पर सहमत होना पड़ा।
-कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# खास तरीके से डिजाइन... समुद्री जहाज पर उतर जाते हैं तेज तर्रार राफेल-एम फाइटर

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और ज्यादा बिगड़ चुके हैं। यही वजह है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में खुद को और मजबूत बनाने में लगा हुआ है। इसी क्रम में हाल में भारत और फ्रांस के बीच एक ऐतिहासिक राफेल डील साइन हो चुकी है। समझौते के तहत भारत, फ्रांस से 26 राफेल विमान की खरीदी करेगा। इसमें 22 सिंगल सीटर विमान और चार डबल सीटर विमान शामिल हैं। इस डील की कीमत करीब 63,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी कड़ी में आज हम आपको राफेल के बारे में कुछ दिलचस्प बात बताने जा रहे हैं।

## माइक्रोवेव लैंडिंग सिस्टम से मदद



### खास डिजाइन किया गया है राफेल-एम

राफेल एम फाइटर जेट को कुछ इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि यह खासतौर से समुद्री विमान पर उतर सकता है और उड़ान भी भर सकता है। इसमें कुछ खास टेक्निकल स्पेशलिटी है, जो कि इसको खास बनाने का काम करती है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, जंप स्ट्रट नोज व्हील, अरेस्टिंग हुक जैसी चीजें शामिल हैं। ये सभी शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए जरूरी होती हैं। इसके अलावा राफेल में एक माइक्रोवेव लैंडिंग सिस्टम होता है, जो कि राफेल को शिप पर आसानी से उतरने में मदद करता है।



### अरेस्टिंग हुक का रहता है अहम रोल

राफेल एम के उड़ान भरने से पहले उड़ान दल जहाज की स्थिति और अन्य कारकों समेत जहाज पर उतरने के लिए एक विस्तृत योजना की तैयारी की जाती है। इसके बाद राफेल समुद्री जहाज की ओर आगे बढ़ता है और एक निश्चित ऊंचाई और स्पीड में पहुंचता है। राफेल में एक अरेस्टिंग हुक लगा होता है, जो कि राफेल को जहाज पर उतारने में मदद करता है। यह हुक जहाज की सतह पर एक तार के जरिए जुड़ा होता है और विमान पर इस पर उतरता है तो इस हुक को पकड़ लेता है। राफेल के जहाज पर उतरते ही अरेस्टिंग हुक के जरिए उसको रोका जाता है। राफेल में एक स्पेशल तरह का लैंडिंग गियर लगा होता है, जो इसे जहाज पर उतारने के लिए आसान बनाता है। लैंडिंग गियर जहाज की सतह पर ज्यादा भार सहन कर सकता है और उसे सुरक्षित बनाने में मदद करता है।

## रोचक खबरें




### धूप से बचने के लिए गाड़ी में लगा लिया छप्पर, लोग हुए हैरान

दुनिया में जुगाड़ लोगों की कमी नहीं है। एक से एक जुगाड़ू भरे पड़े हैं। कभी-कभी तो वो अपने जुगाड़ ब्रेन का इस्तेमाल करके कुछ ऐसा बना देते हैं, जिसे देखकर आम लोग हैरान रह जाते हैं। उन्हें आश्चर्य होता है कि आखिर कोई ऐसा कैसे कर सकता है। इंटरनेट पर इनदिनों एक ऐसे ही 'जुगाड़ू ताऊ' का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो जिसे इंस्टाग्राम पर far.ziengineer नाम के यूजर ने शेयर किया है में दिखाया गया है कि एक बूढ़े शख्स ने धूप से बचने के लिए अपनी लूना पर छप्पर लगा लिया है। ठीक वैसा ही छप्पर जैसा ई-रिक्शा पर लगा होता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ताऊ ने आयरन रड की मदद से लूना पर छप्पर फिट कर लिया है। वीडियो में दिखाया गया है कि एक चौकोर फ्रेम लूना पर सेट किया हुआ है और उसके ऊपर एक लाल रंग का छप्पर लगा हुआ है। वहीं, उन्होंने फ्रेम में झोला भी टांगकर रखा हुआ है। अनोखी गाड़ी को वो सड़क पर दौड़ा रहे हैं, जिसे लोग बड़ी हैरानी से देख रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो को पोस्ट किए जाने के बाद से लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो को डेढ़ लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है। वीडियो के कमेंट सेक्शन को यूजर्स ने मजेदार कमेंट से भर दिया है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, "टू-व्हीलर में फोर-व्हीलर वाला मजा। वाह चाचा, आपने तो मौज कर दी।"

### बच्चों को बैठाने के लिए लगाया गजब का जुगाड़, देख-इमोशनल कमेंट की आई बाढ़

बच्चों के लिए जितनी जरूरी मां होती है, उतने ही जरूरी पिता भी होते हैं। मां से जहां बच्चों को जीवन के भावनात्मक पहलू को समझने की सीख मिलती है। वहीं, पिता से उन्हें चीजों लॉजिकल तरीके से देखने की समझ मिलती है। पिता हमेशा मां अलग सोचते हैं। वो बच्चों को खुश रखने के लिए केवल लाड़-प्यार ही नहीं देते बल्कि तरह-तरह के जुगाड़ भी करते हैं। ऐसे ही एक पिता का वीडियो इनदिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में शख्स बच्चों को लूना पर लेकर जाता दिख रहा है। हालांकि, एक साथ तीन बच्चों को लूना पर बैठाने के लिए उसने जो जुगाड़ लगाया है वो देख इंटरनेट की पब्लिक चौंक गई है। इंस्टाग्राम पर rollrida नाम के यूजर द्वारा शेयर किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि एक शख्स लूना से जा रहा है। गाड़ी के पीछे उसने एक मुर्गों को रखने वाला पिंजरा बांध रखा है, जिसमें दो बच्चे हैं। वहीं, बच्ची को उसने आगे बैठा रखा है। शख्स का वीडियो उसी रास्ते से गुजर रहे किसी कार सवार ने रिकॉर्ड किया है जो अब वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो को अब तक लाखों यूजर्स देख चुके है। वीडियो को 10 लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है। वीडियो को कमेंट सेक्शन में यूजर्स ने मजेदार के साथ ही इमोशनल कमेंट की बाढ़ ला दी है। कुछ यूजर्स ने वीडियो में फन एंगल ढूंढा है, जबकि कुछ ने पिता की तारीफ की है। कुछ यूजर्स ने इसे खतरनाक भी बताया है।



### गूगल में अब तक के 10 सबसे ज्यादा देखे गए यू ट्यूब वीडियो


**नई दिल्ली।** 17 जून 2016 को कोरियाई एजुकेशनल ब्रांड पिंकफॉन्ग ने बेबी शार्क डांस वीडियो लॉन्च किया। इसने यू ट्यूब के इतिहास में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो के रूप में अपनी जगह बनाकर एक मील का पत्थर हासिल किया। इस समय यूट्यूब पर इसके 15 बिलियन से ज्यादा व्यू हैं। इससे यह प्लेटफॉर्म पर 10 बिलियन व्यू को पार करने वाला पहला वीडियो बन गया है। इसके बाद अगर अगला नंबर किसी का आता है तो वह डेस्पासिटो है। यह लुइस फोंसी द्वारा डैडी यांकी के साथ 2017 में बनाया गया स्पेनिश लैंग्वेज का हिट सॉन्ग है। इसको करीब 8.63 बिलियन बार देखा गया है। यह 2025 तक दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला यूट्यूब वीडियो है। इस प्लेटफॉर्म का फोकस फनी वायरल वीडियो से हटकर प्रोफेशनली तौर पर बनाए गए कंटेंट की तरफ चला गया है। स्टैटिस्टा ने इस बात पर जोर दिया कि अन्य वीडियो कैटेगरी खास तौर पर प्लेटफॉर्म पर ज्यादा ध्यान खींचते हैं। एवेंजर्सः एंडगेम के पहले आधिकारिक ट्रेलर ने अपने पहले 24 घंटों के अंदर 289 मिलियन व्यूज बटोरे , जबकि स्पाइडर-मैनः नो वे होम ने अपने पहले दिन 355 मिलियन से ज्यादा व्यूज के साथ एक नया बेंचमार्क सेट किया। इससे यह अब तक का सबसे वायरल मूवी ट्रेलर बन गया।इसके अलावा, नर्सरी राइम्स जैसे बच्चों के वीडियो ने खास लोकप्रियता हासिल की है। Google के स्वामित्व वाले यू ट्यूब ने वीडियो को काफी बड़े पैमाने पर सुलभ बनाकर डिजिटल युग को मनोरंजन में बदल दिया है।

# दुनिया में हैं कई बड़े रहस्य, जिनके राज नहीं खुल सके हैं अब तक

दुनिया में कई ऐसी रहस्यमय चीजें हैं, जिनका सच शायद ही किसी को पता हो। आज हम आपको अपनी खबर में कुछ ऐसी ही रहस्यमयी चीजों के बारे में बताएंगे जिनका राज आज तक नहीं खुला है। इन रहस्यमयी चीजों के बारे में जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे।

केन्या के रुडोल्फ लेक के पास एक आइलैंड है, जिसे 'नो रिटर्न' आइलैंड कहा जाता है। इस आइलैंड पर कोई नहीं रहता है। कहा जाता है कि कई सालों पहले यहां लोग रहा करते थे, लेकिन एक दिन सभी अचानक गायब हो गए। उनका पता आज तक नहीं चल पाया। कहा जाता है कि आज भी जो इस आइलैंड पर जाता है, वह कभी लौटकर नहीं आता।

### चीनी व्यक्ति



चीन के व्यक्ति थे, जिनका नाम ली चिंग युएन था। इनके बारे में कहा जाता है कि 256 साल की उम्र तक जिंदा था। चीन के रहने वाले ली चिंग दवाइयों के विद्वान थे और इसके लिए उन्हें 100 साल की उम्र में सरकार की तरफ से इनाम भी मिला था। कहा जाता है कि 200 साल की उम्र में भी वह विश्वविद्यालय में लेक्चर देने जाया करते थे। उन्होंने 24 शादियां की थीं, लेकिन उनकी उम्र आज भी रहस्य बनी हुई है।

## 200 साल की उम्र में भी देने जाया करते थे लेक्चर



### गोल पत्थर

तस्वीर में दिख रहे गोल पत्थरों की खोज करीब 1930 के दशक में की गई थी। 16 टन वजनी इन पत्थरों को हाथ से बनाया गया है। सबसे छोटे पत्थर की आकृति किसी टेनिस बॉल जैसी है। घने जंगलों में इस तरह की आकृति बनाना लगभग असंभव है। इन पत्थरों को किसने बनाया, क्यों बनाया, यह आज तक रहस्य ही है।

### क्राप सर्कल

क्रॉप सर्कल दुनियाभर में कई अलग-अलग जगहों पर पायी गई हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह एलियंस का काम हो सकता है, तो किसी को लगता है कि यह चक्रवात जैसे किसी प्राकृतिक आपदा की वजह से बने हैं। लेकिन इतनी सुंदर आकृति को आखिर किसने बनाया, यह रहस्य बरकरार है।



### रहस्यमय जीव

स्कॉटलैंड में एक 200 मीटर गहराई वाली झील में एक रहस्यमय जीव दिखा था। साल 1934 में लंदन के एक डॉक्टर ने अजीबोगरीब जीव की तस्वीर अपने कैमरे में कैद की थी। यह जीव इस तरह का दिख रहा था, जो आज से लाखों साल पहले धरती से विलुप्त हो चुके हैं।

# दादी ने सब्जियां बेचकर पढ़ाया, अपमान का बदला लेने छोड़ी नौकरी, अब आईपीएस

अगर आपके अंदर मेहनत लगन और कुछ करने का जज्बा है, तो आपको सफल होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। यह कहानी भी एक ऐसे ही युवा की है, जिसके सिर से बचपन में ही मां बाप का साया उठ गया। दादी ने किसी तरह उसका पालन पोषण किया और बाद में वह अपनी मेहनत के दम पर पहले कांस्टेबल बना. फिर एक अधिकारी से अपमान का बदला लेने की ठानी और अब आईपीएस बनने वाले हैं। यह युवा उन तमाम यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए एक मिसाल बन गया है, जो जरा जरा सी बात पर निराश हो जाते हैं। यह कहानी है आंध्र प्रदेश के विजयवाडा की. यहां के प्रकाशम जिले के उल्लापालेम गांव के उदयकृष्णा रेड्डी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 350वीं रैंक हासिल की है।




### कम उम्र में खो दिया मां बाप

उदयकृष्णा का जन्म गरीब परिवार में हुआ। कम उम्र में माता-पिता को खो देने के बाद उनकी दादी रमनम्मा ने सब्जियां बेचकर उनका पालन-पोषण किया। उनके चाचा कोटि रेड्डी ने भी उनका साथ दिया। तेलुगु माध्यम के सरकारी स्कूल में पढ़ाई के बाद उदयकृष्णा का सेलेक्शन 2013 में कांस्टेबल के पद पर हो गया। जिसके बाद उन्होंने गुडलुरु व रामयपट्टनम मरीन पुलिस स्टेशनों में काम किया। एक बार एक वरिष्ठ अधिकारी ने उनका अपमान किया, जिसके बाद उन्होंने ठान लिया कि वे आईपीएस बनेंगे।

### 2018 में छोड़ दी नौकरी

उदयकृष्णा ने आईपीएस बनने के लिए 2018 में पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़ दी और यूपीएससी सिविल सर्विसेज की तैयारी करने लगे। यूपीएससी में वह तीन बार असफल रहे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। चौथे प्रयास में उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 780वां रैंक हासिल किया, जिसके बाद उनका सेलेक्शन भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए हो गया, लेकिन उनका सपना आईपीएस बनना था, इसलिए उन्होंने फिर से कोशिश की और इस बार की परीक्षा में उन्होंने 350वीं रैंक हासिल की. अब वह जल्द ही आईपीएस बनेंगे।



### यह सफलता का राज

उदयकृष्णा ने यूपीएससी परीक्षा पास करने के बाद एक इंटरव्यू में कहा कि युवा अपना ध्यान मत भटकने दें और अपनी इज्जत को कभी कम न होने दें। उनकी सलाह है कि रोजाना 12 घंटे पढ़ाई करें और पूरा सिलेबस कवर करें. बाद में 8-10 घंटे पढ़ाई काफी हो सकती है। कुछ लोग 6-8 घंटे में भी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।सिलेबस पूरा करने में 1.5 से 2 साल लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि 8 घंटे की नींद, अच्छा खाना और योग-ध्यान से तनाव को कम किया जा सकता है।तेलुगु माध्यम में पढ़ने के कारण अंग्रेजी सीखना उनके लिए मुश्किल था. उन्होंने कक्षा 1-10 की अंग्रेजी किताबों के अभ्यास किए, एनसीईआरटी अंग्रेजी पढ़ी और रेमंड मर्फी की ग्रामर किताब से पढ़ाई की जिससे उनकी अंग्रेजी बेहतर हुई.

# उगा रहे हैं दुनिया का सबसे महंगा मशरूम, 15 करोड़ है दिल्ली के नवीन और पूनम का टर्नओवर

**नई दिल्ली।** आजकल बहुत से किसान हैं, जो खेती से अच्छी कमाई नहीं कर पाते हैं, जिसका कारण होता है उन्हें फसलों के बारे में सही जानकारी न होना. आज हम आपको ऐसे दो किसानों के बारे में बताएंगे, जो पति-पत्नी हैं और इंजीनियर भी, लेकिन उन्होंने नौकरी नहीं की और अपनी खेती को ही व्यवसाय बनाया और आज उनका टर्नओवर लाखों नहीं करोड़ों में है। दरअसल हम बात कर रहे हैं दिल्ली के रहने वाले इंजीनियर पति-पत्नी नवीन और पूनम की. जो दुनिया के सबसे महंगे मशरूम में से एक गुच्छी मशरूम की खेती कर रहे हैं और उससे इनका करोड़ों रुपए का सालाना टर्नओवर है। तो चलिए जानते हैं इन दोनों पति- पत्नी की सफलता की कहानी आपको बता दें, नवीन और पूनम ने एक साथ बीटेक की थी, जिसके बाद नवीन ने मशरूम की खेती करने को ही अपना व्यवसाय बना लिया और अपने पति की मदद करने के लिए अपनी प्राइवेट जॉब छोड़कर पूनम भी इस बिजनेस में आ गई।

### गुच्छी मशरूम क्यों है महंगे और अलग

नवीन ने बताया कि उनके दादा और पिता भी खेती में काफी रुचि रखते थे, इसलिए उन्हें भी खेती में ही कुछ करना था. तभी उन्होंने मशरूम की खेती को ही अपना व्यवसाय बना लिया, लेकिन फिर एक दिन उन्हें गुच्छी मशरूम के बारे में पता चला और इसकी खेती करना शुरू किया। आगे वे बताते हैं, कि यह मशरूम दुनिया का सबसे महंगा मशरूम है।



### 15 करोड रुपए का है सालाना टर्नओवर

नवीन ने बताया, कि बाजार में इस मशरूम का प्रति किलो का रेट 30 हजार के आसपास का है। इसकी यह भी एक बड़ी वजह थी, कि उन्होंने इस मशरूम की खेती करने को अपना व्यवसाय बनाया। आगे उन्होंने बताया, कि इस मशरूम और अन्य कई मशरूम को बेचकर सालाना 15 करोड रुपए का टर्नओवर है और आने वाले साल में हम इस व्यवसाय से करीबन 20 करोड़ रुपए तक टर्नओवर पहुंचा देंगे।

### बिजली की कड़कड़ाहट से इस मशरूम के बीज ट्रिगर

इसकी बड़ी वजह ये हैं, कि बादलों में बिजली की कड़कड़ाहट की आवाज से इस मशरूम के बीज ट्रिगर होते हैं, जिसके बाद ही यह मशरूम उगना शुरू होता है। वहीं, इस मशरूम पर डायरेक्टर ऑफ मशरूम रिसर्च सेंटर सोलन में भी कई तरह की रिसर्च हुई हैं। आगे उन्होंने यह भी बताया, कि खुद भी हमने इस मशरूम को उगाने के कई और तरीके ढूंढ निकाले हैं। लेकिन इन तरीकों के बारे में हम बताना नहीं चाहते हैं और इसे अपने बिजनेस के लिए गुप्त ही रखना चाहते हैं।

### सबसे खतरनाक महिला स्नाइपर, जिससे कांपती थी हिटलर की सेना



इतिहास में कई ऐसी महिला हुईं, जिन्हें उनकी वीरता के लिए जाना जाता है। ऐसी ही एक महिला थी ल्यूडमिला पवलिचेंको, जिनका नाम शायद आपने नहीं सुना होगा। इस महिला का नाम इतिहास में दर्ज है। यह महिला इतिहास की सबसे खतरनाक महिला शूटर (स्नाइपर) मानी जाती है। एक ऐसी शूटर जिसने जर्मन तानाशाह हिटलर की नाजी सेना की नाक में दम कर दिया था। इस महिला को सोवियत संघ के 'हीरो' के तौर पर भी जाना जाता है। इस महिला शूटर का नाम ल्यूडमिला पवलिचेंको है। ल्यूडमिला द्वितीय विश्व युद्ध के समय सोवियत संघ की रेड आर्मी में एक बेहतरीन स्नाइपर थीं, वो भी तब जब महिलाओं को आर्मी में नहीं रखा जाता था। लेकिन ल्यूडमिला ने अपने हुनर से न सिर्फ सोवियत संघ बल्कि दुनियाभर में नाम कमाया। कहा जाता है कि सिर्फ 25 साल की उम्र में ल्यूडमिला ने अपनी स्नाइपर राइफल से कुल 309 लोगों को मार गिराया था, जिनमें से अधिकतर हिटलर की फौज के सिपाही थे। स्नाइपर राइफल के साथ अविश्वसनीय क्षमता की वजह से ल्यूडमिला को 'लेडी डेथ' नाम से भी बुलाया जाता था। 12 जुलाई 1916 को यूक्रेन के एक गांव में जन्मीं ल्यूडमिला ने सिर्फ 14 साल की उम्र में ही हथियार थाम लिया था।



# आधुनिक कृषि और जल प्रबंधन पर तकनीकी विशेषज्ञों ने की चर्चा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आधुनिक कृषि और जल प्रबंधन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम के तहत, साईसंकेत ग्रुप द्वारा होटल विजन महल, जबलपुर में एक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था- "प्रेसराइज्ड इरिगेशन परियोजनाओं की चुनौतियां एवं समाधान", जिसमें सिंचाई क्षेत्र के अभियंताओं, विशेषज्ञों और तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। इस तकनीकी कार्यशाला में जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डी.एल.वर्मा, मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन परिक्षेत्र तथा जे.एस. खुसरे, मुख्य अभियंता, रानी अवंती बाई लोधी, जबलपुर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष सम्मान और तकनीकी दृष्टिकोण से गहराई प्रदान की। कार्यशाला का उद्देश्य था- प्रेसराइज्ड पाइप्ड इरिगेशन तकनीक को समझना, उसके संचालन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना और व्यावहारिक समाधान साझा करना।



### क्या है प्रेसराइज्ड पाइप्ड इरिगेशन तकनीक?

यह एक आधुनिक सिंचाई प्रणाली है, जिसमें पानी को खुले नालों के स्थान पर पूरी तरह से पाइपों के जरिए दबाव (प्रेशर) से पहुँचाया जाता है। यह प्रणाली पानी की बर्बादी को रोकती है, 90% तक जल दक्षता सुनिश्चित करती है और जल वितरण को ऑटोमेशन एवं रिमोट कंट्रोल से संचालित करती है, यह तकनीक किसानों को समय पर, उचित मात्रा में और संतुलित तरीके से सिंचाई प्रदान करती है। इससे उपज में वृद्धि, ऊर्जा की बचत और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

### मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी राज्य

मध्यप्रदेश सरकार ने इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाकर इसे देश का अग्रणी राज्य बना दिया है। राज्य के राजगढ़, उज्जैन, धार, इंदौर, खंडवा, टीकमगढ़ और सागर जैसे जिलों में इस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जबलपुर जिले में टेक्नोलॉजी की प्रभावशाली उपस्थिति जबलपुर चीफ इंजीनियर ऑफिस के अंतर्गत आने वाले परियोजना इस तकनीक को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में सबसे आगे है। यहाँ रानी दुर्गावती परियोजना, चिकी बोराह परियोजना, बोहरीबंद परियोजना और रानी अवंती बाई लोधी और ऊपर नर्मदा जोन ऑफिस और 15 से अधिक योजनाएँ इस प्रणाली पर आधारित हैं। इन परियोजनाओं से हजारों किसानों को लाभ मिल रहा है और पानी की हर बूंद का उपयोग अधिक प्रभावी ढंग से हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान साईसंकेत ग्रुप के प्रबंध निदेशक मिलिंद मुरुदकर ने तकनीकी प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें उन्होंने प्रेसराइज्ड पाइप्ड इरिगेशन नेटवर्क, आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम और स्मार्ट वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन टेक्नोलॉजी के व्यावहारिक अनुभव और नवाचारों को साझा किया। उनकी प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को आधुनिक सिंचाई प्रबंधन की जमीनी और तकनीकी समझ प्रदान की।

### कार्यशाला की मुख्य झलकियाँ

ऑनलाइन आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम का लाइव डेमो
पंपिंग स्टेशनों के नवाचारों पर तकनीकी सत्र
धर्मल सैटेलाइट आधारित सटीक जल प्रबंधन की प्रस्तुति
क्षेत्रीय अभियंताओं के अनुभव साझा करने का सत्र
साईसंकेत ग्रुप, जो कि इस तकनीक के क्रियान्वयन में अग्रणी है, ने कार्यशाला के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि जल संसाधनों का कुशल प्रबंधन ही भविष्य की कृषि का आधार है। प्रतिभागियों ने तकनीक की उपयोगी, व्यावहारिक और समय की आवश्यकता बताया। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र और सहभोज के साथ हुआ, जहाँ विशेषज्ञों और अभियंताओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। डीएल वर्मा, जीएस खुशरे, प्रकाश सोन कुसले, श्रद्धा बासौडकर, सहज श्रीवास्तव, अंकुर शर्मा, अजय छत्री, विभाग से तथा साई संकेत की टीम से मिलिंद मुरुडकर, सदानंद सावंत, देवेंद्र वर्मा, अरुणिका, सर्वेंद्र सभी ने उद्देश्यपूर्ण कार्यशाला का गौरवपूर्ण समापन किया।



# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हुए शहरवासी

**जबलपुर।** समस्त मुस्लिम समुदाय की ओर से दिनांक 27.4.2025 को बाहोराबाग से रद्दी चौकी तक आतंकवाद के खिलाफ एक कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें सद्भावना मंच जबलपुर से एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता, घनश्याम और मानववादी संगठन से भावना दीक्षित एवं महिला सद्भावना मंच जबलपुर की ओर से नाजिया बानो, नाजिम ए शहर गुलाम रसूल साहब ने आतंकवाद के खिलाफ अपने विचार रखे, वहीं मोहम्मद मेंहदी ने अपने वक्तव्य में बताया कि हम पहलगाम हमले की पुरज़ोर निंदा करते है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुआ यह बर्बर और अमानवीय आतंकी हमला इंसानियत के ख़िलाफ़ संगीन जुर्म है। हम इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वालों को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करते हैं और उनके परिवारों के साथ अपनी दिली हमदर्दी और ताज़ियत का इज़हार करते हैं। हम हुकूमत से पुरज़ोर मांग करते हैं कि इस जालिमाना हरकत में शामिल तमाम मुल्ज़िमों को फ़ौरन गिरफ़्तार कर इंसाफ़ के कठघरे में लाया जाए और उन्हें ऐसी सज़ा दी जाए जो मिसाल बने। इसके साथ ही इस सुरक्षा और खुफ़िया नाकामी के लिए ज़िम्मेदार अफ़राद की जवाबदेही तय की जाए। हम उन मीडिया के संस्थाओं की भी सख़्त मुख़ालफ़त करते हैं जो इस हादसे को फ़ायदा उठाने का ज़रिया बनाकर मज़हबी नफ़रत को हवा दे रहे हैं। ऐसे रवैये से न सिर्फ़ समाज में बंटवारा पैदा होता है, बल्कि असल नाकामी और नीतिगत कमज़ोरियों पर परदा भी डाला जाता है। हम इस दुःख की घड़ी में पीड़ितों और उनके घरवालों के साथ मुकम्मल यकजहती का इज़हार करते हैं और ज़ख्मियों की जल्द सेहतयाबी की दुआ करते हैं। कैंडल मार्च को कामयाब बनाने के लिए SIO से मोहम्मद जोहेब, शाह फैसल, सफीक अहमद, रईस अहमद, सिराज मंसूरी, सरफराज, सोनू अंसारी, वसीम अहमद, महिलाओं में शकीला बानो, अनीशा बानो, कनीजा बानो, आयशा बानो, ख़ेरून बाजी का सहयोग रहा।

# 'जीना इसी का नाम' क्लब द्वारा आयोजित पूल पार्टी ने समां बांधा

**जबलपुर।** 'जीना इसी का नाम' क्लब द्वारा एक शानदार पूल पार्टी का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। क्लब की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनामिका सिंघई के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया और आनंद उठाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्लब के सदस्यों के बीच आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं जीवन को आनंदपूर्वक जीने के संदेश को और भी प्रबल करना था। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष शालिनी सक्सेना, परम संरक्षक उषा जैन, सचिव इंदिरा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अर्चना दुबे एवं अन्य पदाधिकारियों- साधना सिंह, दीक्षा ठाकुर एवं सभी सदस्यों का विशेष सहयोग एवं योगदान उल्लेखनीय रहा।पार्टी में रंग-बिरंगे परिधान, ताजगी भरा माहौल, हल्की-फुल्की जल क्रीड़ाएँ, स्वादिष्ट व्यंजन और संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनोरंजक खेलों और गतिविधियों ने कार्यक्रम को और भी रोमांचक बना दिया।खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सदस्यों मंजूषा श्रीवास्तव, शिखा मातेले और श्रीमती राखी को पूल क्वीन से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी विजेताओं को क्लब की ओर से बधाई दी गई।क्लब की संस्थापक अध्यक्ष अनामिका सिंघई ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के हर पल को खुशी और उत्साह के साथ जीना ही 'जीना इसी का नाम' क्लब का मूल मंत्र है। हम सब मिलकर ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करते हैं, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। कार्यक्रम का समापन सदस्यों के बीच गहरी मित्रता और भावनात्मक जुड़ाव के साथ हुआ और सभी ने भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन नियमित रूप से करने की इच्छा जताई। जीना इसी का नाम क्लब की यह पहल निश्चित रूप से जीवन में आनंद, ऊर्जा और एकता के संदेश को मजबूती प्रदान करती है।



# सीजीएचएस स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** एसोसिएशन ऑफ सीनियर सिटिजन विजन जबलपुर के तत्वावधान में 01 मई को सीजीएचएस का स्थापना दिवस कार्यक्रम राजीव गुप्ता, कार्यकारी निदेशक गन कैरिज फैक्ट्री के मुख्य आतिथ्य एवं सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. एके सुधांशु की अध्यक्षता तथा हेमंत कुमार पैकरा उप महानिदेशक फील्ड यूनिट वीएफजे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है। इस दौरान सीजीएचएस सेवाओं पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान तथा सीजीएचएस के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट सेवा व सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आह्वान पर देशव्यापी केंडल पदयात्रा निकाली

जबलपुर।

पहलगाम घटना के विरोध में राष्ट्रीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आह्वान पर 26 अप्रैल की रात्रि 8 बजे देशभर के 350 से अधिक ग्रुपों के लगभग 33,500 दंपति सदस्यों ने एक साथ अपने-अपने शहरों में कैंडल पदयात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई एक प्रमुख चौराहे पर समाप्त हुई, जहाँ सभी 26 दिवंगत आत्माओं के चित्रों के समक्ष एकत्र होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन एवं राष्ट्रीय सहसचिव संजय सम्यक, संजय चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

जबलपुर में फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, महाकौशल विंध्य रीजन के पदाधिकारी, सभी स्थानीय पांचों सोशल ग्रुप के पदाधिकारी एवं दंपत्ति सदस्य रात्रि 7:30 बजे लॉर्डगंज थाना के समक्ष एकत्र हुए, वहाँ से पदयात्रा प्रारंभ होकर मालवीय चौक तक गई, जहाँ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजली दी गई। इस कैंडल मार्च में लगभग 200 से अधिक पुरुष महिला सदस्य सम्मिलित हुए।इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन, महाकोशल-विंध्य रीजन अध्यक्ष मनोज जैन (सीए), सचिव हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष सुनील घिया, प्रदीप जैन, प्रवीण सिंघई, प्रशांत जैन, सतीश वर्धमान, श्रीमति रश्मि पारस, साधना जैन, मुल्कराज बादशा, प्रफुल्ल जैन, अवकाश जैन, आलोक जैन, मनोज जैन एवं अन्य रीजन पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में जीतो जबलपुर चेप्टर, जीतो यूथ विंग, जीतो महिला विंग, अखिल भारतीय महिला परिषद व मातृशक्ति आदि संस्थाओं की सहभागिता रही।






# अक्षय तृतीया पर 29वां सवत्सा गौदान एवं श्रीराम दरबार स्थापना दिवस सानंद सम्पन्न

**जबलपुर।** निरंतर लोक कल्याणकारी कार्यों को समर्पित परमहंस माँ ललिता देवीधाम की अक्षय तृतीया पर निरंतर सवत्सा गौदान की अक्षय परम्परा का निर्वहन करते हुए माँ ललिताधाम के संचालक-संस्थापक श्रीमती ममता गर्ग एवं पं. धीरेन्द्र कुमार गर्ग ने 29वां सवत्सा गौदान किया। जानकीनगर जगदम्बा कालोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर में परमहंस माँ ललिता देवी द्वारा स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के सत्रहवें स्थापना दिवस पर भगवान की पूजा अर्चना, सुन्दर काण्ड, प्रसाद वितरण आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं. विजय, हिमांशु तिवारी, अनमोल दुबे, मोन्टी सइकिया सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# रोमांचक मुकाबले में किंग हिटर और खमरिया इलेवन बने विजेता

**जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में खेली जा रही स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दिनांक 29/04/25 को दो मैच खेले गए, जो की किंग हिटर v/s V.F.J इलेवन और खमरिया इलेवन v/s सिख बॉयज के बीच खेला गया। पहले मैच में किंग हिटर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों 9 विकेट खोकर 84 रन बनाए, जिसमें संजय ने 19 बॉल पर 46 रन की पारी खेली और V.F.J इलेवन के जॉनसन ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए दूसरी पारी में V.F.J इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 79 रन बनाए और किंग हिटर ने 5 रन से जीत हासिल की। V.F.J के शुभांशु ने 23 बॉल पर 47 रन बनाए, किंग हिटर की तरफ से अभिषेक ने एक विकेट लिया, वहीं दूसरे मुकाबले में खमरिया 11 ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसमें खमरिया 11 की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 108 रनों का स्कोर बनाया, जिसमें राहुल ने 12 बॉल पर 22 रन बनाए जिसमें 3 छक्के शामिल थे। सिख बॉयज के सफल गेंदबाज गोल्डी ने 15 रन देकर 3 विकेट लिए।रोमांचक मैच मे सिख बॉयज की टीम 9 ओवरों में 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और यह मैच खमरिया 11 ने 49 रनों से जीत लिया। सिख बॉयज की तरफ से सनप्रीत ने 11 गेंद में 18 रन की पारी का योगदान दिया। खमरिया 11 के संगम ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए। पहला मैच जो किंग हिटर और V.F.J 11 के बीच में खेला गया उसके मैन ऑफ़ द मैच संजय रहे, जिन्होंने 19 गेंद में 46 रन बनाए। दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच सरबजीत रहे जिन्होंने 11 गेंद में 19 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में 5 रन देकर 2 विकेट लिए। मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया के स. महामंत्री, सीएससी सदस्य ओएफके एवं राष्ट्रीय मीडिया सचिव डिफेंस अनिल गुप्ता और बालाजी स्पोर्ट्स के राजीव ओझा रहे। निर्णायक की भूमिका कमलेश तिवारी भूपेंद्र निखिल यादव ने निभाई।\यूनियन के आनंद शर्मा, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनुपम भौमिक, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, सचिन दुबे, मोनू चौधरी, अभिषेक यादव, चंदन पटेल, दिलीप टीकम, सुनील यादव, शंभू रजक, ज्ञान प्रकाश, राम तीरथ, जसवंत सिंह, मुकेश विनोदिया, राहुल पटेल, पुरुषोत्तम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# पाकिस्तान, आतंकवाद का पुतला दहन किया

**जबलपुर।** पाकिस्तानी इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों की निर्ममतापूर्वक हत्या के विरोध में कटंगा स्थित ब्रह्माकुमारी प्रजापति आश्रम चौराहे के पास सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रीय लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस अवसर पर बहन ज्ञानेश्वरी दीदी, पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, डॉ. ऋषि बावरिया, एड. प्रणव मुन्ना अवस्थी, किशोर पासी, पूरण सिंह, अस्सू स्वामी, हेमंत केसरवानी, सुरेश रजक, मनीष पिल्ले, विकास पिल्ले, सावित्री गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

# शहर में हुई धारावाहिक "झुमरी की लुगाई" की शूटिंग

**जबलपुर।** कोशा मूवीज़, राम रतन फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले धारावाहिक "झुमरी की लुगाई" की शूटिंग ग्राम खजरी दोनी, जनपद पंचायत पाटन, जिला जबलपुर हिमांशु चंदेल की हवेली और ग्रामीण क्षेत्र के इर्द-गिर्द सम्पन्न हुई। सीरियल के निर्देशक राम सोधिया ने बताया कि बुंदेलखंड की लोक परम्परा पुराने रीति-रिवाज जो मुगलों और अंग्रेजी हुकूमत के समय विलुप्त हो गए उन्हीं रीति-रिवाज तीज-त्योहारों को आज की युवा पीढ़ी को बुंदेलखंड की धरोहर लोक परम्परा से अवगत कराना सीरियल का उद्देश्य है, इसमें मुख्य कलाकार मुश्ताक खान (मुम्बई), के.के. गोस्वामी (मुंबई), सीरियल के हीरो संजय वैद्य, हीरोइन जेश्रृत कौर, गोपाल श्रीवास्तव, प्रकाश सौदा, भूषण कुमार, मनीष यादव, ऋचा शुक्ला, संगीता यादव, राकेश शिवहरे, युगल तिर्की, एच कालिया, अनिल सोनी, राजेश सैनी, कैमरामैन समर सिंह ठाकुर, कैमरामैन अजित, सहायक निर्देशन आशु वर्मा मैकअप कमलेश आदि उपस्थित रहे।



# ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्री के छात्र अर्नव तिवारी का एनडीए में चयन

**जबलपुर।** विगत दिवस संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेण्ड्री के छात्र अर्नव तिवारी का चयन हुआ। छात्र की उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चौरसिया, मानवेंद्र सिंह, अजय वर्मा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं देते हुए अर्नव तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कृषि उपज मंडी में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** कृषि उपज मंडी गेट नंबर-1 के सामने स्थित श्रमिक शेड में विश्व मजदूर दिवस का आयोजन 01 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शक्ति वर्मा (न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर), सूर्यकांत सिरवैया (सहायक आयुक्त), दादा कुंवर सिंह (वरिष्ठ श्रमिक नेता), विशिष्ट अतिथि रामकिशोर शिवहरे, रितेश सिंह, नोखेलाल प्रज्ञा, इन्द्रकुमार पटेल होंगे। आयोजन में पहुंचने की अपील दिलीप चौधरी, विकास विश्वकर्मा, अनुसुईया रजक, उमा चौधरी, महेन्द्र चौधरी, बसोरी अहिरवार, सुरेन्द्र यादव, बेबी चौधरी, आरती ठाकुर, दुर्गा कोल, मानसी चौधरी, काजल ठाकुर सहित अन्य ने की है।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसो. का धरना प्रदर्शन 10 जुलाई को

**जबलपुर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशन एसोसियेशन के प्रांतीय अध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे ने बताया कि 26 एवं 27 अप्रेल को कोर कमेटी एवं मार्गदर्शन मंडल के निर्णय अनुसार मप्र शासन का ध्यान आकर्षित करने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 10 जुलाई को किया जाएगा। सहयोगी आरपी सेन, वृंदावन साहू, ललित मिश्रा ने आंदोलन का समर्थन किया है।



# एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर्स ने शुरू किया पहला ग्रुप टास्क एरिया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश वन मध्यप्रदेश आर्टिलरी रेजिमेंट एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर्स, जबलपुर के तत्वावधान में 29 अप्रेल को सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के लिए एक अग्रणी ग्रुप टास्क एरिया (जीटीओ) सुविधा के उद्घाटन की घोषणा की गई। यह जबलपुर में अपनी तरह की पहली सुविधा के रूप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के इच्छुक कैडेट्स और छात्रों को तैयार करने के लिए समर्पित है। उद्घाटन समारोह की शोभा ब्रिगेडियर एजी बारबरे, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर्स जबलपुर ने बढ़ाई, जो 29 अप्रेल को मध्यान्ह 12 बजे अशोका हॉस्टल पचपेड़ी रोड जबलपुर में आयोजित हुआ।इस पहल पर विचार व्यक्त करते हुए ब्रिगेडियर एजी बारबरे ने कहा कि यह जीटीओ सुविधा भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अनुशासित और सक्षम नेताओं को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह जबलपुर में एक अनूठा मंच है और मैं युवाओं से आग्रह करता हूँ कि इस सुविधा का लाभ उठाकर अपने कौशल को निखारें और राष्ट्र के गौरव में योगदान दें। कर्नल विक्रांत त्यागी कमांडिंग आफिसर वन मध्यप्रदेश आर्टिलरी रेजिमेंट एनसीसी ने कहा कि हम संभावित कैडेट्स, छात्रों और जबलपुर के युवाओं को इस बेजोड़ प्रशिक्षण अवसर का लाभ उठाने और हमारे साथ मिलकर राष्ट्र के लिए एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के लिए आमंत्रित करते हैं। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर्स अधिक युवा आकांक्षियों को इस अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने और राष्ट्र की सेवा के अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने हेतु व्यापक प्रचार की अपील करता है।

# कचहरी दरगाह में हुई परचम कुशाई, उर्स की तैयारियां शुरू

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा रहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर मंगलवार को सांय मगरिब की नमाज के बाद परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया। सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। मजार शरीफ पर गुल पोशी चादर पोशी कर परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। परचम कुशाई उपरांत नजरों न्याज पेश की गई और तबरुख तकसीम किया गया। मुस्लिम धर्मावलम्बियों के साथ-साथ सभी धर्म व समाज के लोगों ने भी शिरकत की और कौमी एकता का पैगाम दिया। खादिमे आला चंगेज खान अशरफी ने बताया कि परचम कुशाई के साथ कचहरी वाले बाबा की उर्स की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 19 मई से बाबा साहब के पांच दिवसीय उर्स शरीफ का आयोजन किया जाएगा।



# डॉ. भीमराव आम्बेडकर कीर्ति स्तंभ दीनदयाल बस स्टैंड में बनवाने सांसद से की मांग

**जबलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर बाबा साहब का कीर्ति स्तंभ बनवाने 26/04/2025 को जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे को पत्र प्रेषित किया गया। मांग की गई कि आईएसबीटी बस स्टैंड के सामने स्थित गार्डन में संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का कीर्ति स्तंभ बनवाया जाए। मांग पत्र पर ध्यान देते हुए सांसद आशीष दुबे ने अपनी सहमति जताई एवं अच्छी पहल की सराहना की। मांग पत्र के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष टिकेंद्र यादव मौजूद रहे।



# केंट विधायक ने आमजन के लिए वाटर कूलर भेंट किया

**जबलपुर।** भगवान परशुराम की जयंती के शुभ अवसर पर छावनी परिषद के माध्यम से केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी ने भीषण गर्मी को देखते हुए आज पेंटीनाका भारत माता चौक में वाटर कूलर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सौरव गोयल, संजय जैन, अज्जु गोलछा, पवन यादव, आनंद खरे, आकाश मलिक, सुरेश रजक, पवन रजक, राजेश पिल्ले, विकास बावरिया, डॉ. ऋषि बावरिया, ज्योति रेड्डी, शेखर पिल्ले, हेमंत केशरवानी, कन्ना अन्ना, आशीष केतकर, अभिषेक रजक, रिंकू कनोजिया व मातृशक्ति महामंत्री संगीता पासी, श्रीमती अनिशा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राहगीरों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने ठंडा पानी पीकर अत्यंत सराहना की।



# कांग्रेस ने नहीं लिया भोपाल हादसे से सबक, ग्वालियर में उड़ी गाइडलाइन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लगता है प्रदेश कांग्रेस ने भोपाल में हुए हादसे से कोई सबक नहीं लिया। इस हादसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, मानक अग्रवाल, महेंद्र सिंह चौहान, शैलेंद्र पटेल, महेंद्र जोशी तथा रवि जोशी सहित एक दर्जन से ज्यादा नेता गंभीर घायल हुए थे। 10 मार्च को आयोजित यह कार्यक्रम प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव का था। मंच पर क्षमता से ज्यादा नेता चढ़ गए। जिससे वह धराशायी हो गया। राजीव सिंह सहित कई नेता उसके नीचे आकर गंभीर घायल हो गए और उनके ऑपरेशन हुए। हादसे ने कांग्रेस को ऐसे कार्यक्रमों के लिए गाइडलाइन बनाने पर मजबूर कर दिया। केंद्रीय नेतृत्व की स्वीकृति के बाद गाइडलाइन जारी हो गई।

इसमें प्रावधान किया गया कि भविष्य में मंच पर नेता नहीं बैठेंगे। सभी मंच के सामने बैठाए जाएंगे और मंच पर सिर्फ भाषण देने वाले नेता ही जाएंगे और अपनी बात कह कर वापस आ जाएंगे। गाइडलाइन जारी होने बाद ग्वालियर में आयोजित पहले ही बड़े कार्यक्रम में इसकी धज्जियां उड़ गईं। प्रदेश कांग्रेस ने इस पर अमल की कोशिश ही नहीं की। वरिष्ठ नेता पीसी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को तय गाइडलाइन के अनुसार ही कार्यक्रम करना चाहिए।

*कांग्रेस ने इसी माह तैयार की थी कार्यक्रमों को लेकर गाइडलाइन*

### नहीं हुई गाइडलाइन पर अमल की कोशिश



संविधान बचाओं अभियान के तहत ग्वालियर में आयोजित पहली रैली में मंच पर नेताओं की भीड़ चढ़ गई। इससे धक्का-मुक्की होने लगी और अफरा-तफरी का स्थिति बन गई। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह से रहा नहीं गया। नाराज होकर उन्होंने मंच से ऐलान किया कि भविष्य में वे कांग्रेस के किसी मंच पर नहीं बैठेंगे। सामने बैठेंगे और जब उनका नाम पुकारा जाएगा, तब भाषण देने के लिए ही मंच पर जाएंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया की कृपया मंच की यह लड़ाई बंद कर दें। प्रदेश के पूर्व कानून एवं जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने भी उनका अनुसरण किया। उन्होंने भी कह दिया कि अब वे कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। सामने बैठेंगे और जब बुलाया जाएगा, तभी मंच पर जाएंगे। सवाल यह है कि ऐसे हालात क्यों बने कि वरिष्ठ नेताओं को दुःखी मन से ऐसी घोषणा करना पड़ गई? प्रदेश कांग्रेस ने जो गाइडलाइन तय की थी, उस पर अमल की कोशिश क्यों नहीं की गई? इसकी जवाबदारी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की थी, उन्होंने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया? इस सवाल का जवाब किसी नेता के पास नहीं है।

### कांग्रेस ने बनाई थी यह गाइडलाइन

भोपाल हादसे से सबक लेकर कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी। इसमें कई बिंदुओं के साथ यह भी था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ। कांग्रेस की ओर से ग्वालियर शहर के फूलबाग मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली के मंच पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं की इतनी भीड़ हो गई कि वहां अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। यह नजारा देख पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बहुत नाराज हुए। उन्होंने अपने भाषण में इस बात पर न सिर्फ अपनी नाखुशी जाहिर की, बल्कि ऐलान भी कर दिया कि वे आज के बाद से कभी भी मंच पर नहीं बैठेंगे।

### कार्यक्रम के लिए तय था यह प्रोटोकॉल

कांग्रेस द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत संगठन के ऐसे कार्यक्रम जिसमें बड़े नेताओं, प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हों, उस कार्यक्रम में सिर्फ 12 बाय 12 फीट और 3 फीट ऊंचाई का मंच वक्ताओं के लिए बनाया जाएगा, जिसमें बोलने के लिए बीचों बीच डायस रखी जाएगी। इस मंच पर बैकड्रॉप में 16 बाय 16 फीट का होर्डिंग लगाया जाएगा। यानि मंच पर कोई नेता नहीं बैठेगा। नाम बुलाने पर नेता डायस पर जाकर स्पीच देंगे और नीचे कार्यकर्ताओं के साथ बैठेंगे। ग्वालियर में कांग्रेस द्वारा तय यह प्रोटोकॉल धरा रह गया।

---

**लगातार चल रहा था नक्सली ऑपरेशन**



## उसूर ब्लॉक के करेंगुट्टा पहाड़ी पर सुरक्षा बलों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर/रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित एरिया करेंगुट्टा में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। लगातार चले नक्सल ऑपरेशन के आठवें दिन फोर्स ने उसूर ब्लॉक के करेंगुट्टा पहाड़ी पर कब्जा कर लिया। सघन सर्च ऑपरेशन के बाद फोर्स के जवान हेलीकाप्टर से पांच हजार फीट ऊंची करेंगुट्टा पहाड़ी पर उतरे। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभालकर तिरंगा लहराया। फिलहाल, पहाड़ी की चोटी पर खुले मैदान में सुरक्षा बलों का अस्थायी कैंप स्थापित कर दिया गया है, जहां सैकड़ों जवान डेरा जमाये हुए हैं। इधर, चर्चा है कि खूंखार नक्सली हिड़मा पहाड़ी और घने जंगलों के रास्ते तेलंगाना की ओर जान बचाकर भाग निकला है।

हालांकि यह पूरी से पुष्ट नहीं है। ऑपरेशन को लेकर छत्तीसगढ़ की फोर्स मोर्चे पर तैनात है। इस बात की भी चर्चा है कि इस ऑपरेशन में तेलंगाना और आंध्रा की फोर्स का साथ नहीं मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर यहां ऑपरेशन लॉन्च किया गया था।

**जवानों ने मोर्चा संभालकर तिरंगा लहराया**

### दुर्गम रास्तों से पहाड़ी तक पहुंचे

*दुर्गम और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरते हुए सुरक्षा बल पहाड़ी तक पहुंचे, जबकि रसद और जवानों की टुकड़ियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से सीधे पहाड़ी पर उतारा गया। करेंगुट्टा की ये पहाड़ी नक्सली मूवमेंट के लिए बेहद अहम ठिकाना मानी जाती रही है। यहां से आस-पास के जंगली क्षेत्रों पर सीधी नजर रखी जा सकती है। सुरक्षा बलों ने इस जगह को अस्थायी कैंप में बदलते हुए निगरानी और ऑपरेशनल गतिविधियों को तेज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, इस क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी बनी हुई है।*

### सुरक्षा की भावना मजबूत होगी

*सूत्रों का दावा है कि यहां एक स्थायी सुरक्षा चौकी (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) स्थापित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों को और भी मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। इस कार्रवाई के बाद आस-पास के गांवों में भी स्थिति सामान्य होती दिख रही है। ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों की इस ऑपरेशन का स्वागत किया है। उम्मीद जताई है कि अब इलाके में स्थायी शांति और विकास के रास्ते खुलेंगे।*

---

**लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर और महाराज मल्हार राव होल्कर की स्मृति में होगी बैठक**

# राजवाड़ा इंदौर में 20 मई को होगी कैबिनेट की अगली बैठक

**केंद्र ने धार में पीएम मित्रा पार्क के लिए दी 2 हजार 62 करोड़ रुपए की स्वीकृति**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को कैबिनेट की बैठक इंदौर के राजवाड़ा में होगी। इसमें होल्कर साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराज मल्हार राव होल्कर का भी स्मरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 20 मई को ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर विवाह वर्षगांठ भी होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट की अगली बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय एक लाख लोगों को विकास गतिविधियों से जोड़ते हुए विकास में सहभागिता के आधार का विस्तार किया जाए। इस उद्देश्य से जिला विकास समिति की कल्पना की गई है।

**जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का होगा गठन**

**गैस से चलने वाले वाहनों के संबंध में पर्यावरण विभाग जारी करेगा एडवायजरी**



### जिला विकास समिति के लिए समिति गठित

*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद, जनपद अध्यक्ष, मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, उद्योग इत्यादि 20 से अधिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को जोड़कर इन्हें विकास मॉडल में सहभागी बनाया जाएगा। इससे जिले के विकास में इनकी विशेषज्ञता का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा और वर्ष @2047 तक के अमृत काल के एजेंडे के क्रियान्वयन में इनकी विशेषज्ञतापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित होगी।*

### 2 हजार 62 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई

मुख्यमंत्री ने धार में पीएम मित्रा पार्क की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार मानते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने 2 हजार 62 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार को इस संबंध में धार में 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। धार जिले के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि पीथमपुर और अब दूसरी और घाटा बिल्लौद में विकास गतिविधियों का संचालन होगा। पीएम मित्रा पार्क से तीन लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इससे धार, झाबुआ सहित संपूर्ण मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कपास के उत्पादन को बढ़ाने को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

### कैबिनेट में कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना को मिली मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना से दोनों राज्यों को पृथक-पृथक छह महीनों के लिए बिजली उपलब्ध होगी। कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें दर्जन भर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। होती है।

### एकीकृत पेंशन योजना के लिए समिति गठित

कैबिनेट ने राज्य शासन के एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त शासकीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के संबंध में समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सचिव लोकेश कुमार जाटव, संचालक बजट सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल, उप सचिव अजय कटेसरिया सदस्य होंगें। संचालक पेंशन मप्र जेके शर्मा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

### मनोहर सिंह के परिजन को शासकीय नौकरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते दिन मंदसौर में हुई दुर्घटना में स्वयं की जान की परवाह न करते हुए 4 लोगों के प्राणों की रक्षा करने वाले मनोहर सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया है। उनके परिजन को शासकीय नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मरणोपरांत उनका सम्मान भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस से संचालित गाड़ियों में पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में एडवायजरी जारी करने के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया गया है। उन्होंने शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते की किस्त दिए जाने संबंधी जानकारी भी कैबिनेट के साथियों से साझा की।

---

## तेज रफ्तार ट्राले ने मारी स्कूटी सवार को टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मंगलवार देर रात को बेमेतरा जिले में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक स्कूटी पर सवार था, जिसे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसा नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम राका के पास हुआ है। मिली जानकारी अनुसार, मृतक युवक स्कूटी में सवार था, सामने से आ रहे ट्रेलर ने सीधे टक्कर मार दी। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस और डायल 112 को सूचना दी। मौके से युवक को अस्पताल लाया गया, जहां उसकी आने से पहले मौत हो चुकी थी। देर रात होने के कारण युवक की पहचान नहीं हो सकी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। बात दें कि बेमेतरा में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ दिनों में यह क्षेत्र हादसों का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। स्थानीय लोग ट्रैफिक व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग कर रहे हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


---

**आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को किया जा रहा सचेत**

## दंतेल हाथियों की दस्तक से वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक बार फिर हाथियों की दस्तक हुई है। इस बार दो दंतैल हाथियों ने प्रवेश के साथ ही फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया, जिससे वन विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पिछले तीन वर्षों से बालोद का वन क्षेत्र हाथियों के विचरण के लिए उपयुक्त स्थान बना हुआ है, जिसके कारण हाथियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। वन विभाग नुकसान का आंकलन करने में जुटा है, वहीं दर्जनभर गांवों में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार, धमतरी जिले की सीमा से दो दंतैल हाथी बालोद के वन क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं। वर्तमान में ये हाथी गुरुर के चूल्हापथरा के पास फक्ष 220 परिसर में हैं। वन विभाग उनकी लोकेशन की लगातार ट्रैकिंग कर रहा है और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। आम लोगों और हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। वन विभाग ने बिच्छिबहरा, खैरडिगी, धानापुरी, ओडेनाडीही, चूल्हापथरा, करियाटोला, हितेकसा, नगझर, मगचूवा, कोसमी, नाहंदा, गोटाटोला, नागबेल, मरकाटोला और नारागांव सहित कई गांवों को अलर्ट पर रखा है। इन गांवों के लोग दहशत में हैं, क्योंकि हाथी किसी भी समय नुकसान पहुंचा सकते हैं।



### ग्रामीणों को किया जा रहा सतर्क

*उपवन मंडल अधिकारी डिंपी देश ने बताया कि हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सलाह दी कि लोग सुबह के समय अकेले जलाशयों के पास न जाएं, क्योंकि हाथी पानी की तलाश में वहां आ सकते हैं। साथ ही, महुआ को घर के अंदर न रखें, क्योंकि इसकी गंध से आकर्षित होकर हाथी घरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। महुआ को घर से बाहर रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी और हाथियों की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें।*

---

## शैक्षणिक योग्यताओं में हुए बदलाव के बाद निरस्त हुई खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2024 में जारी किए गए विज्ञापन को निरस्त कर दिया है। आयोग ने यह निर्णय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मप्र से प्राप्त पत्र और भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक अहर्ताओं में किए गए संशोधनों के आधार पर लिया है। शैक्षणिक योग्यता में बदलाव के कारण जारी विज्ञापन अब अमान्य हो गया है, जिसके चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द किया गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि संशोधित अहर्ताओं के अनुरूप भविष्य में इस पद के लिए नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिसकी सूचना जल्द ही जारी की जाएगी। नीमा छात्र संघ ने नवीन विज्ञापन भर्ती में आयुष विभाग को भी सम्मिलित करने की मांग की हैं।

### अभ्यार्थियों को वापस मिलेगा आवदेन शुल्क

*आयोग ने उन अभ्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिन्होंने इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कर शुल्क जमा किया था, उनके लिए शुल्क वापसी की व्यवस्था की गई है। अभ्यार्थी 15 से 30 मई के बीच आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से शुल्क वापसी के लिए आवेदन कर सकेंगे।*

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

---

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी ।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

---

## शब्द पहेली - 5853



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5852 का हल



---

### सूडोकू नवताल - 5863

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5862 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



फिटनेस फंडा / सावी ठाकुर

# फिटनेस के लिए डेली टाइम निकालना जरूरी है



सन नियो चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का रोल निभा रहे एक्टर सावी ठाकुर बहुत फिट दिखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए सावी क्या कुछ करते हैं, डिटेल में यहां बता रहे हैं, अपनी जुबानी।

अभिनेता सावी ठाकुर ने हाल ही में अपने फिटनेस रुटीन और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर कई खास बातें साझा कीं। वे कहते हैं, 'फिटनेस को इतना कठिन बनाना जरूरी नहीं है, बस हर दिन खुद के लिए समय निकालना मायने रखता है। बिजी शूटिंग शेड्यूल के बावजूद मैं अपनी हेल्थ और फिटनेस को प्रियोरिटी मानता हूं। इसीलिए वर्क और हेल्थ के बीच बैलेंस बनाकर चलने में विश्वास रखता हूं।' आगे वह अपने फिटनेस रूटीन के बारे में डिटेल में बताते हैं।

**करनी होती है प्रॉपर प्लानिंग:** मैं वर्कआउट को जिंदगी का जरूरी हिस्सा मानता हूं। यही वजह है कि एक्टिंग की व्यस्तता और फिटनेस के बीच तालमेल बिठाने के लिए मुझे प्लानिंग की जरूरत होती है। मैं वर्कआउट को एक जरूरी अपॉइंटमेंट की तरह मानता हूं और उसे अपने डेली कैलेंडर में शामिल करता हूं, ताकि नियमितता बनी रहे। मेरे वर्कआउट प्लान, फ्लेक्सिबल होते हैं, जिन्हें हर दिन के हिसाब से बदला जा सकता है। बहुत व्यस्त दिनों में मैं छोटे, लेकिन असरदार हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट्स करता हूं या ऐसे बॉडीवेट एक्सरसाइज चुनता हूं, जो कहीं भी किए जा सकते हैं।



**लेता हूं बैलेंस्ड डाइट:** मेरी अच्छी हेल्थ और फिटनेस का बेस बैलेंस्ड डाइट है। मैं ऐसे कंप्लीट और न्यूट्रिएंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देता हूं, जो मुझे दिनभर ऊर्जा देते हैं और रिकवरी में मदद करते हैं। बैलेंस्ड डाइट न सिर्फ मेरे शरीर को बल्कि दिमाग को भी चुस्त बनाए रखता है, जो इस इंडस्ट्री के मल्टी डायमेंशनल वर्क के लिए बेहद जरूरी है।

**मेंटल हेल्थ के लिए:** मेरा मानना है कि रेग्युलर वर्कआउट करने से मेरी मेंटल हेल्थ भी अच्छी रहती है। डेली वर्कआउट मुझे तनाव से दूर रखता है, मूड बेहतर करता है और ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है। जब हालात चुनौतीपूर्ण होते हैं, तो पसीने में बहते एंडॉर्फिन केमिकल, मुझे पॉजिटिव बनाए रखते हैं। मैं मानता हूं कि इस इंडस्ट्री में एक अट्रैक्टिव लुक का दबाव जरूर होता है, लेकिन मैं बाहरी अपेक्षाओं की बजाय अपनी ओवरऑल हेल्थ और स्ट्रेंथ को प्राथमिकता देता हूं। मैं अपने लिए खुद के फिटनेस गोल सेट करता हूं और उसी पर ध्यान केंद्रित करता हूं।

**इनका भी रखता हूं ध्यान:** फिटनेस को मेंटेन करने के लिए प्रॉपर डाइट और रेग्युलर एक्सरसाइज के अलावा रूटीन लाइफस्टाइल में भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। जैसे-मैं लिफ्ट की जगह सीढ़ियां लेना, पानी खूब पीना और नींद पूरी करना जैसे छोटे लेकिन असरदार काम रोजाना करता हूं। इन आदतों को दिनचर्या में शामिल कर मैं काम में बिना किसी समझौते के अपनी हेल्थ और फिटनेस को बनाए रखता हूं। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

डॉक्टर एडवाइस



डॉ. रवि डोसी
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को दमा कहते हैं। दमा के ज्यादातर मामले एलर्जी से संबंधित होते हैं। आमतौर पर जिन कारणों से दमा की समस्या बढ़ती है, उन्हें एलर्जन्स कहा जाता है। धूल, धुआं, उमस, नमी, कारपेट में माइट्स, केमिकल युक्त पेंट, विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और मौसम में बदलाव आदि एलर्जन्स के कारण बन सकते हैं। ऐसे में लोगों को इसके प्रति अवेयर करने के लिए वर्ल्ड अस्थमा डे मनाया जाता है। इस बार वर्ल्ड अस्थमा डे की थीम है, 'मेक इन्हेल्ड ट्रीटमेंट्स एसेंसिबल फॉर ऑल।' इस थीम का आशय है क सांस के माध्यम से दी जाने वाली दवाओं या इनहेलर चिकित्सा को सभी लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाए। दुनिया भर में दमा (अस्थमा) के मामले बढ़त पर हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में भी लगभग पांच प्रतिशत लोग दमा से ग्रस्त हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब दमा को प्रभावशाली रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

## प्रमुख लक्षण

वयस्कों और बच्चों में अस्थमा के लक्षण लगभग एक समान होते हैं। जैसे-कुछ दूर चलने पर या थोड़ा सा परिश्रम करने पर सांस फूलना। सांस लेने में तकलीफ के कारण गहरी सांस न ले पाना। सीने में जकड़न। खांसी (सूखी या बलगम वाली) आना। सांस बाहर छोड़ते समय सीटी जैसी आवाज या घरघराहट होना।

## बच्चों में दमा के प्रकार

**अर्ली व्हीजर:** बच्चों में दमा के लगभग एक तिहाई ऐसे मामले 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाते हैं और उसके बाद इस रोग की जीवन में दोबारा पुनरावृत्ति नहीं होती है।



**मॉडरेट व्हीजर:** ऐसा अस्थमा 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाता है, लेकिन 35 से 36वें साल में यह समस्या दोबारा सिर उठाती है।

**परसिस्टेंट व्हीजर:** यह प्रकार बचपन से शुरू होता है और फिर जीवन भर बना रहता है।

## डायग्नोसिस

बच्चों में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) 14 साल से पहले नहीं किया जाता। इसलिए इंपल्स ऑसिलोमीटर से उनकी जांच की जाती है। इसके अलावा बच्चों की फैमिली हिस्ट्री मालूम कर और क्लीनिकल जांचों के जरिए उनका इलाज किया जाता है।


## बच्चों में दमा का उपचार

नवजात शिशुओं में दमा होने पर नेबुलाइजेशन थेरेपी देते हैं। इसके अलावा उन्हें सिरप के रूप में दवा दी जाती है। जरूरत पड़ने पर 3 से 5 साल तक के बच्चों के इलाज में नेबुलाइजेशन थेरेपी का सहारा लेते हैं। पांच से बारह साल तक के बच्चों को मीटर डोज इनहेलर से दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें ओरल डोज भी दी जाती है। 13 से 17 साल के किशोरों को इनहेलर के जरिए दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें एंटी एलर्जिक दवाएं भी देते हैं।

स्पेशल: वर्ल्ड अस्थमा डे, 6 मई

आंकड़ों के मुताबिक 34.3 मिलियन से अधिक लोग देश में दमा यानी अस्थमा से ग्रस्त हैं। जबकि (ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा का अनुमान) 33 करोड़ से अधिक व्यक्ति दुनिया भर में दमा से ग्रस्त हैं। यहां बता रहे हैं, अस्थमा के कारणों, लक्षणों, प्रकार, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# इनहेलर से कंट्रोल रहेगा अस्थमा



## वयस्कों में दमा का इलाज

**इम्यूनोथेरेपी:** अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार एलर्जी से होने वाले दमा में इम्यूनोथेरेपी काफी हद तक कारगर है। इसके अंतर्गत मरीज को दवाएं और इंजेक्शन देते हैं।

**इनहेलर का इस्तेमाल:** इनहेलर से दमा की दवा लेना काफी कारगर साबित हो रहा है। डॉक्टर की सलाह से इनहेलर लें।

## अस्थमा अटैक से पहले क्या करें

**पीक एक्सपिरेटरी फ्लोमीटर से रीडिंग:** सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि दमा के लक्षणों के महसूस होने पर पीक फ्लोमीटर का इस्तेमाल हो रहा है। इस डिवाइस में फूंक मारकर यह पता लगाया जाता है कि अमुक व्यक्ति का पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट क्या है। हफ्ते में 3 दिन इस फ्लोमीटर का इस्तेमाल करने से आपको दमा का दौरा पड़ने के बारे में पहले से ही सजग हो जाने की जानकारी मिल सकती है। अगर पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट (पीईएफआर) 80 से ऊपर है तो स्थिति ठीक-ठाक है। इस रीडिंग को 'ग्रीन जोन' कहते हैं। अगर रीडिंग 50 से 80 है तो इसे 'यलो जोन' कहा जाता है। यह स्थिति सजग करने वाली है। इस स्थिति में डॉक्टर दवा की डोज बढ़ाने का परामर्श देते हैं। अगर पीईएफआर 50 से कम है तो इस स्थिति को 'रेड जोन' कहा जाता है। यह गंभीर स्थिति है, जो दमा का दौरा पड़ने के खतरे का सूचक है। इस गंभीर स्थिति में डॉक्टर से परामर्श लें और उस पर अमल करें। अस्पताल जाने की नौबत भी आ सकती है।

**कंट्रोलर इनहेलर का इस्तेमाल:** डॉक्टर के परामर्श से कंट्रोलर इनहेलर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। कंट्रोलर इनहेलर सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को कम करते हैं। दमा के लक्षणों को नियंत्रित कर ये दौरे के खतरे को काफी हद तक खत्म कर देते हैं। दमा का दौरा पड़ने पर रिलीवर इनहेलर का शीघ्र इस्तेमाल करें। दौरे की स्थिति में रोगी बेचैनी महसूस करता है तो ऐसी स्थिति में रिलीवर इनहेलर से शीघ्र राहत मिलती है। इन दिनों रिलीवर और कंट्रोलर इनहेलर का कॉम्बिनेशन भी उपलब्ध है।

## ऐसे करें बचाव

- धूम्रपान, दमा रोगियों के लिए ट्रिगर का काम करता है। इसलिए धूम्रपान बंद कर दें, क्योंकि इससे सांस नलियों को धीरे-धीरे क्षति पहुंचती है।
- वाहनों से निकलने प्रदूषण और अन्य प्रकार के वायु प्रदूषक तत्वों से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनें।
- स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। एक निश्चित समय पर नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन करें। जंक फूड्स और अधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ठंडी तासीर वाली चीजों से दूर रहें।
- डॉक्टर के परामर्श से ही इनहेलर का इस्तेमाल करें। डॉक्टर द्वारा बताए गए निश्चित समय पर ही दवाएं लें। सफर या घर से बाहर जाते समय अपनी दवाओं को साथ रखें।
- खट्टे फलों जैसे संतरा, नीबू, मौसंबी और आंवले से बने उत्पादों का सेवन करें। इनमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रतिदिन एक संतरे का सेवन दमा रोगियों के लिए लाभप्रद है।
- कुछ लोगों को व्यायाम करने से भी दमा की समस्या हो सकती है। ऐसे लोग समस्या होने पर डॉक्टर से



परामर्श लें। बेहतर होगा व्यक्ति व्यायाम करने से पहले अपने डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। डॉक्टर व्यायाम करने से पहले ऐसे लोगों को इनहेलर लेने का परामर्श दे सकते हैं।
- फेफड़ों से संबंधित व्यायाम के लिए इन दिनों बाजार में लंग एक्सरसाइजर उपलब्ध हैं। जैसे 3 बॉल इंसेंटिव स्पाइरोमीटर जिनका इस्तेमाल डॉक्टर के परामर्श से करना चाहिए। लंग एक्सरसाइजर आपके फेफड़े को सशक्त करने में सहायक हो सकते हैं। स्पाइरोमीटर ऐसा डिवाइस है, जिसके जरिए आपको फेफड़ों की कार्य क्षमता को बढ़ाकर इन्हें स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## उपयोगी सांस संबंधी व्यायाम



**प्राणायाम और योगासन:** दमा रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम लाभप्रद है। यह प्राणायाम 'अल्टरनेट नॉस्ट्रिल ब्रीदिंग' है यानी इसके अंतर्गत बाएं और दाहिने नासिका छिद्र का प्रयोग सांस लेने और इसे बाहर निकालने के लिए बारी-बारी से किया जाता है। योगासनों में भुजंगासन और सूर्य नमस्कार आदि हितकर हैं। बेहतर होगा कि योग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही प्राणायाम और योगासन करें।

**गहरी सांस लें:** अपने फेफड़ों की क्षमता के अनुसार जहां तक संभव हो गहरी सांस लें।

**तैराकी:** तैराकी या स्विमिंग से भी फेफड़े सशक्त होते हैं। तैराकी के दौरान पानी के अंदर सांस रोकी जाती है, जिसे फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ती है।

**रिब स्ट्रेच:** रिब यानी पसली को स्ट्रेच करना। रिब स्ट्रेच के अंतर्गत फेफड़ों इस तरह से सांस लेनी पड़ती है कि इसे ग्रहण करते समय आपकी पसलियां खुलें और सास बाहर निकालते समय सिकुड़ें। फिटनेस एक्सपर्ट से इसकी जानकारी लें।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** फेफड़ों और हृदय की क्षमता बढ़ाने में कार्डियो एक्सरसाइज अत्यंत लाभप्रद हैं। प्रतिदिन लगभग 30 मिनट तक कार्डियो एक्सरसाइज करें। अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार जॉगिंग और रनिंग करें।

**पुश-अप्स:** पुश अप्स रेग्युलर करते रहने से आपके फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है। यह उम्दा लंग एक्सरसाइज है, जिसे अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन करें।

सजेशन / राजकुमार दिनकर

# तब पाचन क्रिया रहेगी सही

आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में हम सब अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो रहे हैं, जिसकी वजह से हमें काफी परेशानियां होती हैं और इसका सबसे बड़ा कारण खाने-पीने में हमारी अनियमितता है। यही वजह है कि खाने-पीने की गलत आदतें हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं। इनसे बचने के लिए यहां बताई जा रही बातों पर अमल करें।

- खाना खाने से आधा घंटा पहले एक गिलास गुनगुना पानी पीएं ताकि खाने के दौरान कम पानी पीएं। रात के खाने के आधे घंटे बाद हल्का गर्म पानी पीएं।
- कुछ लोग स्वाद लेने के लिए ही बार-बार खाना खाते हैं। इससे ज्यादा खाया जाता है और नींद भी अच्छी नहीं आती।



- हमें भोजन को कम से कम 30 से 35 बार चबाकर खाना चाहिए। अकसर लोग 10 से 15 बार चबाकर ही जल्दी जल्दी निगल लेते हैं, इससे कब्ज होती है।
- कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद ही बिस्तर पर चले जाते हैं। खाकर तुरंत लेटने से पाचन की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। इससे सीने में जलन, अपच और बेचैनी होती है। खाना खाने के बाद कम से कम दो घंटे प्रतीक्षा करें, इस दौरान टहल सकते हैं। घर के छोटे-मोटे काम करें। लेकिन रात के खाने के बाद तुरंत टहलने न जाएं। आधे घंटे बाद 15 से 20 मिनट की छोटी सैर कर सकते हैं।
- ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर किसी भी बार के खाने के तुरंत बाद नहाना हमारे पाचन की प्रक्रिया में बाधा पैदा करता है। क्योंकि भोजन को पचने के लिए हमें ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। तुरंत नहाने से शरीर का तापमान कम हो जाता है।
- फल रात के खाने में नहीं खाना चाहिए। इन्हें खाने से पचाना मुश्किल होता है।
- रात का खाना खाने के बाद व्यायाम नहीं करना चाहिए। देर रात की कसरत खासतौर पर कार्डियोसेशन से ऐसे हार्मोन बनते हैं जो हमारी नींद में बाधा पैदा करते हैं। *

डाइट सजेशन

डॉ. मोनिका शर्मा

हालांकि डिप्रेशन होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन उससे बचाव में आपकी डाइट हैबिट भी काफी इफेक्टिव हो सकती है। डाइट किस तरह डिप्रेशन से बचाव करने में सहायक है, यहां बता रहे हैं आपको।

# डिप्रेशन से बचाए हेल्दी डाइट



आज के दौर में हर आयुवर्ग के लोग अवसाद के घेरे में फंस रहे हैं। मन को उदासी और उलझनों के स्याह घेरे में लाने वाली यह स्थिति ना केवल असंतुलित जीवनशैली के चलते पैदा होती बल्कि कई बार अवसाद ही जीवनशैली बिगड़ने का कारण भी बन जाता है। बहुत से लोगों में डिप्रेशन खान-पान की आदतें बिगड़ने की एक बड़ी वजह है। जिसका नतीजा मोटापे और दूसरी कई बीमारियों के रूप में सामने आता है। जरूरी है कि बदलते फूड हैबिट्स के नजरिए से भी डिप्रेशन की समस्या को समझा जाए।

**बिगड़ता खान-पान और डिप्रेशन:** आपा-धापी भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य को संभालना एक चुनौती बन गया है। डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी परेशानियां हर किसी को घेर रही हैं। मन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का एक पहलू यह भी है कि इनको समझना आसान नहीं होता। हालांकि बहुत सी बातों और बर्ताव को समझकर अपनी मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया जा सकता है। इनमें फूड हैबिट्स भी हैं। आमतौर पर मूड बिगड़ने पर खाने-पीने की आदतें भी बिगड़ने लगती हैं। टूटती-बिखरती मनःस्थिति से जूझते हुए कई तरह के खाने को लेकर रुचि बढ़ जाती है। हाल ही में आई एक स्टडी के रिजल्ट के मुताबिक अवसाद से जूझ रहे लोगों का कार्बोहाइड्रेट से भरपूर चीजों का सेवन करने का मन होता है। डिप्रेशन के शिकार लोगों को कार्बोहाइड्रेट रिच फूड आइटम्स की क्रेविंग्स बढ़ने का कारण यह है कि ये खाद्य पदार्थ मस्तिष्क में सेरोटोनिन नामक हार्मोन को रिलीज करते हैं। यह हार्मोन जो मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। रुकी-थकी मनःस्थिति के दौर में इन्हें खाते रहने की लत लग जाती है। इसीलिए भावनाओं को संभालने के दौर में भोजन की बदलती आदतों को लेकर भी संभलना जरूरी है।

**हेल्दी डाइट है जरूरी:** हमारे भोजन का मेंटल हेल्थ कंडीशन से गहरा कनेक्शन है। यही वजह है कि आहार के स्वस्थ विकल्प चुनना जरूरी है। अवसाद की कंडीशन में कार्बोहाइड्रेट से भरपूर फूड्स में भी साबुत अनाज, सब्जियां और फल आदि खाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। धीरे-धीरे खान-पान का बदलाव मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने लगता है। ध्यान रहे कि कैफीन और चीनी जैसे खाद्य पदार्थ अवसाद को और बढ़ाते हैं। चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और दूसरे कई एनर्जी ड्रिंक्स में भारी मात्रा में कैफीन पाया जाता है। प्रोसेस्ड फूड में चीनी और नमक बहुत अधिक होता है। ऐसे में इनके सेवन को लेकर सजगता बरतना आवश्यक है। आम इंसान के समान ही संतुलित भोजन लेना और खूब सारा पानी पीना मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े परेशानियों में भी आवश्यक है। अहम यह भी है कि घर के दूसरे सदस्य इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें। इलाज के साथ-साथ अपनों की थोड़ी सी सजगता, डिप्रेशन से जूझ रहे इंसान को सहज जीवन की ओर लौट आने में बहुत मदद करती है।


**स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव:** जर्मनी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन के अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गंभीर अवसाद से ग्रस्त लोगों में कभी-कभी फूड क्रेविंग्स पैदा हो जाती हैं। इस स्टडी से जुड़े और यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल बॉन विश्वविद्यालय में मेडिकल साइकोलॉजी के प्रोफेसर नील्स क्रोमर का कहना है कि खान-पान में आए बदलावों की वजह से शरीर के वजन में भी बदलाव हो सकता है। साइकोलॉजिकल मेडिसिन जर्नल में छपे इस अध्ययन में 117 प्रतिभागियों के समूह को शामिल किया गया। इनमें 54 अवसादग्रस्त और 63 स्वस्थ लोग शामिल थे। आमतौर पर देखने में भी आता है कि डिप्रेशन के घेरे में आए लोगों की शारीरिक सक्रियता भी कम हो जाती है। वे अकेले और उदास रहने लगते हैं। एक ओर निष्क्रिय जिंदगी तो दूसरी ओर गलत खान-पान, पाचन की प्रक्रिया को भी बिगाड़ देता है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक भी न्यूरोकेमिकल्स का उत्पादन करने वाले आंत के बैक्टीरिया इंसान के मूड और दूसरी मानसिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। ह्यूमन बॉडी करीब 95 फीसदी सेरोटोनिन हार्मोन को आंत के बैक्टीरिया ही बनाते हैं। यही हार्मोन मूड को स्थिर, शांत रखने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में मोटापे, अकेलेपन और पाचन आदि से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए भी स्वस्थ आहार जरूरी है। साथ ही बिगड़ी मनःस्थिति को और बिगाड़ने से बचाने के लिए भी फूड हैबिट्स पर ध्यान देना आवश्यक है। *

गर्मी में शीतल अहसास के लिए आप शीतकारी प्राणायाम कर सकते हैं। लेकिन इसका अभ्यास शुरू करने से पहले यह भी जान लें कि इसे कब करें, कैसे करें, करने के पहले किस तरह की तैयारी करें, हर दिन कितना अभ्यास जरूरी है और कब करने से बचना चाहिए?

# गर्मी में पाएं शीतल अहसास करें शीतकारी प्राणायाम

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



गर्मियों की भीषण तपन, पसीना, चिड़चिड़ापन और थकान से राहत पाने के लिए योगशास्त्र में एक प्रभावी विधि बताई गई है- इसे शीतकारी प्राणायाम कहते हैं। यह एक ऐसा श्वसन अभ्यास है, जो शरीर को भीतर से ठंडक देता है, मन को शांत करता है और ऊर्जा को संतुलित रखता है। 'शीतकारी' का अर्थ है- शीतलता प्रदान करने वाला। तो यह एक ऐसी श्वास तकनीक है, जिसमें विशेष ढंग से मुंह से हवा को अंदर लिया जाता है और नाक के रास्ते इसे छोड़ा जाता है। इससे शरीर के तापमान में प्राकृतिक रूप से गिरावट आती है।

**इसलिए है खास:** यह प्राणायाम शरीर के तापमान को प्राकृतिक रूप से कम करता है। गर्मी से चिड़चिड़ापन, थकान, और सिरदर्द जैसे लक्षणों में राहत मिलती है। पित्त दोष (जो गर्मी में अधिक होता है) को शांत करता है। शरीर में ताजगी और मन में शांति का अनुभव होता है।

**कब करें:** सुबह जल्दी (6-8 बजे) या शाम को सूर्यास्त के बाद (6-7 बजे) इसे करना लाभकारी होता है। यह प्राणायाम विशेष रूप से गर्मी के मौसम में (अप्रैल से जुलाई तक) अत्यंत लाभकारी होता है। इसे हमेशा खाली पेट या भोजन के 3 घंटे बाद करें।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले सुखासन, पद्मासन या वज्रासन की मुद्रा में सीधे बैठ जाएं। आंखें बंद कर लें और शरीर को ढीला छोड़ दें। दांतों को आपस में मिलाएं, होंठ खुले रखें ताकि दांत दिखाई दें। अब मुंह से सिसकारी जैसी आवाज निकालते हुए धीरे-धीरे लंबी सांस अंदर लें। कुछ सेकेंड सांस अंदर रोकें (जितना सहज हो)। फिर नाक से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। इस तरह यह एक चक्र पूरा हुआ।

**पहले क्या तैयारी करें:** शांत वातावरण चुनें, जहां ताजी हवा बह रही हो। ढीले और हल्के कपड़े पहनें। मोबाइल और ध्यान भटकाने वाले उपकरण बंद कर दें। मन को शांत करने के लिए कुछ मिनट ध्यान करें या लंबी सांस लें।

**कितना हो नियमित अभ्यास:** शुरुआत में 5-7 चक्र, मध्य स्तर में 10-15 चक्र और नियमित योगी स्तर में 15-20 चक्र दिन में एक बार अभ्यास करना पर्याप्त है।

**कब न करें:** ठंड लगने पर या सर्दी-जुकाम, निमोनिया, अस्थमा जैसी परेशानी हो तो यह प्राणायाम बिल्कुल न करें। यदि निम्न रक्तचाप यानी बीपी लो रहता हो तो डॉक्टर की सलाह के बाद ही यह प्राणायाम करें। बहुत अधिक ठंडी जगह पर भी शीतकारी प्राणायाम करने से बचें। मानसून और ठंड के मौसम में भी इसका अभ्यास सीमित रखें।

**प्राणायाम के बाद क्या करें:** कम से कम 5 मिनट बिल्कुल शांत बैठे रहें या 5 मिनट शवासन करें। इसके बाद संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं। ताजगी भरा फल या नारियल पानी लेना बेहतर होता है।

**अन्य स्वास्थ्य लाभ:** इससे शरीर अंदर से शीतलता महसूस करता है। इससे तनाव नियंत्रण में रहता है। इसे नियमित करने से शरीर की त्वचा चमकती है। यह हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने में मददगार है। *



# आईपीएल : मुंबई लगातार पांच मैचों से अजेय, आज दिखेगा राजस्थानी वैभव

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी। उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन का विजय अभियान रोकना होगा।

राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं।



## बुमराह का सामना करेंगे सूर्यवंशी

सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरुआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं।

## मुंबई को रोकना आसान नहीं

हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह की वापसी सुखद रही है। मुंबई की हमेशा की तरह शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन टीम ने अब पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। पिछले मैच में मुंबई के लिए सकारात्मक पहलू कॉर्बिन बॉश का प्रदर्शन था जिन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

### मीडिया रिपोर्ट में दावा : मई के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा टीम का चयन

# रोहित को इंग्लैंड दौरे की कमान, 35 खिलाड़ी शॉर्ट लिस्ट, सुदर्शन-नायर को मिलेगा मौका



### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

| दिनांक | प्रारूप | शहर |
|---|---|---|
| 20-24 जून | टेस्ट | हेडिंग्ले |
| 2-6 जुलाई | टेस्ट | बर्मिंघम |
| 10-14 जुलाई | टेस्ट | लॉर्ड्स |
| 23-27 जुलाई | टेस्ट | मैनचेस्टर |
| 31 जुलाई से 4 अगस्त | टेस्ट | द ओवल |

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के इंग्लैंड दौरे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में इस बात का दावा किया गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे। इसके अलावा, भारत और इंडिया ए के लिए कुल 35 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। टीम का चयन मई के दूसरे सप्ताह तक तक किया जा सकता है। साई सुदर्शन को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि रजत पाटीदार और करुण नायर को नंबर 5 और 6 पर खेलने के लिए विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। कुलदीप यादव की वापसी की संभावना जताई जा रही है, जो टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है बीसीसीआई ने ट्रैवल प्लान यात्रा की व्यवस्था शुरू कर दी है। सेलेक्टर्स को मई के दूसरे सप्ताह तक टीमों का चयन करने की उम्मीद है। टीम में सेलेक्शन के दौरान चिंता का एक बड़ा केंद्र नंबर 5 या 6 पर मध्य-क्रम टेस्ट बल्लेबाज को ढूंढ़ना माना जा रहा है। सेलेक्टर्स रजत पाटीदार और करुण नायर को इस कमी को पूरा करने के लिए देख रहे हैं। इन दोनों को भारत 'ए' सीरीज में आजमाया जा सकता है, जो 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी।

### कुलदीप को भी मिलेगा मौका

रिपोर्ट में दावा है कि इस लिस्ट में एक और अहम नाम कुलदीप यादव का भी है। कुलदीप काफी समय से विदेशों में टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद, चयनकर्ता कुलदीप को एक आक्रमक स्पिन विकल्प के तौर पर चुन सकते हैं।

### बैकअप पेसर होंगे रिजर्व खिलाड़ी

इस दौरे पर कुछ अच्छे रिजर्व खिलाड़ी भी साथ ले जाएंगे, जिनमें ज्यादातर बैकअप पेसर होंगे, जो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर होंगे, साथ ही कुछ स्पिनर भी हो सकते हैं। सेलेक्टर्स मोहम्मद सिराज को लेकर चिंतित हैं क्योंकि बुमराह और शमी की अनुपस्थिति में वह मुख्य पेसर के रूप में कदम कारगर नहीं दिखे। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी को भारत 'ए' टीम के साथ तीन फर्स्ट क्लास मैचों में खेलते हुए मैच अभ्यास करने को कहा जा सकता है।

### सरफराज पर भरोसा नहीं

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया- रोहित शर्मा के कप्तान बनने की संभावना सबसे ज्यादा है, क्योंकि बोर्ड को लगता है कि इंग्लैंड दौरे के दौरान एक मजबूत कप्तान की जरूरत होगी, जैसे ऑस्ट्रेलिया दौरे में थी। मध्यक्रम के बारे में, टीम प्रबंधन ने सरफराज खान पर ज्यादा भरोसा नहीं दिखाया है। नायर और पाटीदार दोनों रेड बॉल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और अच्छी फॉर्म में हैं, इसलिए उम्मीद है कि उनमें से एक को भारत 'ए' टीम में जगह मिल सकती है।

### अय्यर और अक्षर बाहर

दिलचस्प बात यह है कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल को अभी तक इस लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। अय्यर को पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में उनके खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। अंतिम फैसला अभी लिया जाना बाकी है। यह भी जानकारी मिली है कि साई सुदर्शन को इस सीरीज के लिए तीसरे सलामी बल्लेबाज के तौर पर देखा जा रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद, सांईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)
(Main Road, Sainkheda Phone : 07791-250320 Email: cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 582/ ई-टेण्डर / 2025-26 — **दुकान ई-नीलामी आमंत्रण सूचना** — सांईखेड़ा, दिनांक - 25/04/25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सांईखेड़ा के स्वामित्व की मेन मार्केट में निमार्णाधीन काम्पलेक्स की दुकानों को म.प्र. नगरपालिका (अचल संपति का अंतरण) नियम 2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 एवं दिनांक 28.03.2023 (निविदा दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों सहित) उल्लेखित एवं विरचित प्रावधानों के अधीन आवंटन हेतु लगसम दर पर ऑनलाईन निविदा ऑफर आमंत्रित किया जाता है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. नं. जारी दिनांक | दुकान क्र. | क्षेत्रफल वर्गफीट | दुकानों का वर्ग (आरक्षण) | न्यूनतम प्रीमियम राशि | प्रतिभूति निक्षेप/ अर्नेस्ट मनी राशि (2.5 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_UAD_419250_1 26.04.2025 | 1 | 12X9.8 | अनुसूचित जाति | 369852.00 | 9250.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_419251_1 26.04.2025 | 2 | 12X10.8 | अनुसूचित जाति | 407592.00 | 10190.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 3 | 2025_UAD_419252_1 26.04.2025 | 3 | 12X10.8 | अनुसूचित जाति | 407592.00 | 566100.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 4 | 2025_UAD_419253_1 26.04.2025 | 4 | 12X18 | अनुसूचित जनजाति | 679320.00 | 16990.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 5 | 2025_UAD_419254_1 26.04.2025 | 5 | 12X13.6 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 513264.00 | 12835.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 6 | 2025_UAD_419255_1 26.04.2025 | 6 | 12X13.6 | अनारक्षित महिला | 513264.00 | 12835.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 7 | 2025_UAD_419256_1 26.04.2025 | 7 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 8 | 2025_UAD_419257_1 26.04.2025 | 8 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 9 | 2025_UAD_419258_1 26.04.2025 | 9 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 10 | 2025_UAD_419259_1 26.04.2025 | 10 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 11 | 2025_UAD_419260_1 26.04.2025 | 11 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 12 | 2025_UAD_419261_1 26.04.2025 | 12 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 13 | 2025_UAD_419262_1 26.04.2025 | 13 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 14 | 2025_UAD_419263_1 26.04.2025 | 14 | 12X20.9 | अनारक्षित | 788766.00 | 19720.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 15 | 2025_UAD_419264_1 26.04.2025 | 15 | 12X15 | अनारक्षित | 566100.00 | 14155.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 16 | 2025_UAD_419270_1 26.04.2025 | 16 | 12X15 | अनारक्षित | 566100.00 | 14155.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 17 | 2025_UAD_419271_1 26.04.2025 | 17 | 12X15 | अनारक्षित | 566100.00 | 14155.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 18 | 2025_UAD_419272_1 26.04.2025 | 18 | 12X15 | अनारक्षित | 566100.00 | 14155.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 19 | 2025_UAD_419273_1 26.04.2025 | 19 | 12X25.8 | अनारक्षित | 973692.00 | 24350.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |
| 20 | 2025_UAD_419274_1 26.04.2025 | 20 | 12X22.9 | अनारक्षित | 369852.00 | 21610.00 | 2000.00 | 13.05.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.,mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष
नगर परिषद, सांईखेड़ा

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, सांईखेड़ा



## कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी
मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई - निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु स्टील (सरिया), वाईडिंग वायर, एंगिल लोहा, खिड़की हेतु लोहा ग्रिल, प्रोफाईल शीट (आयरन स्टील) एवं स्टील रेलिंग क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 19.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 1,11,000/- (रुपए एक लाख ग्यारह हजार रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनॉक 12.05.2025 को दोपहर 02.00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 19.05.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 20.05.2025 को सायं 05:00 बजे |

G-12191/25 "स्वच्छता ही सेवा"

(गौरव शर्मा)
भा.व.से. वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी



## कार्यालय वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी
मो. 9424792725, Email: dfotkatn@mp.gov.in
महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.- 7, जबलपुर रोड, झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501

**सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई - निविदा विज्ञप्ति**

कटनी वनमंडल के अंतर्गत वर्ष 2025 - 26 विभिन्न योजना अंतर्गत अधीनस्थ परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी कार्य, भवन निर्माण हेतु ईट क्रय सामग्री क्रय करने के लिए प्रदायकताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से दिनॉक 19.05.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइड www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 75,000/- रुपए (पांच सौ रुपए मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग | दिनॉक 12.05.2025 को दोपहर 02.30 बजे से |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनांक 19.05.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 20.05.2025 को सायं 05:00 बजे |

G-12212/25 "स्वच्छता ही सेवा"

(गौरव शर्मा)
भा.व.से. वन मंडल अधिकारी,
सामान्य वनमंडल कटनी


खास खबर

# थाईलैंड से चार जून को मैत्री मैच खेलेगा भारत



नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा। फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।

### एशियाई खेल में बरकरार रहेगा क्रिकेट : ओसीए



नई दिल्ली। एशियाई ओलंपिक परिषद ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद और आयोजन समिति के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, 'खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई।' क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा, 'क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा।'

### प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगी अपना कार्यालय

नई दिल्ली। इंग्लिश प्रीमियर लीग ने बुधवार को स्थानीय खेल प्रेमियों को जोड़ने और भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में अपना कार्यालय खोलने की घोषणा की। प्रीमियर लीग का भारत में काम करने का लंबा इतिहास रहा है। लीग 2007 से सामुदायिक फुटबॉल कार्यबल के विकास का समर्थन करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में अपना 'प्रीमियर स्किल्स' कार्यक्रम चला रही है। प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, 'हमारे क्लबों के पास भारत में एक शानदार 'फैनबेस' है और हम जानते हैं कि फुटबॉल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।'


## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स गौर रोड तार कोट प्रा.लि., खसरा नं. 96. ग्राम घाघरा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.25 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता स्टोन 19921 घन मीटर प्रतिवर्ष एवं मुरूम 1765 घनमीटर प्रति वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द जबलपुर, (4) ग्राम घाघरा, ग्राम पंचायत तिखारी, तहसील एवं जिला जबलपुर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र., म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 06/06/2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे मेसर्स गौर रोड तार कोट प्रा.लि., ग्राम घाघरा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (म / स) संभाग नरसिंहपुर (म. प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 03 / वर्ष 2025-26 / कार्य. यं. — **निविदा सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक 29/04/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु राशि (रु. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _419929_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण रोड़ | नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर एवं मुंगवानी सेक्शन में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन पूर्व आवश्यक कार्य। | 19.49 | 39,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_PWDRB _419930_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण रोड़ | नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली, बरमान एवं तेन्दूखेड़ा सेक्शन में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन पूर्व आवश्यक कार्य। | 19.49 | 39,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2025_PWDRB _419931_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण रोड़ | नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत गाडरवारा में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन पूर्व आवश्यक कार्य। | 19.49 | 39,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_PWDRB _419932_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण रोड़ | नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत गोटेगांव में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन पूर्व आवश्यक कार्य। | 19.49 | 39,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 5 | 2025_PWDRB _419933_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण रोड़ | उपसंभाग गाडरवारा के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के रैनोवेशन वार्षिक संधारण विशेष मरम्मत अन्य समस्त प्रकार के मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर। | 10,00 | 20,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 87.96 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/05/2025. (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई. एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 07/05/2025 (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

G-12241/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग नरसिंहपुर



## कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.
Email - Jssjamarwara@mp.gov.in,

क्रमांक / 564 / निर्वाह / 2025 — अमरवाडा, दिनांक 27/04/25

**ई-टेण्डरिंग चतुर्थ निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26**
**mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 109 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 02.01.2024 एवं अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का पत्र क्रमांक 361 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 10.01.2025 निदेशॉनुसार कार्यालय अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम- 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम-2015 (यथा संशोधन - 2022) के तहत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री की द्वितीय वार्षिक निविदाएं ई-टेंडर के माध्यम से दिनांक 14-05-2025 को शाम 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 28.04.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| प्रिबिड मीटिंग | 03.05.2025 | कार्यालय सब जेल अमरवाडा |
| ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जाएगा। | 13.05.2025 को समय 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.05.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईड mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 15.05.2025 को प्रातः 11:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 15.05.2025 को प्रातः 1:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 16.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड से पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

G-12194/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा



## कार्यालय, अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.
Email - Jssjamarwara@mp.gov.in,

क्रमांक / 581 / निर्वाह / 2025 — अमरवाडा, दिनांक 27/04/25

**ई-टेण्डरिंग चतुर्थ निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26**
**mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक 10247 / निर्वाह शाखा / 25, दिनांक 21.04.2025 कार्यालय अधीक्षक, सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाड़ा जेल में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम- 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम-2015 (यथा संशोधन - 2022) के तहत खण्ड-1 सब्जी/फल दूध दही अण्डे एवं स्वच्छता सामग्री की तृतीय वार्षिक निविदाएं ई-टेंडर के माध्यम से दिनांक 14.05.2025 को शाम 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 28.04.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| प्रिबिड मीटिंग | 29.04.2025 | कार्यालय सब जेल अमरवाडा |
| ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जाएगा। | 13.05.2025 को समय 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.05.2025 को सायंकाल 05:30 बजे तक | बेवसाईड mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 15.05.2025 को प्रातः 01:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि | 16.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड से पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

G-12228/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

अधीक्षक
सब जेल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा

**हाईकोर्ट ने सिवनी एसपी से मांगा जवाब**

# अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी एसपी से पूछा है की डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई ? चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कलेक्टर सिवनी, एसपी और एसएचओ धूमा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। कोर्ट ने एसएचओ से पूछा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, तो उसकी रिपोर्ट शपथ पत्र पर पेश की जाए। सिवनी निवासी




जितेन्द्र अहिरवार की ओर से जनहित याचिका प्रस्तुत कर अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि धूमा थानांतर्गत एक गांव में 10 फरवरी की रात कुछ लोगों ने डॉ अंबेडकर की मूर्ति में तोड़फोड़ की। अगले ही दिन धूमा पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। एसपी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायतें की गईं। जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तो याचिका दायर की गई। आरोप है कि पुलिस ने जांच की है, लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई करने से बच रही है।

**बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने नव नामांकित वकीलों को दी राहत**

# अब 3 वर्ष में उत्तीर्ण कर सकते हैं ऑल इंडिया बार एग्जाम

हरिभूमि जबलपुर। ,



स्टेट बार काउंसिल में नव नामांकित वकीलों के लिए खुशखबरी है। अब वे तीन वर्ष में आल इंडिया बार एग्जाम उत्तीर्ण कर सकते हैं। पूर्व में नामांकित होने के बाद अधिकतम दो वर्ष में परीक्षा पास करने की बाध्यता थी। एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि काउंसिल की मांग पर बीसीआई ने नव नामांकित अधिवक्ताओं को जारी प्रावधिक नामांकन अवधि में एक वर्ष की बढ़ोत्तरी करते हुए उसे दो की जगह तीन वर्ष कर दिया है। हालांकि यह राहत वर्ष 2022 से नामांकित हुए अधिवक्ताओं के लिए है। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने बताया कि बीसीआई द्वारा जारी अधिसूचना 12 अप्रैल, 2013 में नवीन अधिवक्ताओं को दो वर्ष हेतु प्रावधिक नामांकन जारी किया जाता था। स्टेट बार द्वारा प्रावधिक अवधि को दो वर्ष से बढ़ाए जाने का बीसीआई से अनुरोध किया गया था। जिसे स्वीकार कर लिया गया। साथ ही यह निर्देश भी दिया है कि इस विस्तारित एक वर्ष की अवधि में भी परीक्षा पास करने में विफल रहते हैं तो वे अधिवक्ता नहीं रह जाएंगें और उनका नाम स्टेट बार के रोल से हटा दिया जाएगा। परीक्षा में असफल रहने वाले अधिवक्ता अपना व्यवसाय का अधिकार खो देंगे। वे अदालत में पेश होने के दौरान कोट, ड्रेस, बैंड, गाउन नहीं पहन सकेंगे। इतना ही नहीं उन्हें संघों के चुनावों में मतदान करने का अधिकार भी नहीं रहेगा। इसके साथ ही वे स्टेट बार की किसी भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे। कुल मिलाकर बीसीआई ने परीक्षा पास करने में विफल नए अधिवक्ताओं को एक अंतिम अवसर प्रदान किया है।

### 2022 के पहले वालों की होगी सदस्यता समाप्त

स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी द्वारा अधिवक्ता संघों को अवगत कराया गया है कि बीसीआई ने यह निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2022 के पूर्व नामांकित अधिवक्ता जिनके द्वारा परीक्षा पास नहीं की गई है, उन अधिवक्ताओं की अधिवक्ता संघ की सदस्यता समाप्त कर दी जाए।

*ओरिजनल दस्तावेज वापस करने मेडिकल कालेज को दिए निर्देश , सीट छोड़ने के एवज में की जा रही थी 30 लाख की मांग*

# हाईकोर्ट ने समझा अवसाद के कारण मनोरोगी हुए मेडिकल छात्र का दर्द

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अवसाद के कारण मनोरोगी हुए मेडिकल छात्र का दर्द समझते हुए उसे राहत दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने पीपुल्स मेडिकल कालेज भोपाल को छात्रा के ओरिजनल दस्तावेज वापस करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता गुजरात निवासी डा. मीत यादव स्वास्थ्य कारणों से मेडिकल सीट छोड़ने विवश हो गया। उसने अपने ओरिजनल दस्तावेज वापस करने निवेदन किया। लेकिन पीपुल्स डेंटल अकादमी भोपाल ने 30 लाख जमा करने की शर्त लगा दी। इस पर यह याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 2023 में पीपुल्स डेंटल अकादमी, भोपाल में बीडीएस सीट में दाखिला लिया था। इस दौरान हास्टल में रैगिंग के चलते अवसादग्रस्त हो गया। कालेज प्रबंधन का कहना है कि दाखिले के समय उसने बांड साइन किया था। जिसकी शर्त के अनुसार मेडिकल सीट बीच में छोड़ने के एवज पर 30 लाख रुपये का भुगतान करना होगा।

### लोकसभा तक में उठ चुका है मामला

अधिवकत संघी ने अवगत कराया कि याचिकार्का की स्थिति ऐसी है कि माता-पिता का उसके साथ रहना आवश्यक है। माता-पिता के साथ नहीं रहने पर वह आत्मघाती कदम उठा सकता है। मेडिकल सीट छोड़ने के एवज में छात्रों से 30 लाख रुपये लेने के मामला लोकसभा तक में उठाया गया था। नेशनल मेडिकल कमीशन ने इस पालिसी पर पुनर्विचार करने के निर्देश मध्य प्रदेश शासन को दिए थे। मध्य प्रदेश शासन ने वर्ष 2025 से उक्त पालिसी को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसके बावजूद परेशान करना समझ के परे है।

# अदालत ने विधि विरुद्ध तरीके से निष्कासित करने पर लगाई रोक

**जबलपुर।** तृतीय व्यवहार न्यायाधीश रिशा अहमद कुरैशी की अदालत ने मकान से विधि विरुद्ध तरीके से निष्कासित करने पर रोक लगा दी है। यह भी कहा है कि प्रतिवादी पक्ष वादी के आधिपत्य में हस्तक्षेप न करे। वादी पक्ष खाई मोहल्ला, हनुमानताल निवासी रविंद्र साहू व निशांत साहू की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी, संकेत चौधरी व रोशन रैदास ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रतिवादी देवेंद्र साहू व रेखा साहू वादी पक्ष को येन-केन-प्रकारेण उस मकान से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें वे वर्तमान में निवासरत हैं। यदि बेदखली पर अंकुश न लगाया गया तो वादी बेघर हो जाएंगे। चूंकि वादी वादग्रस्त मकान में काबिज हैं, अतः प्रथम दृष्टया मामला सुविधा का संतुलन व अपूर्णीय क्षति का प्रश्न समुपस्थित करता है। इसलिए प्रतिवादियों को मकान बेचने से रोका जाए। अदालत ने तर्क सुनने के बाद विधि विरुद्ध तरीके से निष्कासित करने या आधिपत्य पर हस्तक्षेप पर रोक लगा दी।



**पश्चिमी विक्षोप का नया सिस्टम सक्रिय**

# आज से फिर छाएंगे बादल कल बौछार के आसार

हरिभूमि जबलपुर।

दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं से बुधवार को भीषण गर्मी के हालत बने रहे। दिन में तेज धूप रही। हालांकि पारा बहुत ज्यादा नहीं उछला और हद के अंदर रहा, फिर भी गर्मी का असर जोरदार बना रहा। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोप का एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है आज से फिर बादल छाएंगे और 48 घंटों में संभाग के जिलों में कही कही वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है। इससे कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है और तेज हवायें भी चल सकतीं है। पिछले 3 दिनों से धूप प्रचंड असर दिखा रही है। दिन में सड़कें सूनी हो जातीं हैं और देर रात तक सड़कों पर चहल-पहल बनी रहती है। दिन में बिना गमछा, टोपी के निकलना मुश्किल हो जाता है। प्रचंड गर्मी के कारण शाम ढलने के बाद शाम को सड़कों पर चहल-पहल शुरु होती है और देर रात तक बनी रहती है।

स्थानीय विज्ञान केंद्र के मुताबिक आसमान पर हल्के बादलों की परत ने तापमान की उछल पर रोक लगा रखी है। इस बीच पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है। जिससे कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातःकाल 44 प्रतिशत और सायंकाल 22 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.37 पर और सूर्यास्त शाम 6.38 पर हुआ। दक्षिणी-पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्री तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तामपान 40.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

**हाईकोर्ट में याचिका दायर**

# प्रदेश भर में चल रही ऑउटसोर्सिंग भर्तियों की वैधानिकता को चुनौती



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर प्रदेश भर में चल रही आउटसोर्सिंग भर्तियों की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। मामले पर 5 मई को सुनवाई होगी। अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी-अधिकारी संघ (अजाक्स) भोपाल के सचिव एमसी अहिरवार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि सामान्यतः कर्मचारियों की सेवा शर्तें एवं नियोजन की प्रक्रिया से संबंधित नियम बनाने का कार्य सामान्य प्रशासन विभाग का होता है। शासन के वित्त विभाग द्वारा मध्य प्रदेश भंडारण क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 में दिनांक 31 मार्च 2022 में संशोधन किया है। इसके तहत वस्तु की तरह श्रमिकों को प्राइवेट एजेंसियो के माध्यम से श्रम करने हेतु खरीदा जाएगा। श्रमिकों को खरीदने और उन्हें सरकारी विभागों मे नियोजित करने का नया 'आउटसोर्सिंग' दिया गया है। वित्त विभाग द्वारा 31 मार्च 2023 को अधिसूचना जारी कर शासन के सभी विभागों निर्देशित किया गया कि विशिष्ट कार्यों हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवाएं आउटसोर्स एजेंसीयों के माध्यम से की जा सकेंगी। उक्त अधिसूचना की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि आउटसोर्सिंग पर नियुक्त कर्मियों को एजेंसियों द्वारा मनमर्जी से वेतन भुगतान करती हैं। इसी तरह बिना किसी प्रक्रिया के उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। लोकतांत्रिक देश में आउटसोर्सिंग पद्धति मानव तस्करी जैसी बुराइयों को जन्म दे रही है, जिसमें पढ़े लिखे शिक्षित युवा बेरोजगारों का दोहन हो रहा है।संबंध आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा एक्सप्लोइटेशन भी किया जा रहा है।

**ज्वेलर्स शॉप संचालक दम्पत्ति पर मामला दर्ज**

# जेवर बनाने के नाम पर हड़पे 10 लाख

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत सराफा बाजार स्थित एक ज्वेलर्स शॉप के संचालक पति पत्नी ने 7 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति की बेटियों के लिए जेवर बनवाने दिए गए दस लाख रूपए हड़प लिए जब धोखाधडी के शिकारव्यक्ति ने उक्त रकम लौटाने कहा तो दम्पत्ति उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। पुलिस ने ज्वेलर्स शॉप संचालक पति पत्नि पर धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि गुरंदी बाजार निवासी पप्पू उर्फ राजकुमार सोनकर ने सराफा बाजार स्थित मेसर्स भागचंद्र हरीश सराफ ज्वेलर्स शॉप के संचालक उमा सराफ व हरीश सराफ का वर्ष 2018 में अपनी बेटियों के लिए जेवर बनवाने दस लाख रूपए दिए थे ज्वेलर्स शॉप संचालक दम्पत्ति ने उसे एक अगस्त 2018 को जेवर तैयार कर देने कहा था जब पप्पू सोनकर ने पति पत्नि से जेवर नहीं मिलने पर पैसे वापिस मांगे तो उन्होंने कहा कि तुम्हारा पैसे हमने अपने निजी काम में इस्तेमाल कर लिया है कोई जेवर या पैसा नहीं है तुम्हे जो करना है वह कर लो। पप्पू सोनकर को आज तक ज्वेलर्स शॉप संचालक पति पत्नी ने जेवर नहीं दिए जेवर मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं इस तरह सराफा कारोबारी दम्पति उमा शराफ व हरीष सराफ ने अमानत में ख्यानत कर पप्पू सोनकर के दस लाख रूपए हड़प लिए पप्पू को पता चला कि आरोपी पति पत्नि इसी तरह कई लोगों को जेवर बनवाने का झांसा देकर उनके पैसे भी हड़प चुके हैं आरोपी ज्वेलर्स शॉप संचालक उमा सराफ व हरीश सराफ के खिलाफ धारा 406, 420 का माला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# पिस्टल कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और बेलबाग पुलिस ने गत रात विश्वकर्मा मंदिर के बाजू वाली गली बढ़ई मोहल्ला में पिस्टल लेकर खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस जब्त किया है। बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और बेलबाग पुलिस की टीम ने विश्वकर्मा मंदिर के बाजू वाली गली बढ़ई मोहल्ला में पिस्टल लेकर खड़े बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी 22 वर्षीय विमल उर्फ आयुष शर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल और एक कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**दोस्तों के बीच चाकू चलेः 1 घायल, 1 गंभीर**

# नागिन डांस ने कराया बारात में बवाल

हरिभूमि जबलपुर।



पाटन थाना अतंर्गत भगवान दास मैरिज गार्डन साहू कालोनी पाटन में शादी समारोह में नागिन डांस को लेकर दो दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया. झगड़ा इतना बढ़ा कि नीलेश पटेल ने साहिल पटेल पर चाकू से हमला कर दिया. बारात में चाकूबाजी होते देख लोगों में भगदड़ व अफरातफरी मच गई. हमले में घायल साहिल को पहले पाटन अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर हालत देखकर जबलपुर मेडीकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन में रवि गौंड़ की भगवानदास मैरिज गार्डन में बारात जाना थी. बारात में दोस्त साहिल पटैल, नरेश पटेल, आशीष पटैल, आनंद ठाकुर तथा रानू पटैल, नीलेश पटेल सहित अन्य दोस्त डांस करते हुए आगे बढ़ रहे थे. रात 11 बजे के लगभग बारात जब मैरिज गार्डन के पास पहुंच गई तो साहिल ने डीजे वाले से बदलकर गाना लगाने के लिए कहा. जिसपर नीलेश पटेल ने कहा कि नागिन डांस लगाए. नीलेश का दोस्त साहिल ने यह कहते हुए विरोध कर दिया कि पहले मेरी मर्जी का गाना बजेगा, क्योंकि मैने पहले गाना लगाने के लिए कहा है. इस बात को लेकर दोनों दोस्तों के बीच विवाद होने लगा. बारात में शामिल दोस्तों सहित अन्य लोगों ने दोनों को समझाइश देते हुए अलग कर दिया. लेकिन कुछ देर बाद नीलेश फिर आया और उसने डीजे की आवाज तेज करने को कहा, इस बात पर फिर झगड़ा हो गया और आवेश में आकर नीलेश ने साहिल पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल साहिल पटैल उम्र 22 वर्ष को शासकीय अस्पताल पाटन लेकर गए. जहां पर साहिल की हालत को देखते हुए मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया. हमले की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होने पूछताछ के बाद आरोपी नीलेश पटेल के खिलाफ धारा 296, 118(1), 109(1) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# एसपी ने किया गढ़ा थाने का निरीक्षण

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कल गढ़ा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जब्त माल आर्म्स इम्युनेशन, राईड ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुए हवालात का भी निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जब्त माल का उचित संधारण किये जाने पर



उन्होंने थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्माको शबासी दी। एसपी श्री उपाध्याय ने निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी को सीएम हेल्प लाईन के लंबित प्रकरणों एवं जन सुनवाई की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर फरियादी पक्ष को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना क्षेत्र में चोरी नकवजनी एवं लूट की बढ़ती वारदातों को देखते हुए अपराधियों की हिस्टी सीट व अपराधी प्रवृत्ति वाले अपराधियों की गुण्डा फाईल अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर खोलने के निर्देश दिए। इसमौके पर गढ़ा सीएसपी डीपीएस चौहान भी मौजूद रहे।

# समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने अब 15 मई तक पंजीयन करा सकेंगे किसान

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर तुअर विक्रय करने के लिये पंजीयन कराने की अवधि पंद्रह दिन और बढ़ा दी गई है। समर्थन मूल्य पर तुअर का विक्रय करने किसान अब 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इसके पहले शासन द्वारा तुअर उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की अवधि 20 से बढ़ाकर 30 की गई थी। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ एस के निगम ने यह जानकारी देते हुये समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय हेतु जिले में तुअर की फसल लेने वाले किसानों से अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया हैए ताकि उन्हें उनकी उपज की अच्छी कीमत प्राप्त हो सके। डॉ निगम ने बताया कि राज्य शासन द्वारा रबी वर्ष 2024.25 में तुअर का समर्थन मूल्य 7 हजार 550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया हैए जबकि जिले की मंडियों में तुअर का अधिकतम मूल्य 6 हजार 600 रुपए प्रति क्विंटल प्राप्त हो रहा है।उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के मुताबिक समर्थन मूल्य पर तुअर के विक्रय करने के इच्छुक किसानों का पंजीयन करने जिले में पाँच केंद्र स्थापित किये गये हैं। इन पंजीयन केंद्रों में सहकारी विपणन संस्था जबलपुर सहकारी विपणन संस्था मझौली सहकारी विपणन संस्था शाहपुरा सहकारी विपणन संस्था सीहोर एवं वृहताकार सहकारी संस्था बैरागी शामिल है। किसान सभी जरूरी दस्तावेज ले जाकर इन केंद्रों में जाकर 15 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

# बैंक मैनेजर से सवा 6 लाख की ठगी

हरिभूमि जबलपुर।

**क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर खाते से उड़ाए सवा छै लाख रूपए**



गोरा बाजार थानान्तर्गत एक राष्ट्रीयकृत बैंक की सेवा निवृत्त महिला प्रबंधक को एक जालसाज ने वीडियों कॉलिंग कर क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर उसके खाते की डिटेल हासिल कर खाते से सवा छै लाख रूपए निकाल लिए। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस का मामला दर्ज विवेचना में लिया गया गोरा बाजार थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम के मुताबिक राजुल टाऊन शिप तिलहारी निवासी श्रीमति चैताली मित्रा पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड मैनेजर है।गत 25 अपैल की सुबह 11.25 बजे चैताली के मोबाईल पर एक कॉल आया काल करने वाले ने उनका एम्प्लाई आईडी बताते हुए कहा कि आप पीएनबी की रिटायर्ड बैंक मैनेजर है हम आपको पीएनबी का क्रेडिट कार्ड देना चाहते हैं। इसके बाद अंजान व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड के लाभ बताये। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने वीडियो कॉलिंग में बातचीत कर एक स्क्रीन बताया जिसमें उस व्यक्ति का चेहरा नहीं दिख रहा था वही नाम पता दिखायी दे रहा था इस दौरान उस व्यक्ति ने स्क्रीन का कारेक्षन करने वाला कि आप अपनी फोटो नीचे कर दीजिये इसके बाद बैंक मैनेजर चैताली मित्रों अपना नाम बता कैरेक्षन कर पिन कोड बोला उस व्यक्ति ने कहा कि पिन कोड गलत है जिसको सही करने पर वह बोला कि आपका क्रेडिट कार्ड वैरी फिकेशन कम्पलीट हो गया है आपका क्रेडिट कार्ड घर पर पहुंच जायेगा गत 26 अपैल को बैंक मैनेजर को शंका होने पर जब उन्होंने पीएनबी का एप स्टाल किया और अपना बैंक वैलेस चैक किया तो पता चला कि उनके खाते से दो बार में 6 लाख 24 हजार रूपए निकाल लिए।

# सड़क हादसे में चाचा-भतीजा घायल

**जबलपुर।** मझौली थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग 12 बजे नंदग्राम तिराहा के समीप एक तेज रफ्तार मोपेड को लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। घटना में दोनों के हाथ चेहरे व मुंह में गंभीर चोटें आयी हैं। मझौली पुलिस ने बताया कि बंडा सागर निवासी रवीन्द्र सिंह ठाकुर अपने चाचा सचिन सिंह ठाकुर के साथ उसकी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 15 एमवाय 4773 से रिश्तेदारी में ग्राम रिठौरी अलमोड़ा जा रहे थे जैसे ही वे नंदग्राम तिराहा स्थित टेंट हाऊस के सामने पहुंचे दोपहर लगभग 12.30 बजे मझौली तरफ से आ रही मोपेड टीवीएस एक्सल 100 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए चाचा-भतीजे को टक्कर मार दी। घटना में दोनों को शरीर में गंभीर चोटें आयी हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240